हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

राज्यसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी

2 नवंबर तक होंगे नामांकन पहले दिन नामांकन नहीं



भोपाल। मध्य प्रदेश से राज्यसभा की रिक्त एक सीट पर उपचुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई, लेकिन पहले दिन किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। यह सीट डॉ. एल. मुरुगन के 14 अक्टूबर को राज्यसभा सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई है। उनका कार्यकाल 3 अप्रैल 2030 तक था।





हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर बस-ट्रक की टक्कर

रायपुर। रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक से यात्री बस टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो घायलों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना में 16 यात्री घायल हुए हैं। मृतकों में बस चालक और हेल्पर भी शामिल हैं।

सीएम हाउस में हुई कोर ग्रुप की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर महामंथन

राज्यसभा के दावेदारों में कई दिग्गजों के नाम

भाजपा के कोर ग्रुप ने राज्यसभा के लिए भेजा 5 नामों का पैनल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

तीन दिन के अंदर भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति एक नाम पर मुहर लगा कर राज्यसभा के लिए आधिकारिक नाम की घोषणा कर सकती है

मुख्यमंत्री निवास में सोमवार को मध्य प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल व संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तिवारी के नेतृत्व में हुई इस बैठक में कई अहम सियासी व रणनीतिक प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के इस्तीफे से खाली हुई प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट पर होने वाला उपचुनाव रहा। इस सीट के लिए सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही कोर ग्रुप ने संभावित प्रत्याशियों पर विस्तृत मंथन किया। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने स्पष्ट किया कि 4 से 5 संभावित नामों का पैनल तैयार कर केंद्रीय चुनाव समिति को भेज दिया गया है।

बाहर का नेता भी जा सकता राज्यसभा पैनल में प्रदेश के नेता भी



- **बैठक में 3 बड़ी रैलियों और सरकारी समन्वय पर हुए अहम फैसले**
- **केंद्र सरकार के प्रत्येक मंत्रालय के साथ राज्य के एक-एक सांसद को लिंक किया जाएगा**

कांग्रेस के नैरेटिव का जवाब देने के लिए आक्रामक रुख

संगठनात्मक मोर्चे पर भाजपा ने कांग्रेस के नैरेटिव का जवाब देने के लिए आक्रामक रुख अपनाने का फैसला किया है। पार्टी प्रदेश में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत भोपाल, इंदौर और जबलपुर में तीन विशाल रैलियां आयोजित करेगी।

बैठक में एक अभिनव मॉडल पर सहमति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अनुचित बयानबाजी को लेकर बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रशासनिक और जनहितैषी समन्वय को मजबूत करने के लिए कोर ग्रुप ने एक अभिनव मॉडल पर सहमति जताई। इसके तहत केंद्र सरकार के प्रत्येक मंत्रालय के साथ राज्य के एक-एक सांसद को लिंक किया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री के निर्देशन में मंत्रियों की विशेष टीमें गठित होंगी, जो केंद्रीय योजनाओं की स्वीकृतियों और क्रियान्वयन में तेजी लाकर प्रदेश के विकास को गति देंगी। इसके अलावा यूनिफॉर्म सिविल कोड के संदर्भ में विचार-विमर्श के साथ सरकार और जन प्रतिनिधियों के कार्यों की पारदर्शिता पर भी जोर दिया गया। विधायकों और सांसदों की उपलब्धियों को सीधे सार्वजनिक पोर्टल पर अपलोड करने की योजना बनाई गई ताकि जनता तक रिपोर्ट कार्ड सीधे पहुंचे।

राज्यसभा के लिए ये हैं प्रमुख दावेदार

बाहरी में दक्षिण भारत का मजबूत चेहरा तमिलनाडु की वरिष्ठ नेत्री, पूर्व विधायक वनथी श्रीनिवासन का नाम सबसे आगे चल रहा है। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और मद्रास आईआईटी के निदेशक, प्रोफेसर वी कामकोटि भी दावेदारों में शामिल हैं। प्रदेश के दावेदारों में भाजपा अजा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक आशीष अग्रवाल, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद गोटिया, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ और पूर्व मंत्री व आदिवासी चेहरा रंजना बघेल के नाम शामिल बताए जाते हैं।

सरकार ने नियमों में किया संशोधन

अब 100% इथेनॉल से चलेंगी गाड़ियां

नई दिल्ली। देश में हरित ईंधन को बढ़ावा देने और परिवहन से होने वाले प्रदूषण को कम करने की दिशा में केंद्र सरकार ने अहम कदम उठाया है। सरकार ने सोमवार को केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन की अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही अब 100 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित ईंधन यानी ई-100 पर चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के निर्माण और संचालन के लिए नियामकीय रास्ता साफ हो गया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब कई प्रमुख वाहन निर्माता कंपनियां भारतीय बाजार में ई-100 मॉडल पेश करने की तैयारी कर रही हैं। हालांकि, इन ईंधनों का इस्तेमाल केवल उन्हीं वाहनों में किया जा सकेगा, जिन्हें अधिक मात्रा में इथेनॉल वाले ईंधन पर चलने के लिए विशेष रूप से डिजाइन और प्रमाणित किया गया है। सरकार के इस फैसले का मतलब यह नहीं है कि सामान्य पेट्रोल या ई-20 ईंधन पर चलने वाली मौजूदा कारों में बदलाव करना होगा।



मौजूदा पेट्रोल कारों में बदलाव नहीं


- जमीन से जुड़ी रोक हटाने पर सवाल
- 7 दिन में राशि जमा करने के निर्देश

महू एसडीएम पर हाईकोर्ट ने लगाया 50 हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने महू के एसडीएम राकेश परमार को कड़ी फटकार लगाते हुए 50 हजार रुपए की कॉस्ट लगाई है। जमीन विवाद से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान एसडीएम के आदेश पर सवाल उठाए गए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जुर्माने की राशि 7 दिन के भीतर मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा कराई जाए। इसकी रसीद हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में पेश करनी होगी। तय समय में राशि जमा नहीं करने पर कोर्ट अगली सुनवाई में आगे की कार्रवाई पर विचार करेगा। यह मामला इंदौर जिले के महू क्षेत्र के बारडिया गांव की एक हेक्टेयर जमीन से जुड़ा है। याचिकाकर्ता लीलाबाई, विद्या, राधा और महेश सहित अन्य लोगों के मुताबिक, जमीन सर्वे नंबर 3/4 पर दर्ज है। तहसीलदार ने 23 अप्रैल को जमीन से कब्जा हटाकर उसका कब्जा डाट कंस्ट्रक्शन के संदीप सिंह सरजू को सौंपने का आदेश दिया था।




मादा चीता निर्वा का शावक मुरैना के जंगल में घायल मिला

श्योपुर। साउथ अफ्रीका से लाई गई माता चीता निर्वा का 19 माह का नर शावक मुरैना जिले के नूराबाद के जंगल में घायल अवस्था में मिलने से सनसनी ने फैल गई। जानकारी मिलने के बाद कूनो प्रशासन ने रेडियो कॉलर सिग्नल कम मिलने के कारण पहले रेस्क्यू कर शावक को खोजा और बाद में ट्रेंकुलाइज कर कूनो वापस लाने का काम किया गया। जानकारी के अनुसार मुरैना जिले के पहाड़गढ़ नूराबाद जंगल क्षेत्र में निर्वा का 19 माह का नर शावक घायल अवस्था में मिला। भारत में जन्मा यह नर शावक किन कारणों से घायल हुआ इसकी सटीक जानकारी फिलहाल नहीं मिल सकी है शावक के शरीर पर तेंदुआ के हमले के निशान मिले बताए जा रहे हैं। घायल शावक को इलाज और गहन निगरानी के लिए कूनो नेशनल पार्क के पालपुर स्थित हॉस्पिटल क्वारंटाइन बोमा में रखा गया है। आशंका तेंदुए से संघर्ष या शिकार के दौरान चोट की है। चीता प्रोजेक्ट के फील्ड निदेशक ने बताया कि चोटों का इलाज चल रहा है। चोटों का कारण पता लगाया जा रहा है। चीते की हालात के बारे में सभी संभावित एंगल से जांच की जा रही है।



■ टीम रेस्क्यू कर कूनो में वापस लाई



जबलपुर
मंगलवार 27 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-1/2
वर्ष : 21, अंक : 173
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 27
न्यून. 18

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

8 अरुणाचल में फिर आमने-सामने



मैट्रो
14 कैनाइन डिस्टेंपर से बाघों ....



मुख्यमंत्री डॉ. यादव भूमि-पूजन करते हुए

नलखेड़ा आने वाले श्रद्धालुओं को अब मिलेंगी विश्व स्तरीय सुविधाएं, मुख्यमंत्री ने रखी नींव

आस्था, अध्यात्म, श्रद्धा और धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बनेगा मां बगलामुखी देवी लोक

- मुख्यमंत्री ने पहले चरण में होने वाले 85.40 करोड़ रूपए लागत के कार्यों का किया भूमि-पूजन
- लगभग 20 हेक्टेयर भूमि पर बनेगा भव्य देवी लोक, लखुंदर नदी के तटों पर सुंदर और भव्य घाट बनाए जाएंगे
- आमला से नलखेड़ा तक 14 किमी मार्ग को 55 करोड़ रूपए से बना रहे फोरलेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आने वाले समय में नलखेड़ा में बन रहा मां बगलामुखी देवी लोक आस्था, अध्यात्म, श्रद्धा, अनुभव और धार्मिक पर्यटन का एक बड़ा केंद्रबनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया से नलखेड़ा आने वाले श्रद्धालुओं को अब यहां विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर नलखेड़ा में 85.40 करोड़ रुपए लागत के मां बगलामुखी देवी लोक का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को आगर-मालवा जिले की सुसनेर विधानसभा क्षेत्र के नलखेड़ा में विश्वप्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पहुंचें थे।



मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से दर्शन-पूजन करते सीएम

लगभग 14 किमी लंबा एक नया बायपास भी बनेगा

डॉ. यादव ने बताया कि आमला से नलखेड़ा तक 55 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से लगभग 14 किमी लंबा एक नया बायपास भी बनाया जा रहा है। लखुंदर नदी पर श्रद्धालुओं के सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए 13.77 करोड़ की लागत से एक नया और पुल बनाया जा रहा है।

मां बगलामुखी देवी लोक के पहले चरण में होने वाले काम

बगलामुखी देवीलोक के पहले चरण में लगभग 85.40 करोड़ रुपए की लागत से भव्य निर्माण, मंदिर के मुख्य शिखर की ऊंचाई 108 फीट होगी। मुख्य मंदिर का निर्माण 2,800 वर्गमीटर क्षेत्र में किया जाएगा, जिसमें मंदिर के गर्भगृह एवं ऊपरी संरचना का निर्माण तथा पत्थर की क्लैडिंग का कार्य सम्मिलित है। धार्मिक अनुष्ठानों एवं वैदिक यज्ञों के लिए 220 यज्ञ शालाओं का विकास, 625 वर्गमीटर क्षेत्र में गोशाला का निर्माण किया जाएगा।

खबर संक्षेप

महू के जंगल में बम फटने से ग्रामीण घायल

महू। बेरछा रेंज के जंगल में बम फटने से लकड़ी बीनने गए हजारीलाल गिरवाल (55), निवासी कैलोद कुटी, गंभीर घायल हो गए। सोमवार सुबह जंगल गए हजारीलाल ने दोपहर करीब एक बजे बेटे आकाश को फोन कर घायल होने की सूचना दी। परिजन उन्हें मध्यभारत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, परिजनों के बयान लेकर जांच की जा रही है।



चंदाना में ग्रामीणों की मौतों के मामले में 10 गिरफ्तार

देवास। जिले के चंदाना गांव में 20 दिनों के भीतर 13 लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतकों के परिजनों ने शराब पीने से मौत होने का आरोप लगाया है। जांच के लिए संभागायुक्त आशीष सिंह ने पांच सदस्यीय दल गठित किया है। जांच में विनोद जायसवाल द्वारा अवैध शराब बेचने की जानकारी मिली। उसे अजय राठौर और रामेश्वर के साथ अवैध शराब सहित पकड़ा गया।



बाइक को ट्रॉले ने मारी टक्कर, मां-बेटे की मौत

रतलाम। नामली में महू-नीमच फोरलेन पर सोमवार को तेज रफ्तार ट्राले की टक्कर से बाइक सवार सुगनबाई (26) और उनके एक माह के बेटे हर्षित की मौत हो गई। हादसे में पति अनिल गुंदरावत और दो वर्षीय बेटी अर्चना घायल हो गए। परिवार बच्चे का टीकाकरण कराने और जन्म प्रमाणपत्र बनवाने नामली जा रहा था। मंडी गेट के पास स्पीड ब्रेकर पर बाइक धीमी होने के दौरान पीछे से आए ट्राले ने टक्कर मार दी।



खरगे के पीएम मोदी के पिता पर अमर्यादित बयान से भोपाल में बवाल

भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने पुलिस ने बैरिकेड व वाटर कैनन से रोका

- धक्का-मुक्की में किसान कांग्रेस के नीमच जिला अध्यक्ष बालकिशन धाकड़ के सिर में चोट लगी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में सोमवार को भोपाल में भाजपा ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय का घेराव करने निकले भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने शिवाजी नगर चौराहे पर बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ने पर पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

धक्का-मुक्की में किसान कांग्रेस के नीमच जिला अध्यक्ष बालकिशन धाकड़ के सिर में चोट लगी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भाजपा नेता और कार्यकर्ता रेडक्रॉस अस्पताल के सामने एकत्रित हुए।

भाजपा नेता और कार्यकर्ता रेडक्रॉस अस्पताल के सामने एकत्रित हुए थे



वाटर कैनन के प्रयोग के दौरान अफरा-तफरी

- दोनों दलों के कार्यकर्ता बैरिकेड के दोनों ओर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे
- कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथों में फूल और लाठियां भी थीं

बैरिकेड पर चढ़े विधायक, पुलिस ने छोड़ी पानी की बौछार

शिवाजी नगर चौराहे पर पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोका तो विधायक रामेश्वर शर्मा और भगवानदास सबनानी बैरिकेड पर चढ़ गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी बैरिकेड के पास पहुंचकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। इसी बीच कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। दोनों दलों के कार्यकर्ता बैरिकेड के दोनों ओर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथों में फूल और लाठियां भी थीं।

रामेश्वर शर्मा बोले- कांग्रेस गुंडों का गिरोह !



भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने खरगे की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि खरगे को अपने पद और संसदीय परंपराओं का ध्यान रखते हुए भाषा की मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि पूरी कांग्रेस गुंडों का गिरोह बन गई है।

कैसे शुरू हुआ विवाद?

बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती पर राजधानी पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह पूरा विवाद शुरू हुआ। कार्यक्रम में खरगे के भाषण के बीच एक व्यक्ति ने कथित तौर पर कहा कि पीएम मोदी कहीं नहीं जाने वाले हैं। इसी बात का जवाब देते हुए खरगे ने कहा, 'मोदी के बाप भी चले जाएंगे।' कांग्रेस नेता के इस बयान को भाजपा ने पीएम के दिवंगत पिता के प्रति अपमानजनक बताया और इसे लेकर विरोध शुरू कर दिया।



कार में लगी आग — क्रेन की मदद से कार को निकालते हुए

धार में पुलिया से 25 फीट नीचे गिरी कार

आग में जिंदा जले चार दोस्त, सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे थे 5 युवक

- एक गंभीर घायल हादसे से क्षेत्र में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

बदनावर क्षेत्र में लेबड़-नयागांव फोरलेन पर रविवार रात भीषण सड़क हादसे में कार सवार 4 युवकों की जिंदा जलने से मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सादलपुर और खेरोद के बीच रात करीब 11:30 बजे एक ढाबे के पास हुआ। पांचों दोस्त सागौर से सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी डिजायर कार पुलिया पर बने डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का इंजन उखड़कर बाहर जा गिरा और कार पुलिया से करीब 25 फीट नीचे जा गिरी।



पांचों दोस्तों का ग्रुप फोटो

पुलिस ने फायर ब्रिगेड बुलाकर बुझाई आग

हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार बुरी तरह जल चुकी थी। कार को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। पुलिस ने चारों मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए धार जिला चिकित्सालय भेजे।

स्लैब की कास्टिंग के दौरान हादसा

40 करोड़ के सीएम राइज स्कूल की छत ही गिर गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



■ निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

कंपू थाना क्षेत्र में शासकीय पद्माराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में बन रहे सीएम राइज (सांदीपनि) स्कूल की निर्माणाधीन इमारत की छत सोमवार को अचानक गिर गई। करीब 40 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना में हुए हादसे में 4 मजदूर घायल हो गए। सभी को अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। हादसे में इमारत के कुछ पिलर भी क्षतिग्रस्त हो गए।

ट्विशा शर्मा आत्महत्या मामला

गिरिबाला की जमानत पर फैसला 'सुरक्षित'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ पांच माह से हिरासत में हैं आरोपी

मॉडल ट्विशा शर्मा आत्महत्या मामले में आरोपी पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर सोमवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में मैराथन सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति अजय कुमार निरंकारी की एकलपीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सीबीआई और राज्य सरकार ने जांच में असहयोग तथा साक्ष्य मिटाने की कोशिश का आरोप लगाते हुए जमानत का विरोध किया।

व्यापारी बोले- करोड़ों का नुकसान होगा

राहुल बोले- सीईसी हटाते ही रुक जाएगा प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ 10 नवंबर के बाद रैली की अपील

दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को होने वाली विपक्ष की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली को लेकर कारोबारी चिंतित हैं। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने इंडिया गठबंधन से त्योहारों के बाद 10 नवंबर के बाद रैली आयोजित करने की अपील की है। व्यापारियों का कहना है कि यातायात में बदलाव, सड़कें बंद होने और आवाजाही पर पाबंदियों से बाजारों में बिक्री प्रभावित हो सकती है।

भोपाल में एक करोड़ हरिद्रा कुमकुम अर्चन अनुष्ठान शुरू



20 हजार कलशों पर जगमगाए दीप

भोपाल। शरद पूर्णिमा के अवसर पर लाल परेड ग्राउंड में श्री राजराजेश्वरी कोटि हरिद्रा कुमकुम अर्चन (एक करोड़ अर्चन) अनुष्ठान शुरू हो गया है। सद्गुरु देव रावतपुरा सरकार के सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। आयोजन स्थल पर 20 हजार कलशों के ऊपर इतने ही दीपक सजाए गए हैं।

सबसे ज्यादा प्रकरण कर्नाटक के 11 पाए गए

सोनभद्र में ट्रस्ट, रीवा के एक कमरे में अड्डा

नौ महीने में आठ राज्यों में 11 करोड़ रु. की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

सत्य सनातन ट्रस्ट की आड़ में नौ महीने में आठ राज्यों में 11 करोड़ की ठगी की गई। इनमें कर्नाटक में की सबसे ज्यादा वारदात हुई। यह खेल मप्र की एक संस्था का साझीदार बनाकर किया जा रहा था।

2.37 करोड़ सत्य सनातन के खाते में, शेष रकम दूसरे खातों में भिजवाई गई। इस दरम्यान साइबर पोर्टल पर जो 35 मामले दर्ज हुए उसमें सबसे ज्यादा प्रकरण कर्नाटक के 11 पाए गए। सोनभद्र के पते पर खोली गई संस्था के जरिए की जा रही ठगी का पता न चलने पाए इसके लिए रीवा में एक कमरे से ठगी का कारोबार शुरू किया गया और वहीं से बैठकर ओटीपी के जरिए साइबर ठगी का धंधा चलाया जाता रहा।

दो साल से ठगी का खेल

पुलिस गिरफ्त में आए तीनों आरोपियों ने ठगी का यह खेल दो साल पहले शुरू किया था। पटना के किसी फाउंडेशन से जुड़कर ठगी का गुर सीखा। सोनभद्र एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि जांच में धार्मिक नाम पर ट्रस्ट बनाकर यूपी, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, मप्र, यूपी, पश्चिम बंगाल और राजस्थान के लोगों से ठगी किए जाने की जानकारी मिली है।

भारत का संदेश, विश्व शांति और लोकतंत्र सर्वोपरि: तोमर

ब्रिक्स देशों की कांफ्रेंस में मप्र विधानसभा अध्यक्ष तोमर की सहभागिता

आतंकवाद से मुकाबले और नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर मंथन, बोले-लोकतंत्र सीखना है तो भारत से सीखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स देशों के 12वें संसदीय मंच के सम्मेलन में सहभागिता करते हुए विश्व शांति, लोकतंत्र और सबके कल्याण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है।यदि किसी देश को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली और उसकी मूल भावना को समझना है, तो वह भारत से सीख सकता है। भारत की सोच केवल अपने विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि वह पूरी दुनिया की प्रगति, कल्याण और शांति में विश्वास करता है।



मप्र विस अध्यक्ष तोमर, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला सहित अन्य

जन-केंद्रित विकास में संसदों की अहम भूमिका

सम्मेलन का मुख्य विषय 'जन-केंद्रित विकास के लिए संसदों को सशक्त बनाना' है। इसके तहत आतंकवाद का मुकाबला करने, संसदीय कूटनीति को प्रभावी बनाने, डिजिटल परिवर्तन, नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

वैश्विक मंच के रूप में उभर रहा ब्रिक्स

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ब्रिक्स संगठन वैश्विक परिदृश्य में एक प्रमुख मंच के रूप में उभर रहा है। इस मंच को मजबूत बनाने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे समय में भारत में संसदीय मंच का सम्मेलन आयोजित होना विशेष महत्व रखता है। विभिन्न देशों के बीच संवाद और सहयोग बढ़ने से वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने तथा विकास के नए रास्ते तलाशने में मदद मिल सकती है।

Hero



HF Deluxe

बाइक दमदार दाम शानदार

एक्स-शोरूम कीमत
₹59 999/-* (सेल्फ़-स्टार्ट)

*नियम व शर्तें लागू

कम डाउन पेमेंट | ₹5999/-*

Hero GoodLife सोने का सिक्का जीतने का मौका*

pine labs कैशबैक ₹5000/- तक*

TOLL FREE 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Madhya Pradesh.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344),डीलर एक्सटेंशन: सुदर्शन हीरो (आनंद नगर बस स्टॉप), 9289922353; बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वेढ़न: बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नेनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, टांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: ऋसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिक्षु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, अम्दारा: शशि मोटर्स, 8839967734, सलेहा: ए एस ऑटोमोबाइल्स, 9425123895, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल्स, 9617241128, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, चाकघाट: श्री साई मोटर्स, 9575845089, पथ: श्री सिद्धि मोटर्स, 7607799201, सिंगरौली: यश मोटर्स, 9981718853, पोंडी बागदारी: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, बागदरा: साई श्रद्धा एसोसिएट्स, 9893870516, बरका: असद ऑटोमोबाइल्स, 8821819132, रामपुर नैकिन: लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 7224852277, मडवास: ओम मोटर्स, 9009066959, तनसर: निखिल मोटर्स, 7223949618, अमिलिया: लवकुश मोटर्स, 9144594444, छपरा: गायत्री एजेंसी, 7000633996, कटंगी: राणा ऑटोमोबाइल्स, 9407033578, साईखेड़ा: केशवानंद मोटर्स, 8989828648, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

चक्रवात अर्नब ने लिया विकराल रूप

4 राज्यों में चेतावनी, 6 लाख लोगों को हटाया जा रहा, ओडिशा में स्कूल बंद

आंध्र प्रदेश के तटीय जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मछुआरों को 29 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी में अलर्ट है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चक्रवात अर्नब बंगाल की खाड़ी से आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह मंगलवारक को तूफान का रूप ले सकता है। इसके 28 अक्टूबर की सुबह आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान 140 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। आंध्र प्रदेश में करीब 6 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। तटीय जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मछुआरों को 29 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी में अलर्ट है। तूफान का असर तेलंगाना, दक्षिणी ओडिशा, दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूर्वी यूपी प्रदेश व बिहार के जिलों में पड़ने की संभावना है।

खास बातें
- तमिलनाडु में पिछले 3 दिनों से लगातार बारिश हो रही
- सेना, नौसेना, वायु सेना और आईसीजी पूरी तरह तैयार


आंध्र प्रदेश के तटीय जिले में बारिश

ओडिशा में 60 रेस्क्यू टीमें तैनात
ओडिशा में 60 रेस्क्यू टीमें तैनात की गईं हैं। 6 जिलों में 28 और 29 अक्टूबर को स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। इस तूफान के असर से मप्र, यूपी समेत 10 राज्यों में बारिश की भी संभावना है। वहीं, तमिलनाडु में पिछले 3 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। अरनी के भास्कर नगर में पानी भर गया है। लोग अपने घरों में फंस गए हैं। कोडाइकनाल में पर्यटकों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है।

कैबिनेट सचिव ने तैयारियों की समीक्षा बैठक की

कैबिनेट सचिव डॉ. टीवी सोमनाथन ने चक्रवात की तैयारियों की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की एक बैठक की अध्यक्षता की है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्य सचिवों/ वरिष्ठ अधिकारियों ने तैयारियों की जानकारी दी।

एनडीआरएफ की टीमें तैनात
राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने बताया कि उन्होंने अपनी टीमें तैनात कर दी हैं। कुछ अतिरिक्त टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है। सेना, नौसेना, वायु सेना और भारतीय तटरक्षक बल की बचाव और राहत टीमों को उनके जहाजों और विमानों के साथ तैयार रखा गया है। भारतीय तटरक्षक बल ने अब तक कई जहाजों/ नावों को सुरक्षित तटों/ जेटी तक पहुंचा दिया है, और बाकी जहाजों को भी तट पर वापस लौटने के लिए सतर्क किया है।

1.5 मीटर ऊंची तूफानी लहरें
तूफान के प्रभाव से तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में कुछ स्थानों पर गरज-चमक की आशंका है। 27 और 28 अक्टूबर को तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में भारी से बहुत भारी बारिश और कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इन क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में 29 अक्टूबर को भी भारी बारिश हो सकती है। अर्नब के लैंडफॉल के समय समुद्र में 1.0 से 1.5 मीटर ऊंची तूफानी लहरें उठेंगी, जिससे काकीनाडा और यानम के निचले इलाके जलमग्न हो सकते हैं।

कई राज्यों पर अगले दो दिन भारी
तूफान को लेकर मंगलवार को आंध्र प्रदेश में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। ओडिशा में ऑरेंज अलर्ट है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरलम, कर्नाटक और रायलसीमा में बारिश का यलो अलर्ट है। बुधवार को आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और ओडिशा में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। झारखंड में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

खबर संक्षेप

हुबली में दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म
हुबली। दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म भारत के कर्नाटक राज्य के हुबली शहर में स्थित श्री सिद्धारूढ़ स्वामीजी हुबली स्टेशन पर है। इसकी लंबाई 1,507 मीटर है। यानी यह प्लेटफॉर्म 1.5 किमी से भी लंबा है। 12 मार्च 2023 को पीएम नरेंद्र मोदी ने इस प्लेटफॉर्म को राष्ट्र को समर्पित किया था।



बादामपहाड़-पुरी ट्रेन का उद्घाटन करेंगी राष्ट्रपति
जमशेदपुर। बदामपहाड़ से नई प्रस्तावित ट्रेन पुरी-बदामपहाड एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन 4 नवंबर को होगा। रायरंगपुर के कचहरी बाबा मैदान में आयोजित कार्यक्रम से ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ऑनलाइन उद्घाटन करेंगी। इसके संचालन से रायरंगपुर और बादामपहाड़ क्षेत्र के लोगों को पुरी तक सीधी यात्रा सुविधा मिलेगी।



भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मंत्री अंबिल महेश अरेस्ट
चेन्नई। तमिलनाडु के पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) के वरिष्ठ नेता महेश अंबिल महेश पोय्यामोझी को चेन्नई पुलिस की सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी प्राइवेट स्कूलों को लाइसेंस और अन्य मंजूरियों देने के से जुड़े 100 करोड़ रुपए के कथित भ्रष्टाचार मामले में की गई है।



कोर्ट से केरल के पूर्व सीएम को बड़ी राहत
कोच्चि। केरल हाईकोर्ट ने सोमवार को एकल न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें केरल के पूर्व सीएम पिनरई विजयन और उनके परिजनों के खिलाफ कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने का निर्देश दिया गया था।



खरगे के बयान पर भड़की भाजपा, इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों ने संयम बरतने की दी सलाह

देशव्यापी प्रदर्शन में बिना शर्त माफी की मांग, हार की हताशा में मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रहे

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस, उसके नेता और गठबंधन के सहयोगी इतने हताश हो चुके हैं कि उन्होंने सभ्य व्यवहार और शालीनता की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। चुनावों में लगातार हार से कांग्रेसियों के चेहरे में हताशा दिखती है


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार की राजधानी पटना में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर एक विवादित टिप्पणी कर दी। इस बयान को भारतीय जनता पार्टी ने पीएम नरेंद्र मोदी के परिवार पर व्यक्तिगत हमला बताते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा नेता कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ हमलावर है और उनसे बिन शर्त माफी की मांग कर रही है।

वहीं, भाजपा ने सोमवार को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस, उसके नेता और गठबंधन के सहयोगी इतने हताश हो चुके हैं कि उन्होंने सभ्य व्यवहार और शालीनता की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। चुनावों में लगातार हार और जनता द्वारा नकारे जाने की हताशा कांग्रेस नेताओं के चेहरे और उनकी भाषा में साफ दिखाई देती है। वे गाली-गलौज करने लग जाते हैं।

अपशब्दों से कम नहीं होगी पीएम की लोकप्रियता
जनता समय आने पर कांग्रेस को उचित जवाब देगी


पटना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खरगे का पुतला जलाया

यह राजनीति की गरिमा का अपमान

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह केवल किसी व्यक्ति या परिवार का अपमान नहीं, बल्कि भारत का अपमान है। यह राजनीति की गरिमा पर भी हमला है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को विरोध दर्ज कराने, नीतियों पर सवाल उठाने और सरकार की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन व्यक्तिगत मर्यादा की सीमाओं को पार नहीं करना चाहिए। कांग्रेस ने वैचारिक पतन का भी अनुभव किया है।

भाषा की मर्यादा बनाए रखना जरूरी: पासवान

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बिहार सभ्यता की जननी है, ऐसे में बिहार की धरती से खरगे द्वारा देश के लोकप्रिय पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा और पद की गरिमा का सम्मान बनाए रखना जरूरी है। राजनीतिक विरोध तथ्यों और तर्कों पर आधारित होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत टिप्पणियों पर।

इस तरह के आचरण की उम्मीद नहीं: झा

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने कहा कि खरगे एक अनुभवी नेता हैं और उनसे इस तरह के आचरण की उम्मीद नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि वह कई बार यह मांग उठा चुके हैं कि संसद का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाकर इस बात पर चर्चा होनी चाहिए।

बात बढ़ाने की जरूरत नहीं: शशि थरूर
कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने खरगे का बचाव करते हुए कहा है कि उन्होंने आम बोलचाल में इस्तेमाल होने वाला एक वाक्य कहा था। थरूर के मुताबिक, इस बयान को किसी के पिता का अपमान मानने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले को बेवजह बड़ा मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए।



पीएम का अपमान करना उचित नहीं: रामदास आठवले

केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि इतने बड़े राजनीतिक दल के अध्यक्ष का पीएम का अपमान करना उचित नहीं है। ऐसा लगता है कि खरगे को इस तरह की टिप्पणियां करने की आदत हो गई है, जो बिल्कुल सही नहीं है।

परिवार को राजनीति में घसीटना गलत: प्रियंका चतुर्वेदी

इंडिया ब्लॉक गठबंधन में शामिल शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि राजनीति में इस्तेमाल होने वाली भाषा का लगातार गिरता स्तर दुर्भाग्यपूर्ण है। राजनीति से कोई संबंध नहीं रखने वाली माताओं, पिताओं, बहनों, को राजनीतिक विवादों में घसीटना पूरी तरह गलत है।

टीएमसी के दोनों गुटों में बढ़ा विवाद

ऋतब्रत का आरोप, ममता के लोगों ने हलफनामे छीनने की कोशिश की

हलफनामा ले जा रहे ट्रक को लूटने की कोशिश


ममता बेनर्जी, ऋतब्रत बेनर्जी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के मूल नाम और चुनाव चिह्न को लेकर दोनों गुटों के बीच विवाद तेज हो गया है। विधानसभा में विपक्ष के नेता और ऋतब्रत बेनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने ममता बेनर्जी के नेतृत्व वाले गुट पर चुनाव आयोग में जमा किए जाने वाले महत्वपूर्ण हलफनामे छीनने की कोशिश का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि इन शपथ-पत्रों का उद्देश्य पार्टी के मूल नाम 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और चुनाव चिह्न 'फूल और घास' पर अपना अधिकार साबित करना है। उन्होंने दावा किया कि कोलकाता से नई दिल्ली जा रहे एक ट्रक को लूटने की कोशिश की गई।

कार्यकर्ताओं ने कोशिश नाकाम की
ऋतब्रत बेनर्जी ने कहा कि हमारे हलफनामे सड़क मार्ग से दिल्ली ले जाए जा रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता 24 तारीख की सुबह इन दस्तावेजों को लेकर चुनाव आयोग में जमा करने के लिए निकले थे। आधे घंटे पहले ट्रक पर कब्जा करने और हमारे दस्तावेजों को छीनने की कोशिश की गई। हमारे कार्यकर्ताओं ने बहादुरी से इसका सामना किया। लड़ाई जारी है। यह 'चार्टर्ड कल्चर' और 'ग्रास रूट' के संकल्प के बीच की लड़ाई है। तानाशाह हर क्षेत्र में संगठित लूट की अपनी कोशिशों में सफल नहीं होंगे। बता दें, इस साल की शुरुआत में ईसीआई ने मूल पार्टी नाम 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और इसके मूल चुनाव चिह्न 'घास और फूल' को अस्थायी रूप से फ्रीज कर दिया था। ममता बेनर्जी के गुट को नया नाम 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और चुनाव चिह्न 'फुटबॉल खिलाड़ी' दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ाई समयसीमा
सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ऋतब्रत बेनर्जी गुट को तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिह्न से जुड़े विवाद में चुनाव आयोग (ईसीआई) के सामने अपना जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का अतिरिक्त समय दे दिया। साथ ही, ममता बेनर्जी गुट को भी प्रतिद्वंद्वी गुट के हलफनामे पर जवाब देने के लिए 10 दिन और दिए गए हैं। यह मामला पार्टी पर नियंत्रण को लेकर चल रहे विवाद से जुड़ा है, जिसमें दोनों गुट तृणमूल कांग्रेस पर अपना दावा कर रहे हैं। इससे पहले 28 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को चार सप्ताह के भीतर सभी दस्तावेज और जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसके बाद चुनाव आयोग को तीन महीने के भीतर मामले पर फैसला करना था। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने ये निर्देश दिए हैं।

जज ने 16 मिनट में फैसला सुनाया

शाह मानहानि केस में 8 साल बाद राहुल गांधी किए गए बरी

एजेंसी ▶▶ सुल्तानपुर

अगस्त 2018 में यूपी के सुल्तानपुर में दर्ज हुए केस का फैसला 26 अक्टूबर 2026 को आया है। कोर्ट ने राहुल को बरी कर दिया है और उनके बयान को अपमानजनक नहीं माना है। बिना ठोस आधार के मुकदमा नहीं करना चाहिए। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने भाजपा नेता को फटकार भी लगाई और कहा कि झूठी वाहवाही पाने के लिए इस तरह के मुकदमे दायर नहीं करने चाहिए। ऐसे मामलों से अदालत का कीमती समय बर्बाद होता है। मामले दायर करने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। बता दें, 8 मई 2018 को राहुल गांधी ने बेंगलुरु में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान अमित शाह का नाम लिए बिना कहा कि भाजपा ईमानदार राजनीति की बात करती है।


राहुल गांधी सुल्तानपुर पहुंचे थे

1 नवंबर से दिल्ली में लागू होंगे नए नियम

बाहरी नॉन बीएस-6 वाहनों की एंट्री बैन, बिना पीयूसी फ्यूल नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्दी की शुरुआत से पहले ही दिल्ली के कई इलाकों में गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है। प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए दिल्ली में 1 नवंबर से 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम लागू हो जाएगा। बिना वैध पीयूसी सर्टिफिकेट वाले वाहनों को पेट्रोल पंप, डीजल, सीएजी या एलपीजी स्टेशनों पर ईंधन नहीं मिलेगा। वैसे यह नियम पूरे साल चलेगा लेकिन, सर्दियों में सख्ती से इसका पालन कराया जाएगा। दिल्ली में 1 नवंबर से 31 जनवरी 2027 तक राजधानी के बाहर रजिस्टर्ड नॉन-BS-6 वाहनों (खासकर कमर्शियल) का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। हालांकि, बीएस-6,सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को कुछ छूट मिल सकती है। पार्किंग शुल्क को दोगुना किया जाएगा।


इंडिया गेट के पास धुंध

उपराष्ट्रपति की चिकित्सा अनुसंधान में निवेश की अपील

तकनीक मानवता की सेवा करे, स्वास्थ्य सेवा के मूल में करुणा और दया जरूरी

एजेंसी ▶▶ विजयवाड़ा

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार में अधिक निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी गंभीर चुनौतियों का समाधान करने और चिकित्सा क्षेत्र में सुधार लाने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का प्रभावी उपयोग जरूरी है। विजयवाड़ा में डॉ. एनटीआर यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के रूबी जुबली समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।



नवाचार अहम
उन्होंने कहा कि चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार में निवेश बढ़ाकर स्वास्थ्य क्षेत्र की गंभीर चुनौतियों से निपटने की क्षमता विकसित की जा सकती है। मानवीय संवेदनाओं और करुणा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

नशे के खिलाफ लड़ाई में नेतृत्व करें डॉक्टर
राधाकृष्णन ने डॉक्टरों से नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। चिकित्सक समाज को जागरूक करें।

एसआईआर विवाद: महाराष्ट्र में 33% मतदाताओं के नाम कटने का दावा

सुप्रीम कोर्ट का समय सीमा बढ़ाने से इंकार, चुनाव आयोग से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत दस्तावेज जमा करने और दावे-आपत्तियां दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने से फिलहाल इनकार कर दिया है। हालांकि, कोर्ट ने राज्य में एसआईआर के दौरान 33 फीसदी मतदाताओं के नाम हटाए जाने के आरोप वाली याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने याचिकाकर्ता अरुण अनंदगिरि की याचिका पर सुनवाई की।

मतदाताओं से फॉर्म 6 भरवाना सही नहीं

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने ने पीठ को बताया कि मुंबई और पुणे में करीब 3,500 पुनर्विकास परियोजनाएं चल रही हैं। इनके तहत पुरानी आवासीय कॉलोनियों को तोड़ा जा रहा है, जिसके कारण हजारों लोगों को दूसरी जगह जाना पड़ रहा है। पता और अन्य जानकारियां उपलब्ध नहीं होने के कारण इन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने का खतरा है। ऐसे मतदाताओं से फॉर्म 6 भरवाना सही नहीं है।

चिंता न करें, हमें लगेगा तो बढ़ा देंगे समयसीमा
मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि आप एक व्हिसलब्लोअर हैं और हमारे पास आए हैं। चिंता मत कीजिए। हम तारीख बढ़ा सकते हैं। अगर हमें लगता है कि कुछ लोग अभी भी अपने दस्तावेज जमा नहीं कर पाए हैं, तो हम ऐसा करेंगे। एसआईआर से जुड़े पिछले मामलों में भी हमने समयसीमा बढ़ाई है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर पांच नवंबर को सुनवाई करेगा।

12वें ब्रिक्स संसदीय फोरम में बोले लोकसभा अध्यक्ष बिरला

सदस्य देश संवाद और कूटनीति से तनाव सुलझाने में करें मदद


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में संसद भवन परिसर स्थित 'संविधान सदन' के सेंट्रल हॉल में 12वें ब्रिक्स संसदीय फोरम की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अध्यक्षता की और ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरा विश्व तनाव से गुजर रहा है। ऐसे में ब्रिक्स सदस्य देशों को संवाद और कूटनीति से तनाव सुलझाने में मदद करनी चाहिये।

ब्रिक्स में वैश्विक घटनाक्रमों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रभावित करने की क्षमता


पीएम मोदी ने संसद भवन परिसर स्थित 'संविधान सदन' में ब्रिक्स संसदीय फोरम में भाग लिया।

लोकतांत्रिक मूल्यों में हमारा साझा विश्वास
बिरला ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में ब्रिक्स सदस्य देशों के सांसदो की उपस्थिति और एक साझा प्रतिबद्धता का होना, अपने आप में एक विशेष अनुभव है। यह संवाद आपसी सम्मान के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता दर्शाता है।

ब्रिक्स दुनिया की आधी आबादी में
ओम बिरला ने कहा कि ब्रिक्स का तेजी से विस्तार कर रहा है और साथ ही वैश्विक घटनाक्रमों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रभावित करने की इसकी क्षमता भी बढ़ रही है। ब्रिक्स देश दुनिया की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

वैश्विक जिम्मेदारी समझे
उन्होंने कहा कि राष्ट्रों के बीच आपसी समझ और विश्वास को बढ़ावा देने, अंतरराष्ट्रीय तनाव को कम करने और शांतिपूर्ण तरीकों से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में संसदें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। संसदें आपसी समझ और विश्वास को मजबूत करने में भूमिका निभा सकती हैं।

सामान्य महिला से अधिक अंक के बावजूद चयन से थी वंचित, आयुर्वेद कम्पाउंडर भर्ती का मामला

ओबीसी महिला को सामान्य वर्ग में नियुक्ति का हक : हाईकोर्ट

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने आयुर्वेद कम्पाउंडर भर्ती मामले में रीवा निवासी ओबीसी महिला अभ्यर्थी संगीता पटेल को राहत देते हुए उसकी पात्रता की पुष्टि कर नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने स्पष्ट किया कि सामान्य महिला वर्ग की अंतिम चयनित अभ्यर्थी से अधिक अंक प्राप्त करने वाली आरक्षित वर्ग की महिला को नियमानुसार सामान्य श्रेणी की मेरिट में स्थान पाने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।

मध्य प्रदेश प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड ने 24 जनवरी 2013 को आयुर्वेद कम्पाउंडर भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। रीवा के वार्ड नंबर तीन निवासी संगीता पटेल ने लिखित परीक्षा में 100 में से 51 अंक प्राप्त किए थे। उसका दावा था कि सामान्य महिला वर्ग की अंतिम चयनित अभ्यर्थी से अधिक अंक होने के बावजूद उसे चयन सूची में स्थान नहीं दिया गया। आयुष संचालनालय में प्रस्तुत उसका अभ्यावेदन 29 सितंबर 2015 को खारिज कर दिया गया था। सात अक्टूबर को हुई सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से रामनरेश उर्फ रिंकू कुशवाह बनाम मध्यप्रदेश राज्य और सौरव यादव प्रकरणों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों का हवाला



दिया गया। दलील दी गई कि निर्धारित पात्रताएं पूरी करने वाली आरक्षित वर्ग की महिला अभ्यर्थी को मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी में चयन का अवसर मिलना चाहिए। भर्ती बोर्ड की ओर से कहा गया कि सभी पद भरे जा चुके हैं और कोई रिक्त पद उपलब्ध नहीं है। हालांकि, हाईकोर्ट ने मामले के तथ्यों और लागू कानूनी सिद्धांतों पर विचार करते हुए याचिकाकर्ता को राहत दी। अदालत ने संबंधित अधिकारियों को उसकी पात्रता की पुष्टि कर नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए। आदेश के अनुसार, नियुक्ति आदेश जारी होने की तारीख से याचिकाकर्ता की वरिष्ठता, वेतन निर्धारण और अन्य सेवा लाभ निर्धारित किए जाएंगे।

एफएसएल रिपोर्ट और जांच की कमियों पर उठे सवाल, हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

ट्विशा शर्मा डेथ केसः सीबीआई ने किया पूर्व जज गिरिबाला सिंह की जमानत का विरोध

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में सोमवार को चर्चित ट्विशा शर्मा डेथ केस को लेकर जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की बेंच के समक्ष पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर लंबी बहस हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने भी कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि शुरुआती पोस्टमार्टम और राज्य की एसआईटी जांच में कई कमियां थीं, और इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि गिरिबाला के प्रभाव से जांच प्रभावित हुई हो। एजेंसी ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद मौके और सबूतों से छेड़छाड़ की गई तथा गिरिबाला ने जांच टीम का पूरा सहयोग नहीं किया।सभी पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई में मृतका के मोबाइल डेटा और एफएसएल रिपोर्ट का मुद्दा भी गरमाया। कोर्ट ने पूछा कि क्या घटना वाले दिन शाम को ट्विशा द्वारा अपनी मां को भेजे गए फोटो या वीडियो को वापस हासिल किया गया है? इस पर बताया गया कि ट्विशा के आईफोन की एफएसएल रिपोर्ट अभी आनी बाकी है, जिसके बाद ही मोबाइल डेटा की जांच पूरी हो सकेगी।

बचाव पक्ष ने दलील दी कि ट्विशा के पास मोबाइल, पैसे और यात्रा के लिए बुक टिकट थे, जिससे आत्महत्या ही उनका एकमात्र रास्ता होने की बात गलत साबित होती है। हालांकि, कोर्ट ने 12 मई की चैट का हवाला देते हुए सवाल उठाया कि जब ट्विशा ने माता-पिता से पैसे मांगे थे, तब उनके पास पैसे होने की दलील पर संदेह बनता है।

होटल संचालक पर फायरिंग करने वाले को पांच साल की सजा

जबलपुर। पुराना बस स्टैंड स्थित एक होटल के संचालक पर फायरिंग करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश बृजेश सिंह की अदालत ने आरोपी जबलपुर निवासी गोलू उर्फ महेश विश्वकर्मा को पांच वर्ष के कारावास और दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं, सह आरोपी अनूप केवट को दोषमुक्त कर दिया गया। अभियोजन के अनुसार, होटल संचालक अश्वनी परिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दशहरे के दिन गोलू का होटल के कर्मचारी से विवाद हुआ था। इसके बाद सात अक्टूबर 2025 को शाम 4.22 बजे गोलू एक अन्य युवक के साथ दोपहिया वाहन से होटल पहुंचा। वह पिस्तौल लेकर अंदर आया और संचालक पर फायर किया, लेकिन गोली नहीं चली। इसके बाद उसने तीन और फायर किए, लेकिन संचालक को गोली नहीं लगी। वारदात के बाद दोनों मौके से भाग गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में चालान पेश किया। अपर लोक अभियोजक राजकुमार गुप्ता के तर्क सुनने के बाद अदालत ने गोलू उर्फ महेश विश्वकर्मा को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई, जबकि अनूप केवट को दोषमुक्त कर दिया।

दो हजार रुपये का अर्थदंड, सह आरोपित दोषमुक्त

चश्मदीद गवाहों ने अभियोजन का नहीं किया समर्थन, चाकू की जप्ती और साक्ष्यों पर भी उठे संदेह, अदालत ने दिया संदेह का लाभ

चाकू से हमले के मामले में विनय बर्मन उर्फ भल्लू दोषमुक्त

जबलपुर। चाकू से हमला करने, गाली-गलौज और आयुध अधिनियम से जुड़े मामले में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. (श्रीमती) आरती शुक्ला पाण्डेय की अदालत ने आरोपी विनय बर्मन उर्फ भल्लू को दोषमुक्त कर दिया है। न्यायालय ने प्रकरण में प्रस्तुत साक्ष्यों का समग्र मूल्यांकन करने के बाद पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपी के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को संदेह से परे प्रमाणित करने में सफल नहीं रहा।

चश्मदीद गवाहों के बयानों से कमजोर पड़ा अभियोजन

प्रकरण की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत कथित चश्मदीद गवाहों ने आरोपों का समर्थन नहीं किया। वहीं, मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों और चाकू की जप्ती को लेकर भी संदेह की स्थिति सामने आई। इन परिस्थितियों में अभियोजन का पक्ष आरोपों को निर्णायक रूप से साबित नहीं कर सका। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का परीक्षण करते हुए आपराधिक न्याय के स्थापित सिद्धांतों के अनुरूप निर्णय सुनाया। अदालत ने माना कि केवल आरोपों के आधार पर किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, बल्कि अभियोजन को आरोपों की पुष्टि ठोस साक्ष्यों के आधार पर संदेह से परे करनी होती है।

संदेह का लाभ देकर सुनाया फैसला

अभियोजन द्वारा आरोप प्रमाणित नहीं कर पाने के चलते न्यायालय ने आरोपी विनय बर्मन उर्फ भल्लू को भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 एवं 109 तथा आयुध अधिनियम की धारा 25(1-**B**)(**B**) के तहत लगाए गए आरोपों से दोषमुक्त करने का आदेश पारित किया। प्रकरण में आरोपी की ओर से अधिवक्ता अपूर्व त्रिवेदी ने पैरवी की। न्यायालय के इस निर्णय में साक्ष्यों की विश्वसनीयता और आरोपों को संदेह से परे साबित करने की आवश्यकता को महत्वपूर्ण आधार माना गया।

पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगा

पुलिस चौकी पर पेट्रोल बम फेंकने वाले को 4 साल की सजा

जबलपुर। जिला अदालत ने गोरखपुर थाना क्षेत्र स्थित रामपुर मांडवा पुलिस चौकी पर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में आरोपी जबलपुर निवासी परवेज अखार उर्फ नावेद अंसारी को दोषी करार देते हुए चार साल के कारावास की सजा सुनाई । कोर्ट ने उसे पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अपर सत्र न्यायाधीश अनिल चौहान की अदालत ने प्रकरण में सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया। अभियोजन के अनुसार, 18 अप्रैल 2023 की रात करीब दो बजे आरोपी ने अपने तीन अन्य नाबालिग साथियों के साथ मिलकर मांडवा स्थित पुलिस चौकी पर पेट्रोल बम फेंके थे। इस घटना में पुलिस चौकी को आर्थिक क्षति पहुंची थी। घटना के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चारों आरोपियों को हिरासत में लिया था। इनमें शामिल तीन अपचारी बालकों के विरुद्ध किशोर न्याय बोर्ड में मामला विचाराधीन है। वहीं, वयस्क आरोपी परवेज अखार उर्फ नावेद अंसारी के विरुद्ध अदालत में विचारण पूरा हुआ। सुनवाई के बाद अदालत ने उसे दोषी पाते हुए चार साल के कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

डिस्टिंक्शन वाली छात्रा को अंग्रेजी में मिले सिर्फ 39 अंक, हाईकोर्ट सख्त

माशिमं से मूल्यांकनकर्ता का स्पष्टीकरण लेकर रिपोर्ट तलब

जबलपुर। दसवीं की परीक्षा में सभी विषयों में डिस्टिंक्शन हासिल करने वाली छात्रा को अंग्रेजी में महज 39 अंक देने के मामले में हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने उत्तरपुस्तिका के दो स्वतंत्र मूल्यांकनों में 49 और 69 अंक दिए जाने की सिफारिश सामने आने पर माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) को संबंधित मूल्यांकनकर्ता से स्पष्टीकरण लेकर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई पांच नवंबर को होगी। जबलपुर जिले के सिहोरा निवासी गौरवी गर्ग ने वर्ष 2023 में दसवीं की परीक्षा दी थी। अन्य विषयों में डिस्टिंक्शन प्राप्त करने के बावजूद अंग्रेजी में उसे केवल 39 अंक मिले। पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने पर भी अंकों में बदलाव नहीं हुआ। इसके बाद छात्रा ने उत्तरपुस्तिका प्राप्त कर हाई कोर्ट में चुनौती दी। याचिका में आरोप लगाया गया कि कई प्रश्नों के सही उत्तर लिखने के बावजूद शून्य अंक दिए गए। आठ अक्टूबर 2026 को हुई पिछली सुनवाई में अदालत ने छात्रा की उत्तरपुस्तिका का टापर्स की कापियों से मिलान किया था। उपलब्ध विवरण के अनुसार, छात्रा के कई उत्तर टापर्स के उत्तरों से मिलते-जुलते या बेहतर होने के बावजूद कुछ प्रश्नों में शून्य अंक दिए गए थे। इसके बाद अदालत ने उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन दो स्वतंत्र परीक्षकों से कराने के निर्देश दिए।स्वतंत्र परीक्षकों की रिपोर्ट में पहले परीक्षक ने 39 के स्थान पर 49 अंक और दूसरे ने 69 अंक दिए जाने की सिफारिश की। यानी मूल मूल्यांकन की तुलना में क्रमशः 10 और 30 अंक अधिक मिले। कोर्ट ने इन रिपोर्टों के आधार पर मूल्यांकन में गंभीर विसंगति पर सवाल उठाए। दलील दी गई कि घोर लापरवाही या दुर्भावना जैसे आधार सामने आए बिना केवल मूल्यांकन संबंधी मतभेद पर पुनर्मूल्यांकन का आदेश नहीं दिया जा सकता। हालांकि, मौजूदा मामले में उत्तरपुस्तिका और स्वतंत्र परीक्षकों की रिपोर्ट के मद्देनजर अदालत ने सही उत्तरों पर शून्य अंक दिए जाने को गंभीरता से लिया। कोर्ट ने घोर लापरवाही या बाहरी पूर्वाग्रह की आशंका पर सवाल उठाते हुए संबंधित मूल्यांकनकर्ता का स्पष्टीकरण मांगा है।

मातृशक्ति का अभ्युदय पथ संचलन



जबलपुर। केशव नगर नर्मदा भाग की मातृशक्तियों द्वारा सोमवार, 26 अक्टूबर को अभ्युदय पथ संचलन निकाला गया। श्रीमति स्वपना गुप्ता के मुख्यातिथ्य और श्रीमति करुणा क्षत्रिय व प्राची गुप्ता की उपस्थिति में पथ संचलन दोपहर 3:30 बजे अंजुमन इस्लामिया स्कूल से प्रारंभ हुआ। पथ संचलन बगलामुखी मंदिर, सिविक सेंटर, गुजराती भवन, नौदरा पुल, भंवरताल, बस स्टैंड, तीन पत्ती और मालवीय चौक से होते हुए पुनः अंजुमन इस्लामिया स्कूल पहुंचकर संपन्न हुआ।

50 दिन से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में देरी न करें: कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाइन में लंबे समय से लंबित शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में स्वामित्व योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के तहत प्रत्येक तहसील में एक हजार रजिस्ट्रियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के साथ लंबित शिकायतों के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दें। बैठक में अपर कलेक्टर नीता राठौर, रविशंकर राय, शैलेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह और सभी एसडीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

युवक ने फांसी लगाई

जबलपुर। बरगी थाना अतंर्गत आंगनबाड़ी की पास मढ़िया में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ब बढ़ैयाखेड़ा निवासी 22 वर्षीय आकाश मरावी के पिता झाड़ूलाल मरावी मजदूरी करने के लिए दो माह से घर से बाहर थे घर पर आकाश मरावी अपनी गर्भवती पत्नी सुमन मरावी के साथ रहता था। गत रात लगभग 8 बजे आकाश मरावी ने आंगनबाड़ी के पास मढ़िया में मलगा से चुन्नी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही मृतक का चाचा विसराम मरावी मौके पर पहुंचा, जहां आकाश मरावी फांसी पर लटका मिला, जिसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

अधिकारी रोजाना करे निरीक्षण

धान खरीदी में पुरानी गड़बड़ियों की पुनरावृत्ति रोकने सख्त निर्देश

जबलपुर। जिले में आगामी धान उपार्जन के दौरान पिछली अनियमितताओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने उपार्जन समिति की बैठक में खरीदी केंद्रों के भौतिक सत्यापन, रिकॉर्ड की जांच और अधिकारियों के नियमित मैदानी निरीक्षण पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के साथ वास्तविक किसानों के हितों की रक्षा करना प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रस्तावित खरीदी केंद्रों के चयन से पहले संबंधित समितियों के पुराने रिकॉर्ड और कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाए। जिन केंद्रों पर पहले अनियमितताएं सामने आ चुकी हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जाए। पटवारी, सचिव और ब्लॉक व जिला स्तर के अधिकारी प्रतिदिन केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जांचें। मंडियों में आने वाली धान की मात्रा और खरीदी केंद्रों के रिकॉर्ड का मिलान भी किया जाए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अभिषेक सिंह, ऋषभ जैन, नीता कोरी सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।



शॉर्टफॉल प्रकरण में जिम्मेदारी तय करने के निर्देश

पिछले वर्ष धान खरीदी में सामने आई अनाज की कमी के मामले की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संदिग्ध ऑनलाइन प्रविष्टियों, वास्तविक खरीदी, किसानों के भुगतान और गोदामों में उपलब्ध अनाज के रिकॉर्ड का मिलान करने को कहा। उन्होंने प्रकरण के निराकरण में देरी पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि केवल प्राथमिकी दर्ज कराने या शपथपत्र लेने से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती। अनाज की कमी, आर्थिक नुकसान और संभावित वसूली की कार्ययोजना सहित विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। साथ ही पात्र किसानों के मामलों का प्राथमिकता से सत्यापन कर लंबित भुगतान का नियमानुसार निराकरण किया जाए।

विसर्जन जुलूस में शराब पीकर नाचने से मना करने पर चाकू से वार

जबलपुर। केंट थाना अतंर्गत मछली मार्केट के सामने पासी चौक सदर में प्रतिमा विसर्जन में शराब पीकर नाचने से मना करने की बात पर तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। केंट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नई बस्ती कजरवारा निवासी 28 वर्षीय अमन चौधरी गत दिवस दुर्गा जी की प्रतिमा विसर्जन के लिये कजरवारा से गौरीघाट ले जा रहे थे रात लगभग 1.15 बजे जैसे ही मछली मार्केट के सामने पासी चौक सदर पहुंचे तभी वहां पर शनि बघेल, गौरव यादव, अंशु झारिया शराब पीकर विसर्जन जुलूस में नाचने लगे, उसने उन्हें नाचने से मना किया तो इसी बात पर तीनों उसके साथ गाली गलोज करने लगे। अंशु झारिया एवं गौरव यादव ने मारपीट की और शनि बघेल ने चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दिल्ली से आएगा विशेषज्ञों का दल, भवन से लेकर ऑपरेशन थिएटर और संक्रमण नियंत्रण तक की होगी जांच

सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में 31 अक्टूबर से एनएबीएच का फाइनल निरीक्षण, 3 दिन परखी जाएंगी स्वास्थ्य सेवाएं

जबलपुर। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में राष्ट्रीय गुणवत्ता मान्यता हासिल करने की प्रक्रिया निर्णायक चरण में पहुंच गई है। अस्पताल में 31 अक्टूबर से राष्ट्रीय अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) की मान्यता के लिए अंतिम निरीक्षण शुरू होगा। दिल्ली से आने वाला विशेषज्ञों का दल तीन दिन तक अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सा सुविधाओं और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का बारीकी से मूल्यांकन करेगा। इससे पहले दो निरीक्षण पूरे हो चुके हैं।



अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अवधेश सिंह कुशवाहा के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता मान्यता प्राप्त करने के लिए सभी प्रशासनिक और चिकित्सकीय तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। निरीक्षण में अस्पताल की व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों पर परखा जाएगा। इस मान्यता का उद्देश्य मरीजों को सुरक्षित, व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था को मजबूत करना है।

भवन से लेकर चिकित्सा उपकरणों तक की होगी पड़ताल

विशेषज्ञों का दल अस्पताल के बुनियादी ढांचे, भवन निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करेगा। डॉक्टरों की रोस्टर के अनुसार तैनाती, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल कर्मचारियों की शैक्षणिक योग्यता तथा उनके कार्य निष्पादन का मूल्यांकन भी किया जाएगा। इसके अलावा पैथोलॉजी लैब, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम और आपातकालीन वार्ड में उपलब्ध जीवनरक्षक उपकरणों की कार्यक्षमता जांची जाएगी। अस्पताल में साफ-सफाई, संक्रमण नियंत्रण, चिकित्सा मशीनों के रखरखाव और नियमित सर्विसिंग की व्यवस्था भी निरीक्षण के दायरे में रहेगी।

मरीजों के रिकॉर्ड और दवा प्रबंधन पर भी नजर

निरीक्षण के दौरान मरीजों के पर्चे, उपचार का विवरण, जांच रिपोर्ट, दवाओं के सुरक्षित भंडारण और आवश्यक दस्तावेजों के संधारण की व्यवस्था का तकनीकी सत्यापन किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन की कोशिश है कि सभी विभाग निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप काम करें और निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में किसी तरह की कमी सामने न आए।

मान्यता मिलने पर मजबूत होगी गुणवत्ता व्यवस्था

एनएबीएच की मान्यता मिलने से अस्पताल की गुणवत्ता व्यवस्था और संस्थागत विश्वसनीयता को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इससे उपचार प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, मरीजों की सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण और शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। हालांकि, इस मान्यता का अर्थ यह नहीं है कि अस्पताल में सभी उपचार स्वतः निःशुल्क हो जाएंगे या प्रत्येक सुविधा की बिना शर्त गारंटी मिल जाएगी। इसका प्रमुख उद्देश्य निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। अब 31 अक्टूबर से शुरू होने वाले अंतिम निरीक्षण के परिणाम पर अस्पताल की राष्ट्रीय गुणवत्ता मान्यता की दिशा में आगे की स्थिति निर्भर करेगी।

आचार्य श्री विद्यासागर की जन्म जयंती पर सिहोरा खितौला में हुए अनेक कार्यक्रम

सिहोरा। आचार्य श्री विद्यासागर जी की जन्म जयंती पर सिहोरा खितौला के जैन समाज द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आचार्य श्री 108 विद्या सागर के जन्म जयंती महोत्सव,आचार्य श्री 108 समयसागर महाराज के अवतरण दिवस,निर्यापक श्रवण मुनि श्री 108 प्रसाद सागर महाराज का 30 वां दीक्षा दिवस,गणिनी प्रमुख आर्यिका रत्न 105 ज्ञानमती माता के अवतरण दिवस पर सकल दिगम्बर जैन समाज सिहोरा द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सकल जैन समाज सिहोरा के अध्यक्ष सन्मति जैन ने बताया जन्म जयंती पर जैन मंदिर से प्रातः 7 बजे कालभैरव चौक,झंडा बाजार,आजाद चौक,गौरी तिराहा,बस स्टेंड,मैना कुआं से होकर शोभायात्रा निकाली गई।इसके बाद श्री जी का अभिषेक पूजन एंव आचार्य श्री का पूजन किया गया। शोभायात्रा में समाज के महिला,पुरुष,बच्चे, युवक, युवतियां शामिल हुई।





खितौला जैन समाज ने किया आयोजन

आचार्य श्री विद्यासागर जी का 81 वां जन्मोत्सव खितौला जैन समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया चातुर्मास के अवसर पर विराजमान आर्यिका 108 सूत्र मति माताजी संघ के कुशल मार्गदर्शन व आशीर्वाद से जन्मोत्सव की पूर्व बेला परसंगीतमय छत्तीस विधान के आयोजन के साथ 36 मंडलों के पुर्याजक परिवारों द्वारा बुंदेली भाषा में पूजा कर विधान के 36 अध्य समर्पित करने के साथ बालिका संस्कार आयोजन विधि के लिए खितौला,सिहोरा,बहोरीबंद,कछारगांव,गोसलपुरकी लगभग 80 बालिकाओं को आर्यिका सूत्र मति माताजी द्वारा शास्त्रों में वर्णित संस्कारों के माध्यम से संस्कारित किया गया। विधान का संचालन शुभम जैन जबलपुर द्वारा किया गया।बालिका मंडल के द्वारा नृत्य नाटिका का मनोहारी दृश्य प्रदर्शित किया गया। जबलपुर से पधारी ब्रह्मचारी दीदी द्वारा आचार्य श्री के जीवन से संबंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विधायक संतोष बरकडे,अनुपम सराफ ,श्रीमती रजनी जैन,नीरज जैन,कछार गांव सरपंच कैलाश चंद जैन,शैलेष जैन भी उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज जैन,दिलीप जैन,मुकेश सिंघई,राकेश सिंघई,रविंद्र जैन,मयंक जैन,सानू जैन,शैंकी जैन,जिनेंद्र जैन का,प्रकाश जैन,अमन जैन,अंकुर जैन,महेंद्र जैन, श्वेतांक जैन,रोहित राहुल सिंघई,पारस जैन,संदीप जैन,रूपेश जैन,विनोद जैन नवयुग मंडल एवं महिला मंडल का सराहनीय योगदान रहा।

गुरु उपकार महोत्सव में गुरु महिमा का किया गया गुणगान

जबलपुर। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बोर्डिंग मंदिर, गोलबाजार में आचार्यश्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्यश्री समयसागर महाराज का अवतरण दिवस 'गुरु उपकार महोत्सव' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुनिश्री प्रबुद्धसागर महाराज का 30वां दीक्षा दिवस भी मनाया गया। मुनिश्री प्रबुद्धसागर महाराज ने उद्बोधन में कहा कि गुरु पददलित मिट्टी को कुंभ का रूप दे देते हैं। गुरु ज्ञानसागर महाराज ने 22 वर्षीय नवयुवक विद्याधर को दीक्षा देकर दिगंबर आम्नाय को आचार्य विद्यासागर जैसे रत्न प्रदान किए। इस अवसर पर आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक भक्त प्रोफेसर राजेश मिश्रा का सम्मान किया गया। उन्होंने कहा, "गुरु कभी अतीत नहीं होता, गुरु कभी व्यतीत नहीं होता, गुरु सदैव वर्तमान होता है।" कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीजी के अभिषेक से हुआ। सुबोध कामरेड एवं जयंती सिंघई ने मुनिश्री को शास्त्र भेंट किया। छोटेलाल जैन, अमय जैन, प्रदीप (लक्ष्मी) रायसेठ, चंद्रकुमार एवं शैलेश आदिनाथ को पाद प्रक्षालन का सौभाग्य मिला। आदिनाथ समिति, महावीर पूजन समिति और जैन युवा महासंघ के सदस्यों ने अर्घ्य समर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन बा.ब्र. रवींद्र भैयाजी, अमित पडरिया एवं गायिका साधना जैन ने किया। इस अवसर पर डी.एन. बोर्डिंग हाउस सोसायटी के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन 'जुग्गु', सचिव संजय सिंघई (आर.व्ही.) तथा ट्रस्टी आनंद सिंघई, समीर सिंघई, पंकज सिंघई एवं प्रभात जैन उपस्थित रहे।



पमरे में सतर्कता सप्ताह शुरू, दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल में 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' है। सोमवार को मुख्यालय में महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ दिलाई। महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों से कार्यों में सत्यनिष्ठा अपनाने, भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता रखने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक एकनाथ मोहकर, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज कुमार सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का संचालन उप मुख्य सतर्कता अधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने किया। इसी क्रम में जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में भी सतर्कता की शपथ दिलाई गई। सप्ताह के दौरान सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेह कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।



वीरांत विद्या शिक्षण शिविर के समापन पर प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

जबलपुर। मुनि सेवा संघ जबलपुर के तत्वावधान में 15 से 24 अक्टूबर 2026 तक आयोजित वीरांत विद्या शिक्षण शिविर का समापन 25 अक्टूबर को हुआ। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसके पश्चात लाखा भवन में आयोजित समारोह में नौ विषयों की परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले श्रावकों को आटा चक्की, ओटीजी, मिक्सी एवं ब्रीफकेस सहित आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं, सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप दीपक भेंट किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जीएसटी कमिश्नर श्रीमती आभा जैन एवं उनके पति सत्येंद्र जैन ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। समारोह में आनंद सिंघई, अरविंद जैन चांवल, राजेश जैन किराना, अरविंद जैन राजा एवं दीना जैन लोहा की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ी। शिविर के माध्यम से श्रावकों को धार्मिक शिक्षा एवं ज्ञानार्जन का अवसर मिला।

महापौर कप स्टेट कबड्डी में भोपाल का परचम

फाइनल में उज्जैन को हराकर जीती ट्रॉफी, मेजबान जबलपुर क्वार्टर फाइनल में बाहर

जबलपुर। महापौर कप सीनियर स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप में भोपाल जोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। मध्यप्रदेश कबड्डी संघ के संचालन एवं जबलपुर कॉर्पोरेशन कबड्डी संघ के आयोजन में स्थानीय एमएलबी मैदान पर खेले गए फाइनल में भोपाल ने उज्जैन जोन को हराकर ट्रॉफी जीती। वहीं, मेजबान जबलपुर की चुनौती क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गई। सेमीफाइनल में भोपाल ने सिवनी जोन को 38-30 से हराया, जबकि उज्जैन ने बड़ा उलटफेर करते हुए प्रबल दावेदार इंदौर जोन-1 को 40-28 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में उज्जैन ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन भोपाल के रेडर्स और डिफेंस ने निर्णायक क्षणों में बेहतर प्रदर्शन कर जीत सुनिश्चित की। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू तथा विशिष्ट अतिथि जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज और संतोष सिंह राजपूत उपस्थित रहे। विजेता भोपाल और उपविजेता उज्जैन को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। मप्र कबड्डी संघ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह और जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष डॉ. अमित साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। निर्णायक एवं तकनीकी अधिकारी के रूप में शानू यादव, अरुण राजपूत, पुष्पेंद्र पांडे, अंकित यादव और मधुर विश्वकर्मा ने जिम्मेदारी निभाई। आभार मप्र कबड्डी संघ के सचिव जे.सी. शर्मा ने व्यक्त किया। चैंपियनशिप के आधार पर प्रदेश की सीनियर टीम का चयन किया जाएगा। चयन समिति में एम.आर. शर्मा, मंगल सिंह, प्रदीप राइन, मनीष रजक और नंद किशोर शामिल हैं।



45 पैसे में मिलेगा 10 लाख का रेल यात्रा बीमा

27 अक्टूबर से आरक्षण काउंटरों पर भी मिलेगी सुविधा

जबलपुर। भारतीय रेल 27 अक्टूबर से आरक्षण काउंटरों से टिकट लेने वाले यात्रियों के लिए भी वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना शुरू कर रही है। अब तक यह सुविधा IRCTC से ई-टिकट बुक करने वाले पात्र यात्रियों को मिलती थी।योजना के तहत मात्र 45 पैसे प्रति यात्री के प्रीमियम पर दुर्घटना में मृत्यु या स्थायी पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में 10 लाख रुपये तक का बीमा कवर मिलेगा। स्थायी आंशिक दिव्यांगता पर 7.50 लाख रुपये, अस्पताल में उपचार के लिए 2 लाख रुपये और पार्थिव शरीर के परिवहन के लिए 10 हजार रुपये तक का लाभ निर्धारित शर्तों के अनुसार मिलेगा।यह सुविधा कन्फर्म, आरएसी और आंशिक कन्फर्म आरक्षित टिकटों पर लागू होगी। सामान्य एवं अनारक्षित टिकट इसके दायरे में नहीं आएंगे। योजना पूरी तरह वैकल्पिक है। इसका लाभ लेने के लिए वैध मोबाइल नंबर और डिजिटल भुगतान जरूरी होगा। पॉलिसी का विवरण मोबाइल पर भेजा जाएगा तथा यात्री बीमा कंपनी के पोर्टल पर नॉमिनी का विवरण दर्ज कर सकेंगे। पश्चिम मध्य रेल ने यात्रियों से इस सुविधा की जानकारी लेकर इच्छानुसार लाभ उठाने की अपील की है।

जबलपुर का नाम 'ओशोपुरम' करने की मांग तेज

जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर का नाम 'ओशोपुरम' करने की मांग ओशो अनुयायियों ने उठाई है। ओशो होम आश्रम के स्वामी श्रीला प्रेम पारस का कहना है कि आचार्य रजनीश (ओशो) ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय जबलपुर में बिताया। शहर से उनकी अनेक अनमोल स्मृतियां जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि ओशो जैसा ब्रांड एंबेसडर अगले 100 वर्षों तक शहर को नहीं मिल सकता। ओशो के करीबी रहे स्वामी अगेह भारती ने कहा कि जबलपुर का नाम ओशोपुरम होने से इसे काशी, वृंदावन और अयोध्या जैसी आध्यात्मिक पहचान मिल सकती है। इससे पर्यटन बढ़ने और शहर की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में वृद्धि की उम्मीद है। देवताल, भंवरताल और महाकौशल कॉलेज सहित कई स्थानों पर ओशो की स्मृतियां मौजूद हैं। ओशो होम आश्रम में भी देश-विदेश से अनुयायी पहुंचते हैं। समर्थकों का मानना है कि नाम परिवर्तन से जबलपुर को विश्वस्तर पर नई पहचान मिल सकती है।

वाल्मीकि जयंती पर भाजपा ने किया पुष्पांजलि अर्पण

जबलपुर। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा रानीताल स्थित संभागीय कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, प्रदेश प्रवक्ता वाणी अहलूवालिया, स्वाति गोडबोले, निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, महामंत्री पंकज दुबे एवं अमित सोनू बचवानी सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। रत्नेश सोनकर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि आदिकवि हैं। उन्होंने रामायण की रचना कर भारतीय संस्कृति, आदर्श जीवन और मानवीय मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया। उनकी शिक्षाएं सत्य, न्याय, समानता और सामाजिक समरसता का संदेश देती हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर अभय सिंह ठाकुर, रजनीश यादव, शंकर श्रीवास्तव, अंजू भार्गव, शरद अग्रवाल, संकल्प पाठक, रीना राय, विवेक अग्रवाल, योगेश बिलोहा, कमलेश नामदेव, कुसुम चौबे, रवि शर्मा, नरेश चौधरी, दिव्या बाजपेई, सुंदर अग्रवाल, अनिल सिंह, मोनू चौहान, राजेश रोहरा, राहुल तिवारी, दशरथ पटेल एवं जागेश समुन्द्रे सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



नर्मदा स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमाएं, 24 नवंबर को होगा महाकुंभ

जबलपुर। नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के तहत शरद पूर्णिमा पर नर्मदा स्वर्ण कलश सहित भगवान राधा-कृष्ण, लड्डू गोपाल एवं तुलसी मैया की 108 परिक्रमाएं संकीर्तन के साथ की गईं। पंचकोशी संयोजक श्याम मनोहर पटेल ने बताया कि 24 नवंबर को भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्णा आश्रम में संतों एवं शहीद परिवारों की उपस्थिति में नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ आयोजित होगा। महाकुंभ के आयोजन को लेकर आज सिविक सेंटर स्थित बगलामुखी मंदिर में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज के सानिध्य में सुबह 11 बजे पत्रक पूजन किया जाएगा। परिक्रमा में बल्लू महाराज, संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा, अध्यक्ष दुर्गा पटेल एवं नर्मदा चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष विनोद दीवान का सानिध्य रहा। इस अवसर पर डॉ. सुधीर अग्रवाल, श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, मनोज गुलाबबानी, विनोद विश्वकर्मा, शिव कुमार पटेल, छन्नू राम पटेल, लालजी पटेल, कैलाश विश्वकर्मा, गुड्डू नेता एवं शिव प्रताप सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।





बाल भारती हैकाथॉन 3.0 में कुशाग्र नीखरा ने बढ़ाया मान

जबलपुर। बाल भारती पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी ने राष्ट्रीय स्तर की बाल भारती हैकाथॉन 3.0 प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया। चाइल्ड एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित तथा BBPS द्वारका, नई दिल्ली के आतिथ्य में हुई प्रतियोगिता में देशभर के 28 बाल भारती विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नवाचार, तकनीकी दक्षता और रचनात्मक सोच का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कुशाग्र नीखरा ने मुख्य ध्वजवाहक की भूमिका निभाई। वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवकुमार नीखरा के सुपौत्र तथा कीर्ति एवं केशव नीखरा के पुत्र हैं। कुशाग्र ने प्रियंका यादव से मार्गदर्शन प्राप्त किया। विद्यालय की इस उपलब्धि से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों में उत्साह है।

रेलवे भर्ती की शारीरिक परीक्षा में 1939 अभ्यर्थी उत्तीर्ण

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ द्वारा रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) सफलतापूर्वक संपन्न हुई। केंद्रीयकृत रोजगार अधिसूचना सीईएन-08/2024 (लेवल-1) के तहत आयोजित परीक्षा में 1939 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा के लिए कुल 3383 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से रिजर्व डे सहित 2261 उपस्थित हुए। इनमें 254 महिलाएं शामिल थीं। कुल सफल अभ्यर्थियों में 125 महिलाएं हैं। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण के बाद पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों तथा भोपाल और कोटा स्थित कारखानों में संरक्षा श्रेणी के 1614 रिक्त पद भरे जाएंगे।

ठक्कर ग्राम में आज होगा सामुदायिक भवन का भूमि पूजन

जबलपुर। ठक्कर ग्राम के किलकारी मैदान में मंगलवार दोपहर 3 बजे सामुदायिक भवन (बारात घर) का भूमि पूजन होगा। पार्षद गुलाम हुसैन के प्रयासों से बनने वाले इस भवन पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च होंगे। दो मंजिला भवन 10 हजार वर्गफुट क्षेत्र में आठ माह में तैयार होगा, जिसमें तीन हजार लोगों के शामिल होने की क्षमता होगी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, विधायक लखन धनधोरिया और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता पार्षद गुलाम हुसैन करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में हाजी कदीर सोनी, हाजी गुलाम मोहम्मद भूरे पहलवान, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा तथा विभिन्न समाजों के सरदार हामिद हुसैन, हकीम बाबा, हाजी मुईन खान, आमिन कुरैशी और अयाज राईन शामिल हैं। भवन का निर्माण सांसद निधि, विधायक निधि और पार्षद निधि से किया जाएगा। इसका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को सामाजिक, शैक्षणिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों तथा वैवाहिक आयोजनों के लिए सुविधा उपलब्ध कराना है। ठक्कर ग्राम वार्ड विकास समिति और टीम फॉर गुलाम हुसैन ने नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



1 नवंबर को दौड़ेगा जबलपुर रयान मिनिथॉन का आयोजन

जबलपुर। रयान स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में सेंट जेवियर्स एवं रयान इंटरनेशनल स्कूल, शांतिनगर द्वारा 27वां रयान मिनिथॉन 2026 रविवार, 1 नवंबर को सुबह 6:30 बजे शिवाजी ग्राउंड में आयोजित होगा। इसमें 12 से 18 वर्ष के बालक-बालिकाएं भाग लेंगे। आयोजकों के अनुसार, अब तक रयान मिनिथॉन की 228 रेस आयोजित हो चुकी हैं। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में फिटनेस, अनुशासन और खेल भावना विकसित करने के साथ उन्हें मोबाइल के बढ़ते उपयोग से दूर कर स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। रयान समूह के चेयरमैन डॉ. ए.एफ. पिंटो एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती ग्रेस पिंटो का मार्गदर्शन प्राप्त इस आयोजन में शहर के सभी विद्यालयों को आमंत्रित किया गया है। इच्छुक विद्यार्थी 29 अक्टूबर तक पंजीकरण करा सकते हैं।



पशुपालन कर्मचारी कल्याण समिति का संभागीय सम्मेलन आयोजित

जबलपुर। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कल्याण समिति का संभागीय सम्मेलन आयोजित किया गया। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुए सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न संभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। आयोजन का उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा, एकजुटता और अधिकारों के लिए संघर्ष की रणनीति तैयार करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपसंचालक डॉ. ज्योति तिवारी, डॉ. राखी वैश्य, अरविंद यादव, डॉ. मनोज वैश्य, डॉ. एल.एस. बघेल, प्रांत अध्यक्ष सचिन शर्मा, प्रांतीय संयोजक रामेंद्र कुशवाह, प्रांतीय सचिव विनय कुमार मेहरा एवं संभागीय अध्यक्ष सोमनाथ सोनी उपस्थित रहे। समिति के मुख्य सलाहकार आर.के. बघेल और धर्मेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। मध्यप्रदेश शासकीय लिपिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी ने कर्मचारी एकता की सराहना करते हुए वेतन विसंगतियों और सीपीसीटी सहित अन्य मुद्दों पर संघ की गतिविधियों की जानकारी दी।

पमरे सतर्कता बुलेटिन के 31वें अंक का हुआ विमोचन



जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सोमवार को महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर सतर्कता बुलेटिन के 31वें अंक का विमोचन किया गया। सप्ताह की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' है। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और निर्धारित समय-सीमा में कार्यों का निष्पादन जरूरी है। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज कुमार ने कर्तव्यों के प्रति सत्यनिष्ठ रहने और भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। संगोष्ठी में वरिष्ठ रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। उप मुख्य सतर्कता अधिकारी धनराज सिंह और सौरव कुमार ने पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से सतर्कता संबंधी जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन उप मुख्य सतर्कता अधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने किया। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों में 1 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।



गौरैया घाट शिव मंदिर की महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

जबलपुर। गौरैया घाट स्थित गौर नदी के पास शिव मंदिर में कार्तिक मास के पहले सोमवार को भगवान शिव की महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान शिव की आरती की। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। आयोजकों के अनुसार, अब प्रत्येक सोमवार को मंदिर में महाआरती का आयोजन किया जाएगा। आरती के बाद भगवान शिव को खीर का भोग लगाया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पूजा-अर्चना की और धर्मलाभ प्राप्त किया।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि खसरा नंबर 138/2 रकबा 0.02 हेक्टेयर (200 वर्गमीटर) एवं खसरा नंबर 139/2 रकबा 0.03 हेक्टेयर (300 वर्गमीटर) तथा इस पर निर्मित बिल्डिंग / संपत्ति जिसका नाम "साई सदन साक्षी निवास" (Sai Sadan Sakshi Niwas) है, जो कि ग्राम कांकरदेही, सिहोरा रोड, मझौली में स्थित है, केवल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) के पास बंधक (Mortgage) है। इसके अतिरिक्त यह संपत्ति किसी भी शासकीय, अशासकीय या अन्य किसी वित्तीय संस्थान में बंधक, प्रभारित, हस्तांतरित नहीं है तथा किसी भी प्रकार से विवादित नहीं है। यदि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य किसी को इस संपत्ति के संबंध में कोई भी आपत्ति (Objection), स्वत्व या दावा हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते और मोबाइल नंबर पर लिखित रूप में साक्ष्यों सहित सूचित करें। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय
हरेंद्र कुमार (एडवोकेट)
पता: 101, श्रीराम कॉम्पलेक्स
वीर सावरकर नगर गॉव नवघर
तालुका-वसई जिला पालघर 401202
मो. नं.- 8080801224

तीन सरकारी कंपनियों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराने जा रही मोदी सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार वित्त वर्ष 2026-27 में तीन सरकारी कंपनियों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की तैयारी कर रही है। इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (आईआईएफसीएल) और कोल इंडिया की दो सहायक कंपनियां महानदी कोलफील्ड्स (एमसीएल) और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स (एसईसीएल) शामिल हैं।

इसके अलावा सरकार दूसरा पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) भी लांच करने की तैयारी में है। इससे निवेशकों को सरकारी कंपनियों में निवेश के नए विकल्प मिल सकते हैं। डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट (दीपम) के सचिव अरुणिश चावला ने मीडिया को बताया कि सरकार इन तीनों कंपनियों को शेयर मार्केट में एंट्री कराने की तैयारी कर रही है।

दीपम के सचिव चावला ने कहा, सरकार सूचीबद्ध कराने की कर रही तैयारी, आईआईएफसीएल, एमसीएल और एसईसीएल के नाम शामिल

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्सः छत्तीसगढ़ और मप्र में बड़ा कारोबार

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) भी कोल इंडिया की सहायक कंपनी है। इसका कारोबार मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में फैला है। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने 17.63 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया और करीब 4,755 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट कमाया। कंपनी की प्रमुख खदानों में गेवरा, कुसमुंडा और दीपका शामिल हैं। सरकार ने इसकी लिस्टिंग की तैयारी शुरू कर दी है और सलाहकारों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई गई है। इस कंपनी के आईपीओ के जरिए निवेशकों को कोल इंडिया के कारोबार में सीधे एक अलग कंपनी के शेयर खरीदने का अवसर मिल सकता है।



तीनों कंपनियों के आईपीओ लाने का कारण

सरकार इस साल पहले से शेयर बाजार में लिस्ट कंपनियों की हिस्सेदारी बेचने यानी ओएफएस के जरिए काफी रकम जुटा चुकी है। अब उसकी योजना नई सरकारी कंपनियों को बाजार में लाकर निवेशकों को निवेश के नए विकल्प देने की है। दीपम सचिव के मुताबिक, सरकार पहले से चल रहे हिस्सेदारी बिक्री के सौदों के साथ दो-तीन बड़ी लिस्टिंग पर ध्यान दे रही है।

दूसरा पब्लिक इनविट भी लाएगी सरकार : *तीन सरकारी कंपनियों की लिस्टिंग के अलावा सरकार वित्त वर्ष 2026-27 में दूसरा पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) लांच करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के कुछ हिस्सों की पहचान की गई है। इन राजमार्गों से भविष्य में होने वाली कमाई के आधार पर निवेशकों के लिए सिक्योरिटीज जारी की जा सकती हैं। इनविट के जरिए निवेशक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी संपत्तियों की कमाई में हिस्सेदारी हासिल कर सकते हैं।*

आईआईएससीएलः इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को देती है कर्ज : इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) पूरी तरह भारत सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी है। इसकी स्थापना 2006 में हुई थी। कंपनी सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए लंबी अवधि का वित्त उपलब्ध कराती है। मार्च 2026 तक कंपनी की कुल संपत्ति 98,481 करोड़ रुपए और नेटवर्थ 17,898 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने 1,379 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया। आईआईएफसीएल के प्रस्तावित आईपीओ में सरकार की हिस्सेदारी की बिक्री के साथ नए शेयर जारी करने का विकल्प भी शामिल होने की उम्मीद है।

महानदी कोलफील्ड्सः सबसे बड़ी कोयला उत्पादक सहायक कंपनी

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल), सरकारी कंपनी कोल इंडिया की सहायक कंपनी है। इसका मुख्यालय ओडिशा में है। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने 21.83 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। यह कोल इंडिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक सहायक कंपनी रही। इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू लगभग 30,550 करोड़ रुपए और नेट प्रॉफिट करीब 10,698 करोड़ रुपए रहा। महानदी कोलफील्ड्स के आईपीओ में कोल इंडिया अपनी 10 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की तैयारी कर रही है। इसके तहत करीब 66.18 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए बेचे जाने का प्रस्ताव है। इस बिक्री से मिलने वाला पैसा महानदी कोलफील्ड्स के बजाय उसकी मूल कंपनी कोल इंडिया को मिलेगा।

कंपनी परिणाम

धनलक्ष्मी बैंक के लाभ में दोगुने से अधिक वृद्धि



नई दिल्ली। केरल स्थित निजी क्षेत्र के धनलक्ष्मी बैंक का चालू 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 48.55 करोड़ रुपये रहा है। 2025-26 की सितंबर तिमाही में बैंक ने 23.20 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। 2026-27 की दूसरी तिमाही में बैंक की ब्याज आय 23 प्रतिशत बढ़कर 471 करोड़ रुपये हो गई।

जेके टायर के लाभ में 71 फीसदी की गिरावट



नई दिल्ली। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्तवर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 71.3 प्रतिशत घटकर 65.11 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, इस दौरान कंपनी के राजस्व में दहाई अंक में वृद्धि दर्ज की गई। सूचना में कहा कि उसे पिछले वित्तवर्ष की समान तिमाही में 226.89 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था।

मैनकाइंड फार्मा के मुनाफे में 38 फीसदी का उछाल



नई दिल्ली। दवा कंपनी मैनकाइंड फार्मा का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 37.69 प्रतिशत बढ़कर 716.12 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कारोबार की मजबूत वृद्धि से उसका मुनाफा बढ़ा है। 2025-26 की समान तिमाही में 520.18 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

टोरेंट फार्मा का शुद्ध लाभ घटकर 534 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 9.64 प्रतिशत घटकर 534 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2025-26 की समान तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 591 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी का परिचालन राजस्व 50.78 प्रतिशत बढ़कर 4,979 करोड़ रुपये रहा।

आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट का लाभ बढ़कर 918 करोड़



नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 918.70 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी को 17.82 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 860.86 करोड़ रुपये हो गई। जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 113.23 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में कंपनी ने 884.11 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

अधिकारियों ने कहा- रूसी कच्चे तेल की कीमत का लाभ कम हो रहा

माल ढुलाई लागत बढ़ने से रूसी कच्चे तेल की खरीद घटाएगी बीपीसीएल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को नवंबर में रूस से कच्चे तेल की खरीद घटने की आशंका है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि माल ढुलाई की बढ़ती लागत से रूसी कच्चे तेल की कीमत का लाभ कम हो रहा है, जबकि पश्चिम एशिया से तेल खरीदना व्यावसायिक रूप से अधिक लाभ का सौदा हो गया है। कंपनी के निदेशक (वित्त) वेत्सा रामकृष्ण गुप्ता ने कंपनी के तिमाही नतीजों की घोषणा के मौके पर विश्लेषकों के साथ बातचीत में कहा, ''हमें पूरी मात्रा मिल रही है, लेकिन कुछ चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि माल ढुलाई की ऊंची लागत के कारण नवंबर में रूसी कच्चे तेल की खेप में काफी कमी आई है।

जुलाई-सितंबर में 37 फीसदी तेल रूस से खरीदा

बीपीसीएल ने जुलाई-सितंबर तिमाही में अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का करीब 37 प्रतिशत रूस से खरीदा था। वैश्विक तनाव के कारण समुद्री परिवहन मार्गों में व्यवधान आने और माल ढुलाई तथा बीमा लागत बढ़ने के बीच कंपनी ने कच्चे तेल की खरीद के स्रोतों में विविधता लाना जारी रखा है।

दिसंबर में रूस से तेल खरीदना फायदेमंद हो सकता है

हालांकि, उन्होंने कहा कि कंपनी ने अपनी रिफाइनरी का परिचालन जारी रखने के लिए पर्याप्त कच्चे तेल की व्यवस्था कर ली है। गुप्ता ने बताया कि अक्टूबर में रूसी कच्चे तेल की कीमत मानक कीमत से 12-13 डॉलर प्रति बैरल अधिक थी, जो हाल में घटकर करीब 1-2 डॉलर प्रति बैरल के प्रीमियम पर आ गई है। ऐसे में दिसंबर में रूस से तेल खरीदना आर्थिक रूप से अधिक फायदेमंद हो सकता है।

- नवंबर में रूस से कच्चे तेल की खरीद घटने की आशंका
- बढ़ती लागत से रूसी कच्चे तेल की कीमत का लाभ कम हो रहा
- पश्चिम एशिया से तेल खरीदना अधिक लाभ का सौदा हो गया



प्रत्येक खेप की खरीद लागत अलग होती है

कंपनी को अक्टूबर और नवंबर में भी पश्चिम एशिया से अधिक मात्रा में कच्चा तेल मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है और प्रत्येक खेप की खरीद की लागत माल ढुलाई, बीमा तथा आपूर्ति की शर्तों के आधार पर अलग-अलग होती है।

रिफाइनिंग मार्जिन पर दबाव पड़ा

गुप्ता के अनुसार, स्रोत और आपूर्ति मार्ग के आधार पर बीपीसीएल की कच्चे तेल की औसत पहुंच लागत मानक कीमत से करीब 10-12 डॉलर प्रति बैरल अधिक रही। कच्चे तेल की माल ढुलाई लागत बढ़ी है, जबकि पेट्रोलियम उत्पादों की ढुलाई लागत में उसी अनुपात में वृद्धि नहीं हुई है। इससे रिफाइनिंग मार्जिन पर दबाव पड़ा है।

सऊदी अरब से आपूर्ति में सुधार

गुप्ता ने कहा कि तिमाही के दौरान सऊदी अरब से आपूर्ति में सुधार के बाद कंपनी ने पश्चिम एशिया से खरीद बढ़ाई है। हालांकि, इराक और कुवैत से आपूर्ति अभी पूरी तरह सामान्य स्तर पर नहीं लौटी है। बीपीसीएल को अक्टूबर और नवंबर में पश्चिम से अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में कच्चा तेल मिलने की उम्मीद है।

हुंडई ने पेश किया नया एसयूवी मॉडल 'बेयॉन'



- 'बेयॉन' 9,99,900 रुपए की शुरुआती कीमत पर पेश
- कंपनी का क्रेटा के साथ मिलकर बिक्री बढ़ाने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया ने सोमवार को कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित खूबियों वाले नए एसयूवी मॉडल 'बेयॉन' को 9,99,900 रुपए की शुरुआती कीमत पर पेश किया। कंपनी ने बेयॉन और 'क्रेटा' मॉडल की 2027 में कुल 2.5 लाख से अधिक इकाइयों की बिक्री का लक्ष्य रखा है।

हुंडई मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण गर्ग ने नए मॉडल की पेशकश के मौके पर कहा कि कंपनी मध्यम आकार के स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) खंड में अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखने के लिए क्रेटा और बेयॉन की संयुक्त बिक्री बढ़ाना चाहती है।

सीईओ गर्ग ने बताया कि कंपनी वर्ष 2030 तक हर साल एक नया उत्पाद पेश करने की योजना पर काम कर रही है। इसके तहत सीएनजी, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन खंड पर ध्यान दिया जाएगा। गर्ग ने कहा कि बेयॉन मॉडल की पेशकश के बाद कंपनी इस साल एक कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी भी पेश करेगी। हुंडई के लिए 4.2 मीटर लंबे आकार वाली एसयूवी बेयॉन नई उत्पाद रणनीति का हिस्सा है।

50 से अधिक देशों में निर्यात की योजना

कंपनी को इस मॉडल को फाइव स्टार सुरक्षा रेटिंग मिलने की उम्मीद है। हालांकि, अभी इसका 'भारत एनसीएपी' में परीक्षण चल रहा है। बेयॉन फिलहाल पेट्रोल विकल्प में उपलब्ध होगी। कंपनी ने जनवरी में इसका सीएनजी विकल्प पेश करने की योजना भी बताई है। हालांकि, डीजल संस्करण लाने की कोई योजना नहीं है। गर्ग ने कहा कि कंपनी बेयॉन को 50 से अधिक देशों में निर्यात करने की भी योजना बना रही है।

केंद्र सरकार राजकोषीय घाटा कम करने के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶ तिरुचिरापल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार राजकोषीय घाटा कम करने के लिए प्रतिबद्ध है और 2030 तक देश का कर्ज सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 50 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य है।

सीतारमण ने कहा कि सरकार के सालाना बजट में राजकोषीय घाटा कम करने की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। केंद्र सरकार का कर्ज घटाने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी कर्ज प्रबंधन के प्रति भारत के अनुशासित रुख को स्वीकार किया है। वित्त मंत्री ने देश के कर्ज से जुड़ी चिंताओं पर कहा कि कोविड महामारी के बाद से सभी देशों को कर्ज से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने महंगाई पर नियंत्रण के बारे में कहा कि 2014 से ही मंत्रियों का एक समूह कीमतों को स्थिर रखने के लिए आपूर्ति श्रृंखला के बेहतर प्रबंधन पर काम कर रहा है। सीतारमण ने चावल के निर्यात पर पाबंदी जैसे कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे घरेलू उपभोक्ताओं को कीमतों में बढ़ोतरी से बचाने के साथ किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करने में भी मदद मिली। सीतारमण ने प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के प्रयासों पर कहा कि सरकार इस दिशा में कई कदम उठा रही है।



- वित्त मंत्री ने कहा, कर्ज जीडीपी के 50 फीसदी तक सीमित रखने का लक्ष्य
- केंद्र सरकार कर्ज घटाने के लिए लगातार कदम उठा रही

तमिलनाडु के बढ़ते कर्ज पर चिंता व्यक्त

वित्त मंत्री ने राज्यों की वित्तीय स्थिति, खासकर तमिलनाडु के बढ़ते कर्ज पर पूर्व वित्त मंत्री थंगम थेन्नारासु की चिंताओं पर कहा कि ऐसे मुद्दों पर राज्य विधानसभा में चर्चा होनी चाहिए, ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी टीवीके की तरफ से पिछली द्रमुक सरकार के पूर्व मंत्रियों के खिलाफ दर्ज मामलों को राज्य का विषय बताया।

- पश्चिम एशिया तनाव के कारण ढुलाई लागत व बीमी बढ़ा
- योजना की अवधि छह माह के लिए और बढ़ाई गई

निर्यातकों के लिए 'रिलीफ' योजना मार्च, 2027 तक बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण माल ढुलाई और बीमा लागत बढ़ने से प्रभावित निर्यातकों को जोखिम सुरक्षा देने वाली योजना की अवधि छह महीने बढ़ाकर 31 मार्च, 2027 तक कर दी है। वाणिज्य विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। विभाग के आधिकारिक बयान के अनुसार, 'निर्यात सुविधा के लिए लचीलापन एवं लॉजिस्टिक हस्तक्षेप (रिलीफ)' योजना के घटक-2 की अवधि बढ़ाने का उद्देश्य निर्यातकों को पात्र खेपों के लिए भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) से बीमा कवर लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। विभाग ने 30 सितंबर की इस अधिसूचना में कहा है कि इस योजना के तहत पात्र निर्यातकों को 95 प्रतिशत तक जोखिम सुरक्षा मिल सकती है।



दावे व दस्तावेज ईसीजीसी पोर्टल पर जमा करने होंगे : योजना का लाभ लेने के इच्छुक निर्यातकों को अपने दावे और संबंधित दस्तावेज ईसीजीसी के ग्राहक पोर्टल पर जमा करने होंगे। सरकार ने 19 मार्च, 2026 को 'रिलीफ' योजना शुरू की थी। यह सरकार के निर्यात संवर्धन मिशन का हिस्सा है और इसका उद्देश्य खाड़ी तथा पश्चिम एशिया के व्यापक समुद्री मार्ग में व्यवधान से पैदा हुई लॉजिस्टिक लागत में असाधारण वृद्धि और निर्यात संबंधी जोखिमों से भारतीय निर्यातकों को निपटने में मदद करना है।

सोना 200 रुपए मजबूत, चांदी स्थिर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। रुपये में कमजोरी और वैश्विक बाजारों में मामूली सुधार से सोने की कीमतों को समर्थन मिला। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,46,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमत (सभी करों सहित) 2,02,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। इससे पहले इसमें लगातार तीन कारोबारी सत्रों में गिरावट दर्ज की गई थी। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई।



शेयर बाजार में सुधार, सेंसेक्स 483 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आकर्षक कीमतों पर खरीदारी तथा धातु, दूरसंचार और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में तेजी के चलते सोमवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स करीब 483 अंक चढ़ गया। वहीं निफ्टी 22,750 अंक के ऊपर बंद हुआ। इसके साथ ही बाजार में लगातार चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 482.92 अंक की बढ़त के साथ 73,606.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 73,606.75 का उच्च स्तर और 72,514.57 का निचला स्तर छुआ। निफ्टी 153.20 अंक या 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,753.20 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजार को शुरुआती नुकसान से उबरने में मूल्य आधारित खरीदारी और धातु, ऊर्जा तथा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों की मजबूती का समर्थन मिला।



- चार दिन की गिरावट के बाद निफ्टी 153 अंक बढ़ा
- धातु, दूरसंचार व स्वास्थ्य सेवा कंपनियों के शेयर चढ़े

टाटा कंज्यूमर का लाभ बढ़कर 470 करोड़ रुपए ...



नई दिल्ली। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 15.65 प्रतिशत बढ़कर 470.14 करोड़ रुपये हो गया। घरेलू कारोबार में बिक्री मात्रा बढ़ने से कंपनी के मुनाफे में बढ़ोतरी हुई। टाटा समूह की एफएमसीजी कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि उसने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 406.51 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्की ने जारी की रिपोर्ट

भारतीय कंपनियों पर 'बैकडोर' मालवेयर हमले बढ़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में छोटी और मझोली कंपनियों की कंप्यूटर प्रणाली पर 'बैकडोर' मालवेयर हमले 2026 की पहली छमाही में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 52.1 प्रतिशत बढ़े। साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्की की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

- छोटी और मझोली कंपनियों पर 52 फीसदी बढ़े हमले

कैस्परस्की सिक्योरिटी नेटवर्क के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से जून, 2026 के दौरान बैकडोर के 4.52 लाख मामले सामने आए, जबकि 2025 की पहली छमाही में इनकी संख्या 2.97 लाख थी। पिछले साल की दूसरी छमाही में ऐसे 4.08 लाख मामले दर्ज किए गए थे।

एआई एजेंट सिस्टम तक पहुंच गए थे

इसमें कहा गया था कि परीक्षण के दौर से गुजर रहे कृत्रिम मेधा (एआई) एजेंट भारतीय संगठनों के वास्तविक कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंच गए थे और उन्होंने गोपनीय रिकॉर्ड पढ़े थे। प्रभावित संगठनों में से किसी को भी इस पहुंच का पता नहीं चला था। कैस्परस्की के 18 देशों के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पेशेवरों के बीच किए गए सर्वेक्षण में भारत भी शामिल था।

86 फीसदी एक बार हुई प्रभावित

इसमें पाया गया कि 86 प्रतिशत छोटी और मझोली कंपनियों को पिछले एक साल में कम से कम एक साइबर घटना का सामना करना पड़ा। सर्वेक्षण में शामिल 22 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने वित्तीय नुकसान को ऐसी घटनाओं का प्रमुख परिणाम बताया।



प्रतिदिन 20,650 प्रयास किए गए

रिपोर्ट के अनुसार, रिमोट डेस्कटॉप प्रोटोकॉल (आरडीपी) के जरिये कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंचने के लिए किए गए प्रयासों की संख्या 37.38 लाख रही। यह औसतन प्रतिदिन करीब 20,650 प्रयास है। हालांकि, यह संख्या 2025 की पहली छमाही के मुकाबले 26.3 प्रतिशत कम रही।

15 अक्टूबर को गंभीर चेतावनी जारी की गई थी

रैनसमवेयर ऐसा मालवेयर है, जो कंप्यूटर में मौजूद फाइल को लॉक या एनक्रिप्ट कर देता है और उन्हें दोबारा उपलब्ध कराने के बदले 'पैसा' मांगा जाता है। ये निष्कर्ष ऐसे समय आए हैं, जब भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल ने 15 अक्टूबर को एक गंभीर चेतावनी जारी की थी।

बैकडोर प्रवेश का एक गुप्त रास्ता : बैकडोर एक ऐसा गुप्त रास्ता है, जिसके जरिये साइबर हमलावर कंप्यूटर या नेटवर्क की सामान्य सुरक्षा व्यवस्था को दरकिनार कर उसमें प्रवेश कर सकते हैं। एक बार पहुंच बनाने के बाद वे डेटा चुरा सकते हैं, नेटवर्क के दूसरे हिस्सों तक पहुंच सकते हैं या आगे और साइबर हमले कर सकते हैं।

फिशिंग में संवेदनशील जानकारी हासिल करने की कोशिश

कंपनी के वैश्विक सर्वेक्षण में फिशिंग, मालवेयर और रैनसमवेयर के साथ इन्हें भी सबसे नुकसानदेह साइबर घटनाओं में गिना गया। फिशिंग में धोखाधड़ी वाले ईमेल या संदेशों के जरिये लोगों से पासवर्ड और बैंक संबंधी संवेदनशील जानकारियां हासिल करने की कोशिश की जाती है।


आईटीसी के लाभ में 52 फीसदी का उछाल



नई दिल्ली। आईटीसी होटल्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 52.03 प्रतिशत बढ़कर 202.65 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बीते वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 133.29 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 1,054.14 करोड़ रुपये हो गई, जो 2025-26 की समान तिमाही में 839.48 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च भी बढ़कर 831.33 करोड़ रुपये हो गया।

चिंतन

ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की तैयारी



सीमा सुरक्षा
ओमकार चौधरी

अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक बार फिर जारी गतिरोध ने सीमा सुरक्षा और सरकार की रणनीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने 22 अक्टूबर को स्वीकार किया कि अरुणाचल के कई स्थानों पर चीनी सैनिकों से आमना-सामना हुआ है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, अपर सुबनसिरी जिले के असाफिला क्षेत्र में जुलाई के अंत से गतिरोध जारी है। हालांकि, अब तक किसी हिंसक झड़प की सूचना नहीं है, लेकिन सैन्य गतिविधियों और बातचीत के नतीजों पर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में सवाल है कि सीमा पर वास्तविक स्थिति क्या है और सरकार पारदर्शिता व कूटनीति के बीच संतुलन कैसे बनाएगी?

ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की आर्थिक स्वतंत्रता की बुनियाद है। भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती और बड़ी है, जहां परिवहन से लेकर उद्योगों तक की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल से पूरा होता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो महंगाई का दबाव बढ़ता है, विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ता है और अर्थव्यवस्था की गति प्रभावित होती है। इसलिए पेट्रोल के घरेलू विकल्प विकसित करना केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रयास नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की अनिवार्य जरूरत है। केंद्र सरकार ने 100% एथेनॉल यानी ई-100 ईंधन से चलने वाले वाहनों के लिए मोटर वाहन नियमों में संशोधन कर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 23 अक्टूबर 2026 की अधिसूचना से ऐसे वाहनों के लिए नियामकीय रास्ता साफ हुआ है। सरकार की एथेनॉल नीति अब तक उत्साहजनक परिणाम दे चुकी है। पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का कार्यक्रम वर्ष 2003 में शुरू हुआ था, लेकिन 2013-14 में इसकी औसत मिलावट केवल 1.53% थी। सरकार ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने, एथेनॉल की खरीद के लिए मूल्य व्यवस्था बनाने और चीनी मिलों व अन्य उत्पादकों को प्रोत्साहन देने जैसे कदम उठाए। नतीजा यह हुआ कि 2021-22 में 10 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले हासिल हो गया और 2025-26 में औसत मिश्रण 20% तक पहुंच गया। वर्ष 2030 के लिए निर्धारित लक्ष्य को पांच साल पहले प्राप्त करना नीति के प्रभावी क्रियान्वयन का उदाहरण है। आंकड़ों के मुताबिक, 2014 में एथेनॉल उत्पादन क्षमता लगभग 421 करोड़ लीटर थी, जो 2026 में बढ़कर करीब 2,000 करोड़ लीटर हो गई। इस कार्यक्रम का लाभ केवल तेल आयात में कमी तक सीमित नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, एथेनॉल खरीद से पिछले 11 वर्षों में किसानों को लगभग 1.21 लाख करोड़ रुपये की आय हुई और करीब 1.40 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बची। एथेनॉल का उत्पादन गन्ने, मक्का और अन्य जैविक स्रोतों से किया जा सकता है। इससे कृषि उपज के लिए अतिरिक्त बाजार तैयार होता है और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसंस्करण उद्योगों तथा रोजगार की संभावनाएं बढ़ती हैं। पानीपत और नुमालीगढ़ की रिफाइनरियों में पराली, बांस और अन्य जैविक अवशेषों से एथेनॉल उत्पादन की पहल इस दिशा में महत्वपूर्ण है। ई-100 की मंजूरी इसी नीति का अगला चरण है। सामान्य पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने और लगभग शुद्ध एथेनॉल पर चलने वाले वाहन में बुनियादी अंतर है। ई-100 के लिए वाहन निर्माता कंपनियों को विशेष रूप से डिजाइन और प्रमाणित फ्लेक्स-फ्यूल वाहन तैयार करने होंगे। मौजूदा पेट्रोल या ई-20 वाहनों में सीधे ई-100 डालना सुरक्षित नहीं है। एथेनॉल से कुछ प्रदूषकों और जीवाश्म कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की संभावना है, लेकिन इसके पर्यावरणीय लाभ का आकलन उत्पादन से लेकर इस्तेमाल तक के पूरे चक्र के आधार पर होना चाहिए। ई100 वाहनों की तकनीक, ईंधन केंद्रों का विस्तार, किफायती कीमत और उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा पर समयबद्ध काम जरूरी है। साथ ही, एथेनॉल के साथ विद्युत वाहन, सौर ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक ईंधनों को भी बढ़ावा देना चाहिए। ऊर्जा आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल पेट्रोल का विकल्प तलाशना नहीं, बल्कि आयात पर निर्भरता घटाने वाला विविध और टिकाऊ ऊर्जा तंत्र तैयार करना है। ई-100 की मंजूरी इस दिशा में सार्थक कदम है। इसके साथ ही भारत ने ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।

अरुणाचल में फिर आमने-सामने

अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन की सेनाएं एक बार फिर आमने-सामने हैं और इस बार इसकी पुष्टि किसी अनाम सूत्र ने नहीं, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने खुद की है। 22 अक्टूबर 2026 को राजस्थान के अलवर में बल के वार्षिक हिमवीर सम्मान समारोह में कपूर ने कहा कि पिछले कुछ समय में अरुणाचल की कई जगहों पर चीनी सैनिकों से आमना-सामना हुआ है और यह स्थिति अभी भी बनी हुई है। पूर्वी सेक्टर में जारी तनाव की आईटीबीपी प्रमुख की ओर से यह पहली सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है, लेकिन सामरिक महत्व की यह सूचना सार्वजनिक करनी चाहिए थी या नहीं और उन्हें इसके लिए अधिकृत किया गया था या नहीं, इसे लेकर बहस भी शुरू हो गई है। कपूर ने बल के शौर्य कमांडो की भूमिका की सराहना की और चीन को भारत का सबसे बड़ा विरोधी बताया। उन्होंने ड्रोन क्षमता बढ़ाने, ऊंचाई वाले इलाकों में युद्ध की तैयारी, और तोपखाने व हवाई बमबारी से बचाव के लिए भूमिगत बंकर बनाने की योजनाओं की भी जानकारी दी। सरकारी सूत्रों के अनुसार गतिरोध जुलाई के आखिर से अपर सुबनसिरी जिले के ताकसिंग सर्कल के असाफिला क्षेत्र में चल रहा है। चीनी सेना (पीएलए) ने माजा कंपनी ऑपरेटिंग बेस के पास, एलएसी की भारतीय समझ के 6-7 किलोमीटर के दायरे में, एक ऊंचाई पर तंबू गाड़ रखे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह आमना-सामना 25 जुलाई के आसपास नियमित गश्त के दौरान शुरू हुआ। अब तक किसी हिंसक झड़प, हथियार के इस्तेमाल या किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। आईटीबीपी प्रमुख ने बाकी टकराव स्थलों के नाम नहीं बताए।तनाव कम करने के लिए 6 और 7 सितंबर को वाचा (भारत) और दमाई (चीन) में पूर्वी सेक्टर में पहली बार कोर कमांडर स्तर की बातचीत हुई। भारतीय दल का नेतृत्व 3 कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कालिया ने किया। विदेश मंत्रालय ने बैठक की पुष्टि तो की, लेकिन उसका नतीजा सार्वजनिक नहीं किया। इसके कुछ ही दिन बाद, 12 सितंबर को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। सरकार या भाजपा की ओर से इन आरोपों पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। आईटीबीपी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि महानिदेशक का बयान सीमा पर नियमित ऑपरेशनल तैयारी के संदर्भ में था, किसी खास घटना से जुड़ा नहीं। इस मामले में सेना का रुख भी गौर करने लायक है। चीन लगभग 90,000 वर्ग किलोमीटर, यानी करीब पूरे अरुणाचल पर दावा करता है और इसे ज़ांगनान या दक्षिण तिब्बत कहता है। विवाद की जड़ 1914 का शिमला सम्मेलन है, जहां ब्रिटिश भारत के विदेश सचिव सर हेनरी मैकमोहन ने भारत और तिब्बत के बीच 890 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा खींची। चीनी प्रतिनिधि ने इसे स्वीकार नहीं किया, और बीजिंग आज भी कहता है कि तिब्बत को ऐसा समझौता करने का अधिकार नहीं था। 1962 के युद्ध में पीएलए लगभग पूरे तत्कालीन नेफा तक आ गई थी, लेकिन एकतरफ़ा युद्धविराम के बाद मैकमोहन रेखा तक लौट गई। विवाद केवल अरुणाचल तक सीमित नहीं है। भारत के अनुसार



3,488 किलोमीटर लंबी सीमा के पश्चिमी छोर पर अक्साई चिन का लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन के कब्ज़े में है। 1963 में पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी का 5,180 वर्ग किलोमीटर हिस्सा चीन को सौंप दिया, जिसे भारत मान्यता नहीं देता। मध्य सेक्टर में उत्तराखंड का बाराहोती और हिमाचल के कौरिक व शिपकी ला भी विवादित हैं। 1960 में चाउ एनलाई ने अक्साई चिन के बदले नेफा पर दावा छोड़ने का प्रस्ताव दिया था, जिसे भारत ने ठुकरा दिया था। बीते एक दशक में यह विवाद नक्शों तक पहुंच गया है। चीन अब तक छह सूचियों में अरुणाचल की 112 जगहों के नाम बदल चुका है: 2017 में 6, 2021 में 15, 2023 में 11, 2024 में 30, 2025 में 27 और 2026 में 23। अरुणाचल में ताकसिंग पहला टकराव नहीं है। 20 अक्टूबर 1975 को तवांग के तुलुंग ला में चीनी सैनिकों ने घात लगाकर असम राइफल्स के चार जवानों को मार दिया था। भारत के अनुसार यह हमला उसकी सीमा के 500 मीटर भीतर हुआ। उस समय इंदिरा गांधी सरकार ने अधिकारियों के ज़रिए बीजिंग से कड़ा विरोध दर्ज कराया था, लेकिन प्रधानमंत्री का कोई सीधा सार्वजनिक बयान दर्ज नहीं मिलता। 1986 में चीन ने तवांग के सुमदोरोंग चू में वांगडुंग चरागाह पर ढांचे खड़े कर दिए। भारत ने राजदूत को तलब कर विरोध जताया और इलाके में तीन डिवीज़न तक सैनिक तैनात किए। राजीव गांधी दिसंबर 1988 में चीन गए, और वांगडुंग से सैनिकों की वापसी आखिरकार 1995 में हुई। इसके बाद तवांग का यांग्त्से बार-बार टकराव का केंद्र बना। सितंबर 2016 में करीब 200 पीएलए सैनिक वहां घंटों डटे रहे, और अक्टूबर 2021 में भी गश्ती टुकड़ियां आमने-सामने आईं। इन दोनों मौकों पर सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया, और जानकारी सूत्रों के ज़रिए ही सामने आई। 9 दिसंबर 2022 को यांग्त्से में कील लगे डंडों से हिंसक झड़प हुई, जिसमें छह गंभीर रूप से घायल भारतीय सैनिकों को गुवाहाटी ले जाना पड़ा। देश के बाकी हिस्सों में भी 1967 में नाथू ला, 2013 में देपसांग, 2017 में डोकलाम और 2020 में गलवान जैसे टकराव हुए। गलवान में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए। यह 1975 के बाद भारत-चीन सीमा पर जान जाने की पहली घटना थी। इसके बाद 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री ने कहा था कि न कोई भारतीय सीमा में घुसा है और न ही कोई चौकी किसी के कब्ज़े में है। सीमा विवाद सुलझाने के लिए 2003 में बना विशेष प्रतिनिधि तंत्र अब तक 25 दौर की बातचीत कर चुका है। ताज़ा दौर 25 अगस्त 2026 को बीजिंग में अजीत डोभाल और वांग यी के बीच हुआ, जिसमें पूर्वी और मध्य सेक्टर में नई सैन्य हॉटलाइन पर सहमति बनी। सीमा मामलों पर परामर्श तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 36 बैठकें हो चुकी हैं, और लद्दाख में 2020 के बाद कोर कमांडरों के बीच 21 दौर की बातचीत हुई।ज़मीन पर भारत की रणनीति भी बदली है। दशकों तक सीमा के पास सड़कें न बनाने की नीति के बाद 2006 में 73 रणनीतिक सड़कों की परियोजना को मंज़ूरी मिली, जो 2017 के डोकलाम गतिरोध के बाद तेज़ हुई। 2024 में खुली सेला सुरंग अब तवांग को साल भर जोड़े रखती है। 1962 के बाद छोड़ी गई अरुणाचल की सात हवाई पट्टियां फिर से चालू हो चुकी हैं, और लद्दाख का न्योमा नवंबर 2025 में पूर्ण एयरबेस बन गया। इन सब के बीच कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं: कोर कमांडर वार्ता का नतीजा क्या निकला, आईटीबीपी प्रमुख ने किन जगहों पर टकराव की बात कही, और गश्ती बिंदुओं को लेकर स्थानीय लोगों के दावों में कितना दम है। इन पर सरकार की ओर से अभी आधिकारिक जवाब आना बाकी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. मोनिका शर्मा



विरासत को सहेजने के लिए सार्थक प्रयास जरूरी

भारत की सांस्कृतिक विरासत अपनी बहुरंगी विविधता के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। बात चाहे मूर्त विरासत यानी ऐतिहासिक भवनों, किलों और स्मारकों की अनूठी वास्तुकला की हो या अमूर्त विरासत जैसे परंपराओं, लोकगीतों, शास्त्रीय नृत्य, त्योहारों की। हमारे देश के सांस्कृतिक रंग सचमुच अनूठे हैं। हमारी भाषाएं, दर्शन, बोलियां, योग, आयुर्वेद और प्राचीन ग्रंथ भी अनमोल धरोहर ही हैं। आमजन तक सहज पहुंच बनाकर ही इस थाती को सहेजा का सकता है। हालिया बरसों में दुनिया के हर हिस्से में ही अपनी धरोहर को सहेजने के रंग-ढंग बदले हैं। अब आधुनिक तकनीकों, नई पद्धतियों और पेशेवर विशेषज्ञों की भूमिका अहम हो चली है। विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस का मुख्य उद्देश्य धरोहर के संरक्षण से जुड़ा यही पहलू लिए है। ध्यातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा वर्ष 2005 में अपने 33वें आम सम्मेलन में यह दिन मनाने की घोषणा की थी। ज्ञात हो कि रेडियो, फिल्म, टेलीविजन और साउंड रिकॉर्डिंग जैसी दृश्य-श्रव्य सामग्रियों के संरक्षण के महत्व को लेकर जनमानस में जागरूकता लाना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। साथ ही वर्ल्ड डे ऑफ ऑडियो-विजुअल हैरिटेज हमारी साझी स्मृतियों और सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने वाले कामकाजी विशेषज्ञों और संस्थानों के योगदान को सम्मान देने का भी संदेश देता है। सुखद है कि भारत में ऑडियो-विजुअल सामग्रियों के रूप में सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए कई महत्वपूर्ण उठाए गए हैं। विरासत के संरक्षण हेतु डिजिटलीकरण और प्रचार हेतु बहत सी पहल की गई हैं। नेशनल फिल्म हेरिटेज मिशन, नेशनल कल्चरल ऑडियो-विजुअल आर्काइव्स, अभिलेख पटल और जटान एवं वेव्स जैसी कई पहल भावी पीढ़ियों के लिए विरासत के संरक्षण का काम कर रही हैं। नेशनल फिल्म हेरिटेज मिशन द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और नेशनल फिल्म आर्काइव्स ऑफ इंडिया के माध्यम से उत्कृष्ट भारतीय फिल्मों, वृत्तचित्रों और शॉर्ट फिल्मों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और पुनर्स्थापन किया जा रहा है। वहीं नेशनल कल्चरल ऑडियो-विजुअल आर्काइव्स द्वारा देश भर के संस्थानों में उपलब्ध दुर्लभ व संकटग्रस्त ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग्स को डिजिटाइज कर ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा संचालित अभिलेख पटल भी एक डिजिटल रिपॉजिटरी ही है। यह ऐतिहासिक दस्तावेजों और रिकॉर्ड्स का ऑनलाइन पटल है। संस्कृति मंत्रालय और सी-डेक पुणे द्वारा विकसित जटान सॉफ्टवेयर विभिन्न संग्रहालयों की सामाग्री डिजिटल रूप में सुरक्षित करने में जुटा है। ज्ञात हो कि वर्ल्ड डे ऑफ ऑडियो-विजुअल हैरिटेज की 2026 की थीम 'प्रोटेक्टिंग मेमोरी एट रिस्क' है। यह विषय फिल्मों, ऑडियो टेपों और चलचित्रों के रूप में विरासत की सामूहिक स्मृतियों को बचाने से जुड़ा है। समझना कठिन नहीं कि 'खतरे में पड़ी स्मृति की सुरक्षा करना' यह विषय संकटग्रस्त धरोहरों को सहेजने का रेखांकित करने योग्य संदेश देती है। बीते कुछ बरसों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और प्रदूषण से कई ऐतिहासिक धरोहर खतरे में हैं। विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस नई पीढ़ी को भी यह याद दिलाता है कि तकनीकी संसार से जुड़कर डिजिटल युग में आगे बढ़ते हुए अपनी विरासत से भी जुड़े रहें। वस्तुतः, संरक्षण के साथ यह दिवस प्रत्येक व्यक्ति को दृश्य-श्रव्य ध्वनियों के प्रति सजग-संवेदनशील बनाने का उद्देश्य भी लिए है। ज्ञात हो कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा ऑडियो-विजुअल मनोरंजन और डिजिटल क्रिएटर्स को बढ़ावा देने के लिए 'विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन और 'जेम्स ऑफ इंडिया' जैसी मुहिम भी शुरू की गई हैं। इतना ही नहीं जनता को जागरूक करने के लिए ही विश्व दृश्य-श्रव्य धरोहर दिवस पर कई तरह की प्रतियोगिताएं, राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागारों, श्रव्य-दृश्य कम्युनिटीज़, टेलीविजन एवं रेडियो स्टेशनों और सरकारों के साझे प्रयासों से कई स्थानीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महत्वपूर्ण श्रव्य-दृश्य अभिलेखों को सहेजने से संबन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल चर्चाएं सम्मेलन, विशेष फिल्म स्क्रीनिंग और सार्वजनिक वार्ताएं आयोजित की जाती हैं।इसीलिए आमजन भी अपनी विरासत के प्रति सजग होकर ऑनलाइन मंचों पर उपलब्ध जानकारियों और सहजता से मिल रही सूचनाओं में रुचि लें। अपनी विरासत का मान करने हेतु उसे जानना-समझना जरूरी है। अपनी सांस्कृतिक पहचान और इतिहास को सहेजने की कोशिशों का हिस्सा बनने का भाव हर पीढ़ी में होना चाहिए। जनमानस के सकारात्मक रुझान से सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण से जुड़े प्रयासों को और बल मिलता है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो। जिसके पद चिह्नों पर चलकर और जिसके प्रदत्त मार्गदर्शन को अपनाकर जीवन को वैसा ही श्रेष्ठतम व सार्थक बनाया जा सके। यह समर्पण सघन श्रद्धा के माध्यम से ही बन पड़ता है।

भगवान की कृपा से ही सब मिलता है



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था, वह जब पूजा के लिए मंदिर जाता, तो 2 भिखारी उसके दाएं और बाएं बैठा करते। दाईं ओर वाला कहता: ए भगवान! तूने राजा को बहुत कुछ दिया है, मुझे भी दे दे। बाईं ओर वाला कहता: ऐ राजा! भगवान ने तुझे बहुत कुछ दिया है, मुझे भी कुछ दे दे। दाईं ओर वाला भिखारी बाईं ओर वाले से कहता: भगवान से माँग! निसंदेह वही सबसे अच्छा सुनने वाला है। बाईं ओर वाला जवाब देता: चुप कर मूर्ख। एक बार राजा ने अपने मंत्री को बुलाया और कहा कि मंदिर में दाईं तरफ जो भिखारी बैठता है, वह हमेशा भगवान से मांगता है। तो निसंदेह भगवान उसकी ज़रूर सुनेगा। लेकिन जो बाईं तरफ बैठता है, वह हमेशा मुझसे विनती करता रहता है। तो तुम ऐसा करो कि एक बड़े से बर्तन में खीर भर के उस में अशर्फियाँ डाल दो और वह उसको दे आओ। मंत्री ने ऐसा ही किया। अब वह भिखारी मजे से खीर खाते-खाते दूसरे भिखारी को चिढ़ाता हुआ बोला: हुह बड़ा आया, भगवान देगा। यह देख राजा से माँगा, तो मिल गया ना? खाने के बाद जब उस का पेट भर गया, तो उस ने खीर से भरा बर्तन उस दूसरे भिखारी को दे दिया। और कहा: ले पकड़.. तू भी खाले, मूर्ख! अगले दिन जब राजा पूजा के लिए मंदिर आया तो देखा कि बाईं तरफ वाला भिखारी तो आज भी वैसे ही बैठा है। लेकिन दाईं तरफ वाला गायब है। राजा ने चौंक कर उससे पूछा: क्या तुझे खीर से भरा बर्तन नहीं मिला? भिखारी: जी मिला था, क्या शानदार खीर थी। मैंने ख़ूब पेट भर कर खायी! राजा: फिर? भिखारी: फ़िरि वह जो दूसरा भिखारी यहाँ बैठता है, मैंने उसको दे दी। मूर्ख हमेशा कहता रहता था: भगवान देगा, भगवान देगा! राजा मुस्कुरा कर बोला: बेशक, भगवान ने उसे दे ही दिया! इसी तरह हमें भी उस भगवान से ही विनती करनी चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

पर्यावरण का संरक्षण जरूरी

दुनिया आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते प्रदूषण की गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी पूरी मानवता की है, लेकिन प्रदूषण के मुद्दे पर विकासशील देशों को अक्सर कठघरे में खड़ा किया जाता है। विकसित देश भूल जाते हैं कि उन्होंने दशकों तक संसाधनों का अधिकतम दोहन कर मजबूत आर्थिक ढांचा खड़ा किया है, जिसकी पर्यावरणीय कीमत पूरी दुनिया चुका रही है। यदि प्रदूषण की जिम्मेदारी तय करनी है, तो ऐतिहासिक कार्बन उत्सर्जन को भी ध्यान में रखना होगा। कार्बन टैक्स और पर्यावरण संबंधी प्रतिबंधों के नाम पर विकासशील देशों के विकास को बाधित करना न्यायसंगत नहीं है।

- सूर्यांश कौशिक, रोहतक

ट्रेंड

मर्यादाएं लांघ रहे राहुल



राहुल गांधी किस तरह मर्यादा की सीमाएं लांघ रहे हैं और रोजाना किस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं। अब हम उनकी पार्टी के अध्यक्ष को भी इसी तरह की भाषा का इस्तेमाल करते देख रहे हैं।
-नितिन नवीन, भाजपा अध्यक्ष

सीईसी को बचा रही सरकार



'वोट चोरी के अनगिनत खुलासों' के बावजूद केंद्र सरकार सीईसी ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। एक नवंबर को रामलीला मैदान में वोट बचाओ, देश बचाओ महा रैली होगी। इसे सफल बनाएं। -मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

कॉकरोचों को पनपने न दें



देश में 'दिमागी नक्सल', 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' और कॉकरोचों को कभी भी पनपने न दें। कॉकरोच, खटमल जैसी बुराइयां कोरोना वायरस की तरह फैलने की कोशिश कर रही हैं। इन्हें कीटनाशक स्प्रे 'हिट' से ही खत्म किया जा सकता है। आप सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हों।
-शुभेंदु अधिकारी, सीएम, पश्चिम बंगाल

भाजपा के पास कुछ नहीं



भाजपा को हर मुद्दे पर राजनीति करने और जनता का ध्यान भटकाने के बजाय लोकतंत्र से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष का उद्देश्य किसी का अपमान करना नहीं रहा। भाजपा जिस तरह हंगामा कर रही है, उससे स्पष्ट है कि उसके पास जनता के मुद्दों पर जवाब देने के लिए कुछ नहीं है।
-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण दस्ता यात्रा पर पहुंचा श्रीलंका



भारतीय नौसेना का प्रथम प्रशिक्षण दस्ता दो युद्धपोतों और तटरक्षक बल के एक पोत के साथ सोमवार को तीन दिवसीय सद्भावना यात्रा पर श्रीलंका पहुंचा। भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना है। यह यात्रा लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान का हिस्सा है। इसके तहत दस्ता श्रीलंका के बाद सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया और मालदीव की राजधानी माले भी जाएगा। इसके बाद यह कोच्चि स्थित अपने आधार बंदरगाह पर लौटेगा। यह प्रशिक्षण दस्ता भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और मित्र देशों की नौसेनाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों को समुद्र में प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस दस्ते की कमान प्रथम प्रशिक्षण दस्ते के वरिष्ठ अधिकारी और आईएनएस तीर के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन तिजो के. जोसेफ के हाथों में है। भारतीय मिशन ने बताया कि श्रीलंका नौसेना के पांच प्रशिक्षु अधिकारी भी इस लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। श्रीलंका नौसेना के प्रशिक्षण महानिदेशक रियर एडमिरल रोहन जोसेफ के कोलंबो बंदरगाह पहुंचने पर इन पोतों का दौरा करने और उन पर तैनात कमांडिंग अधिकारियों, प्रशिक्षण अधिकारियों तथा प्रशिक्षुओं से बातचीत करने की योजना है।

ऑफ बीट

ब्रिटेन में लंबे पंजों वाले नए डायनासोर का जीवाश्म मिला



ब्रिटेन के आइल ऑफ वाइट से मिले मांसाहारी डायनासोर की एक नयी प्रजाति की खोपड़ी का जीवाश्म 100 से अधिक वर्षों तक संग्रह में रखे रहने के बाद 'नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम' में दोबारा मिला है। लंदन स्थित इस संग्रहालय के करीब 150 साल के इतिहास में यहां तीन करोड़ से अधिक नमूने हैं। ऐसे में किसी जीवाश्म या चट्टान का संग्रह में कहीं छूट जाना असामान्य नहीं है। संभवतः ऐसा ही ब्रिटेन में खोजे गए इस नए डायनॉसोर के एकमात्र ज्ञात जीवाश्म के साथ हुआ। अनुसंधानकर्ताओं ने एक नए अध्ययन में दो पैरों पर चलने वाले इस मांसाहारी थेरोपोड डायनासोर का नाम 'इन्विक्टिबेलाट्रिक्स एम्बरिना' रखा है। थेरोपोड डायनासोर के इसी समूह में आधुनिक पक्षी भी शामिल हैं। संग्रहालय के जीवाश्म विज्ञानियों में से एक पॉल बैरेट ने 2020 में जीवाश्मों के संग्रह की जांच के दौरान हड्डी का एक छोटा टुकड़ा देखा। उन्होंने पहचान लिया कि यह डायनासोर की खोपड़ी के एक महत्वपूर्ण हिस्से, यानी मस्तिष्क को सुरक्षित रखने वाली हड्डी (ब्रेनकेस) का टुकड़ा है। संग्रहालय के अभिलेखों की जांच करने पर पता चला कि यह जीवाश्म इंग्लैंड के दक्षिणी तट से दूर स्थित आइल ऑफ वाइट के सडमूर प्वाइंट के पास एक समुद्र तट से मिला था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सीमा पर तनाव को लेकर चीन ने तोड़ी चुप्पी कहा- 'शांति और स्थिरता' बनाए रखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच आमने-सामने की स्थिति की खबरों के बाद चीन ने प्रतिक्रिया दी है। चीनी विदेश मंत्रालय ने भारत से सीमा संबंधी समझौतों और सहमतियों को लागू करने तथा शांति और स्थिरता बनाए रखने की अपील की है। प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि दोनों देश राजनयिक और सैन्य माध्यमों से संपर्क में हैं। वहीं, भारत ने कहा है कि सीमा पर स्थिति तब बिगड़ती है, जब चीनी सैनिक गश्त के तय तरीकों का पालन नहीं करते। दोनों देश तनाव कम करने के लिए संवाद जारी रखे हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने गुरुवार को कहा था कि सीमा पर तैनात आईटीबीपी के शौर्य कमांडो ने इन परिस्थितियों से निपटने में बेहतर काम किया है। कपूर के बयान के बाद अरुणाचल प्रदेश में तनाव की स्थिति को लेकर चीन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उसने भारत से सीमा समझौतों को लागू करने और शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील की।

अरुणाचल में सैनिकों के बीच टकराव की स्थिति आए दिन बनती है...

- *भारत का आरोपः चीनी सैनिकों के गश्त के तय तरीकों से हटने पर बिगड़ती है स्थिति*
- *दोनों ही देश के बीच लंबित मुद्दों के समाधान के लिए बातचीत जारी रखे हुए हैं*
- *एलएसी की समझ बढ़ाने और गलत आकलन से बचने के उपायों पर चर्चा*

> चीन की अपीलः सीमा समझौतों का पालन करने और शांति व स्थिरता बनाए रखने पर दिया जा रहा जोर, आगे ही प्रयास होंगे

समझौतों और सहमतियों को बीजिंग सख्ती से करता है पालन : चीन


गुओ जियाकुन

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, चीन ने दोनों देशों के बीच हुए समझौतों और अहम सहमतियों का लगातार और सख्ती से पालन किया है। उन्होंने कहा, चीन सीमा पर क्षेत्रीय संप्रभुता और स्थिरता बनाए रखने के लिए नियमित गश्त और प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियां करता है। उन्होंने चीन-भारत सीमा पर एक बार फिर आमने-सामने की स्थिति बनने की खबरों पर यह बयान दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि ऐसी घटनाएं तब होती हैं, जब चीनी सैनिक गश्त के तय तरीकों से हटकर काम करते हैं। गुओ ने कहा, चीन और भारत राजनयिक और सैन्य माध्यमों से एक-दूसरे के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, चीन को उम्मीद है कि भारत भी इसी दिशा में काम करेगा। दोनों देश मिलकर आपसी सहमतियों को लागू करेंगे। साथ ही, सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

चीनी सेनाएं तय तरीकों का पालन नहीं करतीः

इससे पहले, भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन के साथ सीमा पर आमने-सामने की स्थिति के सवाल पर कहा था, जहां तक इस मामले की खास जानकारी का सवाल है, मैं आपको रक्षा मंत्रालय से संपर्क करने के लिए कहूंगा। जैसा कि हम पहले भी बता चुके हैं, भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति समय-समय पर तब बिगड़ती है, जब चीनी सेनाएं गश्त के तय तरीकों का पालन नहीं करती हैं। उन्होंने आगे कहा, दोनों देश लंबित मुद्दों को सुलझाने और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गलतफहमी व गलत आकलन से बचने के लिए मौजूदा राजनयिक और सैन्य व्यवस्थाओं का इस्तेमाल जारी रखे हुए हैं। दोनों देश सीमा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए उपयुक्त क्षेत्रों में एलएसी की समझ बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भी सहमत हुए हैं। मैं इस बात पर भी जोर देना चाहूंगा कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों के आपसी संबंधों के समग्र विकास के लिए जरूरी है।


जायसवाल

खबर संक्षेप

भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 28-29 अक्टूबर को फिलीपींस के सेबू में होने वाली



आसियान रक्षा मंत्रियों की 13वीं बैठक (एडीएमएम-प्लस) में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। बैठक में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा होगी। भारत और मलेशिया 2024-2027 के लिए आतंकवाद-रोधी विशेषज्ञ कार्यसमूह की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं।

ब्रह्मपुत्र में बढ़ सकता है बाढ़ का खतरा

चीन के शोधकर्ताओं ने इस सदी में ब्रह्मपुत्र नदी के जलप्रवाह में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे भारत



और बांग्लादेश में बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। इस चेतावनी ने तिब्बत में चीन की प्रस्तावित 168 अरब डॉलर की मेगा बांध परियोजना के संभावित प्रभावों पर चिंता बढ़ा दी है। चीनी विज्ञान अकादमी और युन्नान विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पेड़ों के छल्लों के आंकड़ों के आधार पर 1325 से 2020 तक नदी के जलप्रवाह का ऐतिहासिक आकलन किया ।

राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 2.12 लाख करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी मिली

भारतीय सेना को मिलेंगे नए ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम जिसमें 82% खरीद स्वदेशी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 26 अक्टूबर को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में करीब 2.12 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें आधुनिक तोप प्रणाली, हेलिकॉप्टर, एयर डिफेंस सिस्टम, निगरानी उपकरण और लंबी दूरी तक हमला करने वाले ड्रोन शामिल हैं। इन प्रस्तावों का मकसद तीनों सेनाओं की मारक क्षमता, निगरानी और हवाई सुरक्षा को मजबूत करना है। खास बात यह है कि कुल स्वीकृत स्वीकृति की आवश्यकता में से करीब 82 फीसदी खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी।

भारतीय सेना के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल्स, सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम, गन शॉट रिस्पॉन्स सिस्टम, लाइट मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर, वेरी शॉर्ट-रेंज एयर डिफेंस सिस्टम और प्लेटफॉर्म-आधारित काउंटर अनमैन्ड एरियल सिस्टम की खरीद को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, अनमैन्ड एरियल सिस्टम (लॉन्ग रेंज), सर्विलांस , इंटीग्रेटेड सर्विलांस एंड स्ट्राइक सिस्टम और लॉन्ग रेंज कामिकेज ड्रोन सिस्टम भी इस सूची में शामिल हैं। इनसे सेना की निगरानी, लक्ष्य साधने और दुश्मन के हवाई खतरों से निपटने की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

- **वायु सेना के परिचालन और हवाई निगरानी को सुदृढ़ बनाने के लिए कई प्रणालियों की मंजूरी दी गई**
- **स्पेशल यूटिलिटी हेलिकॉप्टर से हवाई परिवहन को सपोर्ट करने में बड़ा काम आएगा**

कठिन इलाकों में बढ़ेगी सेना की ताकत


राजनाथ सिंह

हाई मोबिलिटी व्हीकल्स कठिन इलाकों में आवाजाही और लॉजिस्टिक सपोर्ट को बेहतर बनाएंगे। सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम मशीनीकृत इकाइयों को गतिशीलता और मारक क्षमता प्रदान करेगा। वहीं, एक फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में काम करेगा और बलों को वास्तविक समय में स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराएगा। इससे परिचालन के दौरान स्थिति का आकलन करने में मदद मिलेगी।



हेलिकॉप्टर और ड्रोन से मजबूत होगी निगरानी

लाइट मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना दोनों करेंगी। इनका उपयोग टोही और निगरानी, युद्ध, सैनिकों की खोज और बचाव, मानवीय सहायता तथा आपदा राहत जैसे कार्यों में किया जाएगा। नई पीढ़ी के छोटे हवाई खतरों से निपटने में सक्षम होगा। वहीं आधुनिक युद्धक्षेत्र में टैंकों की सुरक्षा और उनके बचे रहने की क्षमता को बढ़ाएगा। निगरानी और ड्रोन सिस्टम सेना की निगरानी तथा लक्ष्य साधने की क्षमताओं को बेहतर बनाएंगे।

वायुसेना को हेलिकॉप्टर और आधुनिक नौसैन्य रडार

भारतीय वायु सेना के लिए हवाई सुरक्षा और युद्ध लड़ने की क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से हेलिकॉप्टरों, वायु रक्षा प्रणालियों, हथियारों और मोबाइल एक्स-बैंड डॉप्लर वेदर रडार सिस्टम की खरीद को मंजूरी दी गई है। स्पेशल यूटिलिटी हेलिकॉप्टर से वायुसेना की महत्वपूर्ण हवाई परिवहन जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। वहीं, एक्स-बैंड डॉप्लर वेदर रडार सिस्टम अग्रिम क्षेत्रों में उच्च-रिजॉल्यूशन वाली, स्थानीय मौसम निगरानी प्रदान करेगा।

नौसेना की युद्ध क्षमताओं और ताकत को बढ़ाने पर जोर

नौसेना की युद्ध क्षमताओं और जहाजों की सुरक्षा बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसके आधुनिक एंटी-शिप मिसाइलों के खिलाफ नौसैनिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक्टिव ऑफबोर्ड डिकॉय सिस्टम की खरीद को मंजूरी मिली है। वहीं स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित अन्य नौसैनिक प्लेटफॉर्मों के अधिग्रहण दी गई है।

82 फीसदी खरीद भारतीय उद्योगों से होगी

करीब 2.12 लाख करोड़ रुपये के इन प्रस्तावों में थलसेना, नौसेना और वायुसेना की अलग-अलग परिचालन जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। कुल स्वीकृत आवश्यकता की स्वीकृति में से करीब 82% खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी, जिससे घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। हालांकि, स्वीकृति की आवश्यकता रक्षा खरीद प्रक्रिया में शुरुआती मंजूरी होती है। इसका अर्थ यह नहीं है कि उपकरणों की खरीद पूरी हो गई है या उनकी डिलीवरी शुरू हो गई है।

फारूक अब्दुल्ला के बयान भड़के लोग कहा

माफी मांगें या पाकिस्तान चले जाएं एनएसए के तहत कार्रवाई की मांग

एजेंसी ▶▶ जम्मू



पाकिस्तान को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के बयान के बाद सोमवार को जम्मू में उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हुए। एक भाजपा सांसद ने उनसे कहा कि या तो वे भारत की जनता से माफी मांगें, या फिर पड़ोसी देश में जाकर रहने के बारे में सोचें। अब्दुल्ला ने बारामूला में एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों की रक्षा कर रहा है। इस बयान पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं और बीजेपी नेताओं तथा कई संगठनों ने उनकी गिरफ्तारी की मांग तक कर दी। अब्दुल्ला ने कहा, अगर आप अपनी पहचान नहीं बचाएंगे, तो आप मिट जाएंगे। हमारा नामो-निशान और पहचान तक खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा। वे आज इसलिए चुप हैं क्योंकि दुनिया में शोर है, और हमारा पड़ोसी देश लगातार इसके पीछे है। वे हर जगह कहते हैं कि कश्मीर को लेकर अभी फैसला नहीं हुआ है। यही बात हमें बचा रही है। वरना, उनके इरादे अच्छे नहीं हैं।

राष्ट्रीय बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, भारतीय जनता युवा मोर्चा, डोगरा फ्रंट और नेशनल एंटी-टेररिज्म फ्रंट ने अब्दुल्ला के खिलाफ मार्च निकाला और प्रदर्शन किया। उन्होंने नारे लगाए और अब्दुल्ला के पुतले जलाए। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सत शर्मा ने मांग की कि अब्दुल्ला पूरे देश से माफी मांगें।

पाकिस्तान कश्मीरियों का शुभचिंतक कैसे?

भाजपा विधायक विक्रम रंधावा ने इस बयान को राष्ट्र-विरोधी करार दिया और कहा कि इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने अब्दुल्ला पर आरोप लगाया कि वे एक ऐसे देश के पक्ष में बोल रहे हैं, जिसने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अशांति को बढ़ावा दिया है। जम्मू-कश्मीर बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष रविंदर रैना ने भी इस बयान की निंदा की। उन्होंने सवाल उठाया कि पाकिस्तान, जिस पर भारत ने बार-बार सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया है, उसे जम्मू-कश्मीर के लोगों का शुभचिंतक कैसे कहा जा सकता है? उन्होंने भी अब्दुल्ला से माफी की मांग की। भाजपा नेता शक्ति राज परिहार ने भी इन बयानों की निंदा की और देशद्रोह के आरोप में एफआईआर दर्ज करने तथा अब्दुल्ला की गिरफ्तारी की मांग की।

14 साल से सत्ता पर काबिज राष्ट्रपति के गठबंधन को मिली हार

भ्रष्टाचार विरोधी 'स्टूडेंट लिस्ट' को 52% वोट

सर्बिया में छात्र आंदोलन की जीत वुसिक की पार्टी सत्ता से हुई बाहर

एजेंसी ▶▶ सर्बिया

भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुए छात्र आंदोलन ने सर्बिया की राजनीति में बड़ा बदलाव ला दिया है। शुरुआती चुनावी रुझानों के अनुसार, छात्र आंदोलन से उभरे 'स्टूडेंट लिस्ट' गठबंधन ने संसद में पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, रूस समर्थक राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक के गठबंधन को हार का सामना करना पड़ा है।

वुसिक ने अपनी हार स्वीकार करते हुए माना कि विपक्षी गठबंधन अगली सरकार बनाने की स्थिति में है। स्वतंत्र मतदान एजेंसियों के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, 'स्टूडेंट लिस्ट, स्टूडेंट्स विन' को


वुसिक

52 प्रतिशत यानी करीब 22 लाख वोट मिले, जबकि वुसिक के गठबंधन 'अलेक्जेंडर वुसिक यूनाइटेड सर्बिया' को 39.3 प्रतिशत यानी लगभग 17.2 लाख वोट हासिल हुए।

वुसिक ने अपनी हार के लिए स्वतंत्र मीडिया, कुछ यूरोपीय देशों के कथित हस्तक्षेप और अमेरिकी डीप स्टेट को जिम्मेदार ठहराया। छात्र आंदोलन की शुरुआत नवंबर 2024 में नोवी साद रेलवे स्टेशन की छत गिरने की घटना के बाद हुई थी। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद सरकारी भ्रष्टाचार, लापरवाही और जवाबदेही की कमी के आरोपों को लेकर देशभर में प्रदर्शन शुरू हो गए।

छात्रों ने विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन और संस्थानों की नाकेबंदी कर सरकार पर दबाव बनाया। आंदोलन से जुड़े प्रमुख उम्मीदवार रादोमिर साइसिक ने इसे ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा कि यह डर पर साहस और निराशा पर उम्मीद की जीत है। छात्र आंदोलन की इस सफलता को युवा मतदाताओं की राजनीतिक भागीदारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनाक्रोश के बड़े संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

आईएनएस त्रिशूल सिविटावेकिया पहुंचा

भारतीय और इतालवी नौसेना ने किया संयुक्त समुद्री अभ्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईएनएस त्रिशूल इटली के सिविटावेकिया शहर पहुंचा है। बंदरगाह पहुंचने से पहले भारतीय नौसेना के जहाज ने इतालवी नौसेना के जहाज कार्लो मार्गोटिनी के साथ संयुक्त मार्ग अभ्यास (पासेक्स) किया। इसमें समन्वित युद्धाभ्यास, संचार, रसद आपूर्ति, कर्मियों का स्थानांतरण और जहाज पर चढ़ने संबंधी गतिविधियां शामिल रहीं।

अभ्यास से दोनों नौसेनाओं के बीच परिचालन समन्वय मजबूत हुआ और अनुभवों का आदान-प्रदान किया गया। बंदरगाह पर ठहराव के दौरान दोनों नौसेनाओं के



अधिकारियों के बीच पेशेवर बातचीत और सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी। जहाज को आम लोगों के अवलोकन के लिए भी खोला जाएगा। इस दौरान आगंतुकों को भारतीय नौसेना की समुद्री परंपराओं और क्षमताओं को जानने का अवसर मिलेगा। यह पहल भारत और इटली के बीच समुद्री सहयोग बढ़ाने तथा दोनों देशों की नौसेनाओं के संबंध मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

लैटिन अमेरिका में वामपंथी नेतृत्व की वापसी का संकेत

रूढ़िवादी प्रतिद्वंद्वी को दी कड़ी मात

ब्राजील में लूला की फिर जीत, ट्रंप के करीबी बोल्सोनारो को हराया

एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर (रनऑफ) में रूढ़िवादी प्रतिद्वंद्वी फ्लावियो बोल्सोनारो को हराकर फिर से चुन लिए गए हैं। देश के चुनाव प्राधिकरण ने यह घोषणा की, जिससे लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वामपंथी नेतृत्व के अधीन बनी रहेगी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, 78% से अधिक वोटों की गिनती के बाद लूला 51.21% वोटों के साथ आगे चल रहे थे, जबकि बोल्सोनारो को 48.79% वोट मिले थे। चुनाव प्राधिकरण द्वारा लूला की जीत की


बाएं से बोल्सोनोरे और लूला

पुष्टि करने से पहले ही पोलस्टर डेटाफोलहा ने उनकी जीत का अनुमान लगा लिया था। यह परिणाम लैटिन अमेरिका में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के सहयोगियों के लिए एक बड़ा झटका है। बोलसोनारो की जीत ब्राजील में दक्षिणपंथी झुकाव को दर्शाता। वहीं, लूला की जीत का मतलब है कि अब ब्राजील और मेक्सिको दोनों देशों में वामपंथी विचारधारा वाले नेता हैं। सीनेटर फ्लावियो बोलसोनारो ने वॉशिंगटन के साथ करीबी रिश्ते बनाने के मुद्दे पर चुनाव प्रचार किया था। उन्होंने ट्रंप प्रशासन के साथ बेहतर समझौते करने का वादा भी किया था। लूला ने ब्राजील के प्रति अमेरिकी नीतियों की आलोचना की थी। इनमें ब्राजीलियाई निर्यात पर लगाए गए शुल्क और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले समूहों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करने जैसे मुद्दे शामिल थे। यह मुकाबला दो बिल्कुल विपरीत राजनीतिक खेमों के बीच था। इनके बीच अमेरिका के संबंधों, अपराध, जलवायु और सामाजिक कल्याण जैसे मुद्दों पर गहरे मतभेद थे।

मिसाइल हमले में हुई थी मौत

अब दो महीने बाद भारत आएगा यूक्रेन में मारे गए सुदर्शन का शव

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

यूक्रेन में रूसी मिसाइल हमले में मारे गए तेलंगाना निवासी अविलाला



सुदर्शन गौड़ का पार्थिव शरीर 31 अक्टूबर तक भारत पहुंचने की उम्मीद है। उनकी पत्नी वी. भार्गवी पिछले दो महीने से शव वापस लाने के लिए सरकारी अधिकारियों से गुहार लगा रही थीं। मुख्यमंत्री के प्रवासी प्रजावाणी कार्यक्रम में शिकायत के बाद प्रक्रिया तेज हुई।

42 वर्षीय सुदर्शन एक मई को रोजगार के लिए यूक्रेन गए थे। वह कीव में एक निर्माण कंपनी में काम कर रहे थे। एक सितंबर को हुए ड्रोन-मिसाइल हमले में 13 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें सुदर्शन भी शामिल थे। परिजनों के मुताबिक, कंपनी ने हादसे की सूचना दी, लेकिन शव भारत लाने की व्यवस्था नहीं की। भारतीय दूतावास ने पार्थिव शरीर वापस लाने में करीब छह लाख रुपये खर्च आने की जानकारी दी थी। सुदर्शन परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए विदेश गए थे। उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी कॉलेज में पढ़ती है, जबकि छोटी इंटरमीडिएट के दूसरे वर्ष में है। वह अपनी गंभीर रूप से बीमार मां के इलाज का खर्च भी उठा रहे थे।

इजराइल के प्रधानमंत्री ने फिर दी हमले की चेतावनी

नेतन्याहू ने संभावित हमले की आशंका जताई सेना को बताया तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान को युद्ध से रोकने में जुटे तीन देश, तेहरान पहुंचे सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के प्रतिनिधि

ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच फिर से बड़े सैन्य संघर्ष की आशंका के बीच सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये ने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं। तीनों देशों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को तेहरान में ईरानी अधिकारियों से मुलाकात की। बातचीत का उद्देश्य क्षेत्रीय तनाव कम करना, संभावित युद्ध टालना और ईरान-अमेरिका के बीच समझौते की राह तलाशना है।

यह पहल ऐसे समय में हुई है, जब दोनों पक्षों के बीच बयानबाजी तेज है और क्षेत्र में सैन्य टकराव की आशंका बनी हुई है। सऊदी अरब के रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान, पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और तुर्किये की खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों और वार्ताकारों से बातचीत की। बैठक में अमेरिका और ईरान के बीच संवाद आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई।

अधिकारियों के मुताबिक, यमन में जारी युद्ध और ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के सऊदी अरब पर हमलों का मुद्दा भी उठा। संबंधित अधिकारियों ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी।

ईरान के एक अधिकारी ने भी प्रतिनिधिमंडलों के तेहरान पहुंचने की पुष्टि की। सऊदी अरब ने बयान जारी कर कहा कि इन बैठकों से क्षेत्रीय तनाव कम करने, सुरक्षा मजबूत करने और स्थिरता को बढ़ावा देने के उपाय तलाशने की उम्मीद है।

> ईरान ने कहा, कूटनीति के रास्ते खुले हैं लेकिन आत्मसमर्पण की शर्त मंजूर नहीं

ईरान बोला- कूटनीति के रास्ते खुले



- *यूएस समझौते की राह तलाशने पर जोर, यमन युद्ध और हूती विद्रोहियों के हमलों पर भी हुई चर्चा*

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सप्ताहांत में कहा कि तेहरान ने कूटनीति के रास्ते बंद नहीं किए हैं। मध्यस्थों के जरिए अमेरिका तक संदेश पहुंचाए जा रहे हैं। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से रुकी बातचीत के बावजूद अमेरिका अपनी एकतरफा मांगें थोपने पर अड़ा है। बघाई ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य अधिकारी बार-बार ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसका आशय ईरान के पूर्ण आत्मसमर्पण से है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान ऐसी शर्तें स्वीकार नहीं करेगा।

नेतन्याहू ने दी कड़े प्रहार की चेतावनी

इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को ईरान को लेकर चेतावनी दोहराई। उन्होंने खुफिया जानकारी का हवाला देते हुए आशंका जताई कि ईरान या उसके समर्थित संगठन चुनावों में बाधा डालने के लिए मतदान से पहले हमला कर सकते हैं। वीडियो बयान में नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना बचाव और हमले, दोनों के लिए तैयार है। उन्होंने चेतावनी दी कि विरोधियों को ऐसे जोरदार प्रहार झेलने पड़ सकते हैं, जिनकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। ईरान और अमेरिका के बीच मांगों को लेकर मतभेद तथा इजराइल की सख्त चेतावनियों के बीच क्षेत्रीय तनाव कम करना बड़ी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में बातचीत आगे बढ़ने की उम्मीद है।



कबीर का बेटा बना डायरेक्टर 23 साल की उम्र में किया डेब्यू

मुंबई। बजरंगी भाईजान और ट्यूबलाइट जैसी फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर कबीर खान के बेटे विवान खान ने 23 साल की उम्र में अपना डेब्यू कर लिया है। पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए उन्होंने निर्देशन में ही अपने कॅरियर की शुरुआत की है। उन्होंने इंस्टाग्राम सीरीज के माध्यम से अपना सफर शुरू किया है जिसका नाम प्रोजेक्ट प्लस 91 है। इसके जरिए उन्होंने देश की विभिन्न संस्कृति और सभ्यताओं को अपने कैमरे में कैद किया है। इस सीरीज के जरिए उन्होंने देश के अलग-अलग कोने में भ्रमण किया है और वहां की संस्कृति को अपने कैमरे में कैद किया है। उनकी या पेज और तस्वीरें चर्चा में आई हैं जो भारत देश के वर्सेटाइल कल्चर की एक अद्भुत झलक हैं।

लाइफ Style

नयनतारा


'जेलर 2' की जबरदस्त सफलता के बीच रजनीकांत के फैंस को एक और सरप्राइज मिला है। अब रजनीकांत, कमल हासन द्वारा निर्मित फिल्म 'धर्मन' में नजर आएंगे और फिल्म में उनके साथ नयनतारा भी नजर आएंगी।

धर्मन में रजनीकांत के साथ आएंगी नजर

मुंबई। मेकर्स ने एक नए पोस्टर के साथ उनके शामिल होने की घोषणा की। साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार नयनतारा, रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म 'धर्मन' की कास्ट में शामिल हो गई हैं। इस फिल्म के जरिए पांच साल बाद नयनतारा सुपरस्टार रजनीकांत के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। इससे पहले रजनीकांत के साथ लेडी सुपरस्टार 2021 की फिल्म 'अन्नाथे' में साथ दिखाई दी थीं और अब एक बार फिर दोनों साथ नजर आने वाले हैं और इस खबर ने इन दोनों सुपरस्टार्स के फैंस को खुश कर दिया है। अश्वथ मारिमुथु द्वारा लिखित और निर्देशित, यह तमिल मेडिकल ड्रामा का ऐलान 'थलाइवर 173' के नाम से किया गया था, इसे कमल हासन प्रोड्यूस किया जा रहा है। निर्माताओं ने रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर करके नयनतारा को कास्ट किए जाने की घोषणा की। मेकर्स ने हाल ही में 'धर्मन' की कास्टिंग से जुड़ी जानकारी साझा की। 'राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल' ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्टर जारी किया, जिसमें रजनीकांत और नयनतारा की परछाइयां दिखाई दे रही हैं। दोनों एक-दूसरे की तरफ देखते हुए एक बड़ी कांच की खिड़की के सामने खड़े नजर आ रहे हैं। खिड़की से आती सुनहरी धूप एक शानदार 'बैकलिट' इफेक्ट पैदा कर रही है, जिससे दोनों कलाकारों की छाया दिखाई देती है।



हॉलीवुड मसाला



70 साल के बुज़ुर्ग के रूप में आए नजर

लॉस एंजिल्स। 'द रॉक' के नाम से मशहूर हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन अपने दमदार शरीर और एक्शन अवतार के लिए सुर्खियों में बने रहता हैं। लेकिन, इस बार उनका ऐसा लुक सामने आया है, जिसे देखकर फैंस के लिए उन्हें पहचानना मुश्किल हो गया। अपनी अपकमिंग फैंटेसी एडवेंचर फिल्म 'लिजर्ड म्यूजिक' में ड्वेन 70 साल के एक बूढ़े व्यक्ति के किरदार में नजर आएंगे। जबकि उनकी असली उम्र 54 साल है।



बग्स बनी और डैफी डक को दी अपनी आवाज

लॉस एंजिल्स। मशहूर वॉयस आर्टिस्ट एरिक बाउजा का 46 साल की उम्र में अचानक निधन हो गया है। वह लोकप्रिय कार्टून किरदार बग्स बनी और डैफी डक को अपनी आवाज देने के लिए जाने जाते थे। एरिक बाउजा के परिवार ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर उनके निधन की पुष्टि की। बयान में बताया गया कि एरिक एमी अवॉर्ड जीतने वाले वॉयस आर्टिस्ट थे। उन्होंने लूनी ट्यून्स के कई मशहूर किरदारों को अपनी आवाज दी थी। उनके अचानक चले जाने से उनके चाहने वालों को बड़ा झटका लगा है। एरिक को हाल ही में फिल्म कोयोट वर्सेज एक्मे में भी सुना गया था। उन्होंने अपने करियर में कई ऐसे कार्टून किरदारों को आवाज दी, जिन्हें दुनियाभर के दर्शक पसंद करते हैं। एरिक बाउजा का नाम लूनी ट्यून्स के साथ खास तौर पर जुड़ा रहा।



'बैचलर पार्टी डीयू' में पॉली के रोल में दिखेंगी ज्योतिर्मयी

नई दिल्ली। मलयालम सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर अमल नीरद की नई फिल्म 'बैचलर पार्टी डीयू' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। अब मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी अपडेट शेयर कर दी है। फिल्म में एक्ट्रेस ज्योतिर्मयी के कैरेक्टर नेम का खुलासा हो गया है। वह इस फिल्म में 'पॉली' के किरदार में नजर आने वाली हैं। डायरेक्टर अमल नीरद ने सोशल मीडिया पर उनका पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'ज्योतिर्मयी इज पॉली'। यह फिल्म साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म 'बैचलर पार्टी'का सीक्वल है। फिल्म में एक से बढ़कर एक कलाकारों की पूरी फौज नजर आने वाली है।प्रेमलु फिल्म से फेमस हुए एक्टर नसलेन इस मूवी में लीड रोल में हैं। मेकर्स ने ज्योतिर्मयी के अलावा कई और स्टार्स के कैरेक्टर नेम भी रिवील कर दिए हैं। नादिया मोइदू फिल्म में अन्ना मैथ्यूज का रोल प्ले कर रही हैं, जबकि रजीशा विजयन सिंपल के किरदार में दिखेंगी।



अनुष्का-विराट कान्हा की भक्ति में हुए लीन, भजन पर झूमे

मुंबई। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने हाल ही में मुंबई में आयोजित कृष्णा दास के कीर्तन में शामिल हुए। कपल साथ-साथ भक्ति गीतों पर डूबे नजर आए। कृष्णा दास कीर्तन से कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें उन्हें कान्हा की भक्ति में डूबे देखा जा सकता है। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली कोहली बॉलीवुड और क्रिकेट इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक हैं। हाल ही में ये दोनों मुंबई में अमेरिकी संगीतकार और गायक कृष्णा दास के लाइव कीर्तन में भक्ति संगीत का आनंद लेते देखे गए। इस कार्यक्रम से विराट-अनुष्का की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिनमें दोनों को कान्हा की भक्ति में लीन देखा जा सकता है। सोशल मीडियापर शेयर किए गए वीडियो में, अनुष्का और विराट को एक साथ भक्ति संगीत का आनंद लेते हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में अनुष्का और विराट एक-दूसरे के बगल में बैठे हुए संगीत की धुन पर झूमते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



साई ने 'सीता मां' के सवाल पर दिया दिल खुश करने वाला जवाब

नई दिल्ली। रामायण की स्टार कास्ट रणबीर कपूर, साई पल्लवी और रवि दुबे हाल में अमिताभ बच्चन के शो 'कौन बनेगा करोड़पति के सेट पर पहुंचे थे। यहां साई पल्लवी ने एक सवाल का ऐसा जवाब दिया जिसे सुनकर अमिताभ भी प्रभावित हो गए। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'रामायण' अगले हफ्ते थिएटर में दस्तक देने वाली है। फिल्म रिलीज से पहले स्टार कास्ट इसके प्रमोशन में बिजी हैं। अमिताभ बच्चन ने शो पर पहुंचे रणबीर, साई और रवि से सवाल करते हुए पूछा कि जब निर्माता-निर्देशक ने उन्हें फिल्म में उनके किरदारों के बारे में बताया तो उनके दिमाग में क्या चल रहा था और कैसे तैयारी की। इसके बाद अमिताभ ने मुस्कुराते हुए कहा 'लेडीज फर्स्ट'। साई पल्लवी ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जब उन्हें पता चला कि वो सीता मां का किरदार निभाने वाली हैं तो उन्होंने कुछ नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि वो हमेशा कोई भी किरदार निभाने से पहले ये सोचती हैं कि वो इस किरदार में अपना क्या जोड़ सकती हैं।

बिना नाम लिए काशवी ने मांगी माफी

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में स्काउट ओपी उर्फ तन्मय और लव गिल के बीच अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली। वैसे तो स्काउट ने शो में कहा कि वे लव को अपनी बहन मानते हैं। मगर, कुछ एपिसोड में दोनों के बीच ऐसी चीजें देखने को मिली, जिसके बाद उनके रिश्ते पर सवाल उठने लगे। स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी भी इससे असहज और आहत हुईं और बीते दिन शो में आकर उन्होंने स्काउट और लव दोनों की क्लास लगा दी। इसके बाद काशवी ने सफाई दी है। उन्होंने अपनी कही बातों पर खेद जताया है। काशवी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। काशवी ने लिखा है, 'मेरा इरादा स्काउट से बात करना था। उसकी गलतियों को बताना था, जो मुझे लगा कि उसने की हैं। उसके कामों के लिए उसे जिम्मेदार ठहराना था।



बेपरवाह का फर्स्ट लुक आउट

शरवरी संग इश्क लड़ाएंगे अहान

मुंबई। अहान पांडे ने मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा'से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को दर्शकों का इतना प्यार मिला का फिल्म ब्लॉकबस्टर बन गई। तभी से फैंस अहान को फिर से स्क्रीन पर देखने के लिए बेताब थे। अब फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। अहान जल्द ही यश राज की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वो शरवरी वाघ के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। मेकर्स ने फिल्म का टाइटर और पहला पोस्टर भी जारी कर दिया है। फिल्म का नाम 'बेपरवाह'है, जिसका निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं, जबकि आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं। ये एक रोमांटिक एक्शन-ड्रामा फिल्म है। । फिल्म 26 मार्च को सिनेमाघरों में रीलीज होगी। फिल्म के पहले पोस्टर से इसकी कहानी में रोमांस और एक्शन का मेल देखने को मिल रहा है। पोस्टर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है। पोस्टर में अहान के हाथ में बंदूक है, जबकि शरवरी गिटार पकड़े नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरे पोस्टर में नहीं दिखाए गए हैं। इससे मेकर्स ने फिलहाल उनके लुक को छिपाकर रखा है। पोस्टर के साथ डायलॉग भी सुनाई दे रहा है, जिसमें अहान की आवाज में सुनाई दे रहा है- 'बेपरवाह है इश्क, क्या करूं? बेपरवाह, बेइंतहा करूं, कोई भी आए तो सब तबाह, तबाह, तबाह कर दूं।' बेपरवाह में अहान और शरवरी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। बता दें कि यशराज फिल्म्स के साथ ये अहान की दूसरी फिल्म है। इससे पहले यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा से अपना एक्टिंग डेब्यू कर चुके हैं, जिसे मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया था। इस पोस्टर पर अहान पांडे की रुमर्ड गर्लफ्रेंड और सैयारा एक्ट्रेस अनीत पड्डा का रिएक्शन भी आया। एक्ट्रेस ने कमेंट कर लिखा- बेस्ट ऑफ बेस्ट! बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं! इस फिल्म के जरिए अली अब्बास जफर भी यशराज फिल्म्स के साथ वापसी कर रहे हैं। इससे पहले वह इस बैनर के साथ सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी हिट फिल्मों में काम कर चुके हैं। वैसे तो फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की कास्ट में बेबी देओल भी शामिल हो गए हैं।



रामायण के चलते नागार्जुन ने टाली 'इटलु अर्जुन' की रिलीज

नई दिल्ली। डायरेक्टर महेश उप्पला की अपकमिंग रोमांटिक एंटरटेनर फिल्म 'इटलु अर्जुन'की रिलीज डेट टल गई है।फिल्म में अनीश और अनस्वरा राजन लीड रोल में नजर आएंगे। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म अब 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रीलीज नहीं होगी। हालांकि, नई रिलीज डेट का ऐलान जल्द किया जाएगा। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर रिलीज टलने की जानकारी दी। मेकर्स ने लिखा, 'हमें यह बताते हुए अफसोस हो रहा है कि 'इटलु अर्जुन' तय योजना के मुताबिक 30 अक्टूबर को रिलीज नहीं होगी। बता दें देशभर में 5 नवंबर को रामायण भी रिलीज हो रही है। ऐसे में एक कारण रणबीर कपूर की फिल्म भी हो सकती है, जिसका देश ही नहीं विदेशों में भी खूब बोल-बोला देखने को मिल रहा है। नई रिलीज डेट का ऐलान बहुत जल्द किया जाएगा। तब तक हम इस युवा टीम के लिए आपके प्यार और सपोर्ट की उम्मीद करते हैं। भरोसा रखिए, अर्जुन का प्यार सिनेमाघरों में दोगुने धमाके के साथ सुनाई देगा। मेकर्स ने अपनी पोस्ट में आगे बताया कि फिल्म को तेलुगु स्टार नागार्जुन प्रस्तुत कर रहे हैं, जबकि इसका म्यूजिक एस. थमन ने तैयार किया है। हालांकि, रीलीज टलने की वजह का खुलासा नहीं किया गया है।'इटलु अर्जुन'को मशहूर डायरेक्टर वेंकी कुदुमुला अपने प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, तेलुगु सिनेमा के स्टार नागार्जुन इस फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं. फिल्म के जरिए महेश उप्पला बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं, जबकि अनीश हीरो के तौर पर अपनी पहली फिल्म से दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म में अनस्वरा राजन फीमेल लीड रोल में हैं।



सस्पेंस से लेकर कॉमेडी और एक्शन तक पिटेगा 'ढिंढोरा'

इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। नई फिल्में और सीरीज दस्तक देंगी। इस हफ्ते दर्शकों को पारिवारिक मनोरंजन देखने को मिलेगा। इसके अलावा कॉमेडी का डोज मिलेगा। साथ ही हॉरर और रोमांस का भी तड़का लगने वाला है।



ढिंढोरा सीजन 1: भुवन बाम की हिट कॉमेडी सीरीज 'ढिंढोरा' सीजन 1 अक्तूबर के आखिरी वीक में स्ट्रीम होने को तैयार है। बता दें कि यह चर्चित सीरीज साल 2021 में भुवन बाम के यूट्यूब चैनल पर मुफ्त रिलीज हुई थी। अब 28 अक्टूबर से यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

बत्था : सुपरस्टार विजय सेतुपति की फिल्म 'बत्था' भी इस वीक ओटीटी पर आ रही है। नेटफ्लिक्स पर यह 29 अक्टूबर से स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह फिल्म पहली अक्टूबर को थिएटर्स में सजी थी। एक महीने से भी कम वक्त में यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ रही है। 'बत्था' को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

मीठे में क्या है: अगर आपको फैमिली ड्रामा से भरपूर किसी फिल्म का इंतजार है, जिसे आप फेस्टिव सीजन में परिवार के साथ बैठकर देख सकें, तो यह शानदार विकल्प है। 'मीठे में क्या है' इस वीक ओटीटी पर धमाका करेगी। इसमें संयुक्त परिवार और उनके बीच के चैलेंज और सपोर्ट सिस्टम को बखूबी दिखाया गया है। यह फिल्म 30 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। बात करें कास्ट की तो राधिका बंसल निर्देशित फिल्म में ऋत्विक भौमिक, रोहिणी हट्टंगड़ी और आयशा रजा मिश्रा जैसे सितारे हैं।

इमोर्टल : यह एक तमिल भाषा की हॉरर-रोमांटिक फिल्म है, जो 04 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, कायादु लोहार और टी.एम. कार्तिक अहम भूमिका में हैं। अब यह ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 30 अक्टूबर से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी। ओटीटी पर यह तमिल के अलावा हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में भी उपलब्ध होगी।

अक्का: कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे स्टारर गैंगस्टर सीरीज 'अक्का' भी इस वीक को खास बनाएगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इसकी कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा।

अवराचन एंड संस

बिजू मेनन की यह मलयालम फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। बिजू मेनन के अलावा इसमें श्रीनाथ भासी, गणपति एस. पोदुवाल और ग्रेस एंटनी भी अहम भूमिकाओं में हैं।

खबर संक्षेप

सिग्मा एडवांस्ड को 174 करोड़ का रक्षा ऑर्डर

हैदराबाद। सिग्मा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड को उत्तरी अमेरिका के नाटो रक्षा तंत्र से जुड़े एक ग्राहक से 19.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब 174 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इसके तहत कंपनी 155 एमएम तोपखाने के गोला-बारूद के लिए विशेष सहायक सब-सिस्टम का निर्माण और आपूर्ति करेगी। ऑर्डर 2027 की दूसरी तिमाही तक पूरा किया जाना है।

जेके मैक्स को 'जेके नैचुरल्स ऑरा' लांच

नई दिल्ली। जेके मैक्स पेंट्स ने पर्यावरण अनुकूल पेंट्स की नई रेंज 'जेके नैचुरल्स ऑरा' लांच की है। कंपनी के अनुसार, इसे भारत का पहला 'नेचर लवर्स पेंट' बताया गया है। इसमें 40 प्रतिशत से अधिक पर्यावरण अनुकूल सामग्री का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें 10 प्रतिशत से अधिक बायो-बेस्ड इमल्शन शामिल है। यह रेंज 2,000 से अधिक रंगों में उपलब्ध होगी।

एशियन पेंट्स का कैंपेन 'तैयारी शुरू, त्योहार शुरू'

नई दिल्ली। एशियन पेंट्स ने दिवाली की खुशियों और तैयारियों को दर्शाने वाली अपनी संगीतमय विज्ञापन फिल्म 'तैयारी शुरू, त्योहार शुरू' पेश की है। यह कैंपेन त्योहार से पहले घरों में होने वाली साफ-सफाई, रंग-रोगन के बीच परिवार के साथ बिताए जाने वाले खुशनुमा पलों को उजागर करता है। एशियन पेंट्स के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक अमित सिंगल ने कहा कि दिवाली केवल त्योहार नहीं, बल्कि एक भावना है।

'धनतेरस शगुन' अभियान 26 अक्टूबर से 8 नवंबर तक

धनतेरस पर सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स का बड़ा ऑफरः सोने पर 14,000 रुपए तक की छूट, हीरों पर 36 फीसदी डिस्काउंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


सुवंकर सेन

धनतेरस पर सोना और आभूषण खरीदने की तैयारी कर रहे ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपना विशेष फेस्टिव ऑफर 'धनतेरस शगुन' लॉन्च किया है। कंपनी के इस अभियान में सोने के आभूषणों पर प्रति 10 ग्राम 14,000 तक की छूट और प्राकृतिक हीरों की कीमत पर 36 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। ऑफर 26 अक्टूबर से 8 नवंबर 2026 तक कंपनी के सभी शोरूम में उपलब्ध रहेगा।

नए सोने के आभूषण खरीदने पर जीरो फीसदी कटौती की सुविधा भी पेश

नियम और शर्तों के अधीन 7,500 रुपए तक की तत्काल छूट

त्योहारी खरीदारी के बीच कंपनी ने पुराने सोने के बदले नए सोने के आभूषण खरीदने पर 0 फीसदी कटौती की सुविधा भी पेश की है। इसके अलावा, प्रत्येक खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार और लकी ड्रॉ के जरिए 1.20 करोड़ मूल्य के सोने तथा आईफोन 18प्रो सहित आकर्षक पुरस्कार जीतने का अवसर दिया जाएगा। एसबीआई क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करने वाले ग्राहकों को नियम और शर्तों के अधीन 7,500 रुपए तक की तत्काल छूट भी मिलेगी।

छूट और उपहार से ग्राहकों को लुभाने की रणनीति

सेन्को गोल्ड लिमिटेड के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक सुवंकर सेन ने कहा कि धनतेरस समृद्धि, आशावाद और नई शुरुआत का प्रतीक है। कंपनी का उद्देश्य 'धनतेरस शगुन' के जरिए ग्राहकों के त्योहार को खास बनाना और आभूषण खरीदारी को यादगार अनुभव बनाना है। कंपनी की निदेशक एवं मार्केटिंग और डिजाइन प्रमुख जोइता सेन के मुताबिक, अभियान में आकर्षक डिजाइन, पारंपरिक कारीगरी और विशेष ऑफर्स को एक साथ पेश किया गया है। कंपनी ने ग्राहकों से ऑफर की विस्तृत शर्तें शोरूम पर जांचने की अपील की है। विशेष रूप से अधिकतम छूट, लकी ड्रॉ की पात्रता और कार्ड ऑफर की लागू शर्तों की पुष्टि के बाद खरीदारी करना ग्राहकों के लिए फायदेमंद रहेगा।

सीआईआई मंचः सरकार व उद्योग मिलकर काम करें

प्रशिक्षण संस्थानों को आधुनिक बनाएं और युवाओं को रोजगार दें: मंत्री लोढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र के कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने उद्योग जगत से राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को आधुनिक बनाने और युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को बदलती तकनीक और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित करने के लिए सरकार और उद्योगों को मिलकर काम करना होगा। मंत्री लोढ़ा मुंबई में भारतीय उद्योग परिसंघ की ओर से आयोजित सातवें वैश्विक शिक्षा सम्मेलन 2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कंपनियों से नए युवाओं को रोजगार के अवसर देने, कौशल विकास में सहयोग करने और प्रशिक्षण व्यवस्था को मजबूत बनाने की अपील की।


सातवें वैश्विक शिक्षा सम्मेलन 2026 का उद्घाटन करते हुए

प्रशिक्षण संस्थानों के आधुनिकीकरण में सहयोग करें

मंत्री ने उद्योग जगत से सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के आधुनिकीकरण में सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण और उभरती तकनीकों का ज्ञान भी मिलना चाहिए। इससे वे बदलते रोजगार बाजार की चुनौतियों का सामना करने और वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार हो सकेंगे।

नए युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर देने पर जोर

लोढ़ा ने कंपनियों से नए युवाओं और पहली बार नौकरी तलाश रहे अभ्यर्थियों के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि उद्योगों को कौशल प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और रोजगार सृजन में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, ताकि शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों के युवा उद्यमियों और स्थानीय स्तर पर नए प्रयोग करने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया।

आरोहण ने शुरू की ऋण पर 1.25 फीसदी तक ब्याज दर में छूट

भोपाल। प्रौद्योगिकी आधारित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) और सूक्ष्म वित्त संस्था आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने अपने मौजूदा पात्र ऋणधारकों के लिए नए ऋण पर 1.25 प्रतिशत तक ब्याज दर में छूट देने की विशेष योजना शुरू की है। यह सीमित अवधि की योजना 2 अक्टूबर 2026 से प्रभावी है। इसका उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमियों को त्योहारी सीजन में कारोबार बढ़ाने और ग्राहकों की बढ़ती मांग का लाभ उठाने में सहायता देना है। त्योहारी सीजन छोटे कारोबारियों के लिए महत्वपूर्ण होता है। आरोहण के प्रबंध निदेशक मनोजकुमार एन. नांबियार ने कहा कि त्योहारी सीजन सूक्ष्म उद्यमियों के लिए कारोबार बढ़ाने के अवसर लेकर आता है। इस दौरान उन्हें स्टॉक बढ़ाने और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त पूंजी की जरूरत होती है।

■ सूक्ष्म उद्यमियों कारोबारियों के लिए महत्वपूर्ण

संबलपुर रेल मंडल में सतर्कता जागरुकता सप्ताह

रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों को दिलाई ईमानदारी और जवाबदेही की शपथ



सत्यनिष्ठा की शपथ लेते हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ संबलपुर

भ्रष्टाचार की रोकथाम और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 की शुरुआत हुई। सोमवार को सम्बलपुर स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर के प्रगति धारा में आयोजित समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ लेकर ईमानदारी और नैतिक आचरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मंडल रेल प्रबंधक सुबाष सी. चौधरी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने अपने कार्यों में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने तथा सार्वजनिक सेवा में उच्च नैतिक मानकों का पालन करने का संकल्प लिया।

पारदर्शी कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर जोर

समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोक सेवा में पारदर्शिता को बढ़ावा देने, अपने दायित्वों का निष्पक्षता से निर्वहन करने और भ्रष्टाचार की रोकथाम में सक्रिय योगदान देने की शपथ ली। कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे के दैनिक कामकाज में नैतिक मूल्यों को मजबूत करना और कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा।

आईसीआईसीआई लाइफ का गारंटीशुदा इंडेक्स्ड पेंशन प्लान लॉन्च

जबलपुर। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने गारंटीशुदा इंडेक्स्ड पेंशन प्लान लॉन्च किया है। यह योजना सेवानिवृत्ति के बाद आजीवन गारंटीशुदा आय के साथ निफ्टी 50 टोटल रिटर्न इंडेक्स से जुड़ी परिवर्तनीय आय का अवसर प्रदान करती है। कंपनी के मुख्य उत्पाद अधिकारी विकास गुप्ता ने कहा कि बढ़ती जीवन प्रत्याशा और खर्चों को देखते हुए स्थिर आय के साथ निवेश वृद्धि की संभावना वाले पेंशन समाधान जरूरी हैं। इस योजना में ग्राहक 60 से 100 प्रतिशत तक गारंटीशुदा एन्युटी चुन सकते हैं। इसमें सिंगल और जॉइंट लाइफ विकल्प, खरीद मूल्य की वापसी तथा मासिक, त्रैमासिक, छमाही और वार्षिक भुगतान की सुविधा है। योजना के एन्युटी एडवांस फीचर के तहत अगले पांच वर्षों की गारंटीशुदा एन्युटी का 99 प्रतिशत तक हिस्सा एकमुश्त प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही स्वास्थ्य प्रबंधन और वेलनेस सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। कंपनी के अनुसार, यह योजना ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा और भविष्य की बेहतर योजना बनाने में मदद करेगी।

बजट बिगड़ा तो ग्राहक कम खरीदारी कर रहे

दिवाली पर ड्राई फ्रूट्स की महंगाई का तड़का बादाम-पिस्ता-अखरोट 30 फीसदी तक महंगे


वाणिज्य प्रतिनिधि, ⏭ भोपाल

दिवाली की मिठास पर ड्राई फ्रूट्स की महंगाई भारी पड़ने लगी है। त्योहार से पहले बादाम, पिस्ता और अखरोट की कीमतों में पिछले साल के मुकाबले 20 से 30 प्रतिशत तक उछाल आने से ग्राहकों का बजट बिगड़ गया है। महंगे होते सूखे मेवों के बीच अब लोग खरीदारी में मात्रा घटाकर खर्च संभालने की कोशिश कर रहे हैं। उपहार में 250 ग्राम बादाम देने वाले ग्राहक अब 100 या 200 ग्राम के पैक से काम चला रहे हैं। हालांकि, कीमतों में तेजी के बावजूद व्यापारियों को दिवाली पर कारोबार बढ़ने की उम्मीद है।

महंगाई की मार, खरीदारी का बदला अंदाज

ड्राई फ्रूट्स की बढ़ती कीमतों का असर बाजार में ग्राहकों की खरीदारी पर साफ दिखाई दे रहा है। पसंद वही है, लेकिन बजट के हिसाब से पैक का वजन बदल रहा है। स्थानीय व्यवसायी अशोक कुकरेजा के मुताबिक, पहले उपहार के लिए 250 ग्राम बादाम खरीदने वाले ग्राहक अब अपनी जेब के अनुसार 100 या 200 ग्राम के पैक चुन रहे हैं। यानी महंगाई ने खरीदारी बंद नहीं कराई, लेकिन मात्रा जरूर घटा दी है। बाजार जानकारों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय व्यापार में आ रही बाधाएं सूखे मेवों की कीमतों में बढ़ोतरी की प्रमुख वजहों में शामिल हैं। ईरान और अफगानिस्तान जैसे देशों से बादाम तथा अन्य सूखे मेवों की आपूर्ति प्रभावित होने की बात कही जा रही है। आपूर्ति में दिक्कतों के बीच कीमतों में तेजी ने त्योहार के सीजन में ग्राहकों की चिंता बढ़ा दी है। कीमतें बढ़ने के बावजूद व्यापारियों को इस दिवाली ड्राई फ्रूट्स की बिक्री पिछले साल की तुलना में करीब 10 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है।

टाटा मोटर्स का फेस्टिव सर्विस कैंप 14 नवंबर तक चलेगा

मुंबई। त्योहारों के मौसम में ग्राहकों की यात्रा को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से टाटा.कार्स ने दिवाली 2026 के लिए देशव्यापी फेस्टिव सर्विस कैंप शुरू किया है। यह कैंप देशभर में टाटा की अधिकृत वर्कशॉप्स पर 14 नवंबर 2026 तक चलेगा। इसमें एयर कंडीशनिंग सिस्टम, बैटरी की स्थिति, टायर, व्हील अलाइनमेंट, इंजन ऑयल और कूलेंट का स्तर तथा इलेक्ट्रिकल सिस्टम की जांच शामिल है। त्योहारी ऑफर के तहत ग्राहक टाटा की आईसीई और इलेक्ट्रिक वाहनों की पूरी रेंज के लिए एक्सटेंडेड वारंटी, टाटा मोटर्स जेनुइन एक्सेसरीज (टीएमजीए) और रोडसाइड असिस्टेंस (आरएसए) पर 10 प्रतिशत की फ्लैट छूट का लाभ उठा सकते हैं।

कार्यालय अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कालेज जबलपुर
क्रमांक/क्रय/.स्वा/2026 / 10268 जबलपुर, दिनांक 21/10/2026

निविदा सूचना

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर द्वारा संस्थान की अनुपयोगी (अपलेखन योग्य/स्क्रैप) सामग्री के विक्रय हेतु पात्र एवं इच्छुक निविदाकारों से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें, महत्वपूर्ण तिथियाँ, निविदा शुल्क, धरोहर राशि (EMD) तथा अन्य आवश्यक जानकारी दिनांक 27.10.2026 से मध्यप्रदेश ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल (https://mptenders.gov.in/) पर उपलब्ध रहेगी। इच्छुक निविदाकार निर्धारित समय-सीमा के भीतर केवल ऑनलाइन माध्यम से अपनी निविदाएँ प्रस्तुत कर सकेंगे।

अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कालेज जबलपुर
G-20551/26

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला - बालाघाट (म. प्र.)
क्र./निविदा/2026 / 9336 बालाघाट,दिनांक 19/10/2026

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट के अन्तर्गत अधिनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं (सीएचसी / पीएचसी / सिविल अस्पताल) हेतु नॉन बायोमैडिकल उपकरण / फर्नीचर का सुधार कार्य एवं वार्षिक रखरखाव अनुबन्ध किये जाने हेतु द्वितीय ऑनलाइन ई - निविदा आमंत्रित की जाती है ।

निविदाओं से संबंधित समस्त विवरण, जिसमें उपकरणों एवं शर्तों का उल्लेख है, को M.P. E Tender पोर्टल में देखकर निविदा में भाग लिया जा सकता है। उक्त निविदाओं को निर्धारित दिनांक 27 अक्टूबर 2026 को समयावधि 04:00 बजे से ऑनलाइन भरना होगा । निविदा के दस्तावेजों को अंतिम तिथी दिनांक 10 नवम्बर 2026 सायं 04:30 बजे तक ऑनलाइन जमा किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। तकनीकी प्रस्ताव को दिनांक 13 नवम्बर 2026 दोप 03:30 बजे जिला, निविदा सह क्रय समिति के समक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कक्ष में खोला जावेगा, निविदाकार स्वयं उपस्थित रह सकते है। निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार जिला क्रय समिति का होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला - बालाघाट (म. प्र.)
G-20546/26

राशिफल

मेष कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

वृष कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

मिथुन आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि

कर्क अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कन्या कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

तुला दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

वृश्चिक आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

धनु कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।


मकर वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

मीन शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।


ओप्पो फाइंड एक्स10 सीरीज लॉन्च

नई दिल्ली। ओप्पो इंडिया ने नई फाइंड एक्स10 सीरीज के तहत फाइंड एक्स10 और फाइंड एक्स10 प्रो मैक्स स्मार्टफोन लॉन्च किए हैं। इनमें हैसलब्लैड के सहयोग से विकसित कैमरा तकनीक, 8000 एमएएच तक की बैटरी और नया कलरओएस 17 दिया गया है। प्रो मैक्स में ट्रिपल 200 मेगापिक्सल कैमरा और 2 एनएम मीडियाटेक डाइमेंसिटी 9600 प्रो प्रोसेसर है। ओप्पो इंडिया की कम्युनिकेशंस प्रमुख गोल्डी पटनायक ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य फोटोग्राफी, वीडियो निर्माण और एआई सुविधाओं को बेहतर बनाना है। सीरीज में 144 हर्ट्ज डिस्प्ले और फास्ट चार्जिंग की सुविधा भी है।कंपनी ने 8.8 इंच का ओप्पो पैड मिनी, डाइनऑडियो के सहयोग से विकसित ओप्पो एन्को एक्स4 ईयरबड्स और 10,000 एमएएच का पावर बैंक भी पेश किया है। फाइंड एक्स10 की शुरुआती कीमत 1,39,999 रुपये, प्रो मैक्स की 1,99,999 रुपये, पैड मिनी की 94,999 रुपये, एन्को एक्स4 की 19,999 रुपये और पावर बैंक की 2,199 रुपये है। कंपनी ने ईएमआई, कैशबैक, एक्सचेंज बोनस और प्रीमियम गिफ्ट बॉक्स सहित विभिन्न ऑफर भी घोषित किए हैं।





शब्द पहेली - 6390



बाएँ से दाए-
1. दयालु, उदार-5
4. गगन, आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा, गाऊन-3
9. छुट्टी, अवकाश-2
10. आबे हयात, काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना, भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत, बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम, सूरी-5
22. दुत्कारना, डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर, सवेरा-3
28. मूल्य, कीमत-2
29. महीन, बहुत छोटा-3
30. फूंक, दम, सुट्टा -2
32. झंकार, प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता, ज्वर-2
36. ओट, चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर, सना हुआ-4
39. निर्माता, रचना करने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. कैदी, बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत, तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई, चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली, रिक्त-2
16. लाईन, पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन, दरिद्र-3
21. लश्कर, फौज-2
22. नष्ट, अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय, धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा, अभिलाषा-3
35. राह, मार्ग-2
37. टैक्स, हाथ-2

शब्द पहेली - 6389 का हल



सूडोकु नवताल- 6400

मध्यम

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6399 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली और हरियाणा से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
हरिभूमि
सहेली
जबलपुर, मंगलवार
27 अक्टूबर 2026
12
विशेष
करवा चौथ
29 अक्टूबर



प्रगतिशील भाव संग परंपरा के प्यारे रंग

पति के मंगलमय जीवन के लिए मनाया जाने वाला पर्व करवा चौथ, अब अपने परंपरागत रूप से उबर कर मनाया जाने लगा है। अब पत्नी ही निराजल व्रत नहीं रहती, पति भी अपनी पत्नी के सुखी जीवन के लिए व्रत रखते हैं, साझा दायित्व निभाने का संकल्प करते हैं। जीवनसाथी का यह प्रगतिशील भाव सिर्फ दांपत्य जीवन को ही नहीं, संपूर्ण परिवार को खुशहाल बना रहा है।



मन का उत्सव

गांवों से लेकर शहरों तक अब भी इस सुहाग पर्व को महिलाएं बहुत उत्साह और मनोयोग से मनाती हैं। हर परंपरा को पूरे दिल से निभाती हैं। नव-विवाहिता बहू-बेटियों का सहज-स्नेह के साथ रीति-रिवाज से परिचय कराती हैं। उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाने वाला यह पारंपरिक पर्व, सही मायने में स्त्रीत्व का उत्सव है। वैवाहिक जीवन में संबंधों से मिला स्नेह-समझ का भाव इस उल्लास को और खुलकर जीने का मौका देता है।

आज की भागम-भाग भरी जिंदगी में करवा चौथ का व्रत भावनाओं को साझा करने का सुंदर अवसर-सा है। पति-पत्नी के बीच सामंजस्य और परिपक्वता को बढ़ावा देने वाला यह भावपूर्ण और खूबसूरत त्योहार बहुत से दंपतियों का पसंदीदा पर्व है। असल में इन छोटे-छोटे कई सकारात्मक बदलावों से घर-परिवार में रिश्तों को लेकर नई समझ को स्थान मिल रहा है। जो औपचारिकताओं से परे अपनेपन से सिंचित वैवाहिक जीवन का मजबूत आधार बन रहे हैं। इसीलिए कह सकते हैं कि करवा चौथ पति-पत्नी के दिल से जुड़ा उत्सव है। जिसे दोनों पूरे मन से मनाते हैं। इससे दोनों को खुशी महसूस होती है।



आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

हालिया बरसों में परंपरागत पर्वों को मनाने का अंदाज पूरी तरह बदल गया है। रीति-रिवाज का स्वरूप तो पुराना ही है, लेकिन निभाने के तौर-तरीके नए हैं। शादीशुदा जिंदगी में जीवनसाथी की भावनाओं को एक-दूजे से जोड़ने वाला करवा चौथ का व्रत भी अब नए अंदाज में मनाया जाने लगा है। यह बदलाव पति-पत्नी के जुड़ाव को और मजबूती देने वाला है। साथ व्रत करने, उपहार देने और औपचारिकताओं से दूर घर-परिवार से जुड़ने का यह अंदाज प्रेम और परवाह दोनों को लिए है। परंपरा के रंग और प्रगतिशील भाव-चाव मिलकर उत्सवी सहजता और स्नेह को पोसने का काम कर रहे हैं।

उपवास से जुड़ी साझी अनुभूतियां

आज युवा जोड़े, करवा चौथ के पर्व को जज्बाती समझ के साथ मनाते दिखते हैं। पत्नियों के साथ पति अब भी व्रत रखते हैं। थोड़ा समय निकाल कर जीवनसंगिनी की मान-मनुहार करते हैं। यही कारण है कि समय के साथ रीति-रिवाज और परंपराओं में आए बदलाव ने जीवनसाथी की कुशलकामना के भाव को और गहरा कर दिया है। सही मायने में देखा जाए तो रिश्तों में आए खुलेपन की सोच ने इस जुड़ाव को और बल दिया है। इसी सहजता के कारण करवा चौथ जैसे त्योहारों को मनाना महिलाओं को भी बंधन नहीं बल्कि उत्सव-सा लगता है। खासकर युवतियां इस नए रंग-ढंग से बहुत खुश हैं। पति का इन परंपराओं के निर्वहन में भागीदार बनना भी प्यारा-सा पहलू है। कभी लोक परंपरा को निभाने के लिए मनाया जाने वाला करवा चौथ का व्रत आज पति और पत्नी दोनों के लिए स्नेह को व्यक्त करने का पर्याय बन गया है। ऐसे में इस व्रत से जुड़े अनुष्ठान का परंपराओं के खांचे से निकलकर सहज-सरल बनना बेहद सुखद है।

परिवार की कुशलकामना

पति के दीर्घायु की कामना से जुड़ा करवा चौथ का व्रत पारिवारिक मोर्चे पर शुभता चाहने से भी जुड़ा है। दंपतियों के रिश्ते की खुशहाली पूरे परिवार की सुख-शांति से जुड़ी होती है। ऐसे में परिवार और रिश्तों की बेहतरी का भाव लिए यह पर्व पूरे समाज को आपसी जुड़ाव का संदेश देता है। मिलकर कथा सुनतीं, मेहंदी लगातीं, सजती-संवरती, बड़ों से आशीष लेती महिलाएं पर्वों के माध्यम से समाज जोड़ने का ही सुंदर पुल बनाती हैं। a



जिम्मेदारियों का साझा निर्वहन

जज्बातों को समझने वाला जीवनसाथी जब जिम्मेदारियां भी बांटने लगे, तो कुशल कामना के भाव बहुत आत्मीय होते हैं। आस्था का आधार इन भावनाओं को और पावन बनाता है। यह वाकई एक बड़ा बदलाव है कि पति और पत्नी दोनों ही अपने जीवनसाथी को शक्ति स्तंभ, दोस्त और सलाहकार समझने लगे हैं। इसी समझ में आपसी सम्मान के भाव को भी बढ़ाया है। पति-पत्नी का साथ जीवन भर का साथ होता है। इस जुड़ाव में खुशियां ही नहीं बांटीं जातीं, जिम्मेदारियों के साझे निर्वहन की सोच भी होनी चाहिए। पहले व्रत, उत्सव पर भी घर के काम-काज का दायित्व केवल महिलाओं के हिस्से ही आता था। अब ऐसे पर्व-त्योहारों पर घर के पुरुष भी काम में हाथ बंटाते हैं। युवा अपनी काम-काजी जीवनसंगिनी के थकाने वाले शेड्यूल को समझते हैं। इसके चलते संबंधों में आ रही समानता की यह सोच वास्तविक धरातल पर भी दिखने लगी है। यही वजह है कि करवा चौथ जैसे पारंपरिक त्योहार में स्नेह के साथ आपसी समझ भी नजर आती है।

दांपत्य जीवन में भरें प्यार के रंग

मंगलमय दांपत्य जीवन के लिए मनाए जाने वाले पर्व करवा चौथ के दिन सिर्फ पूजा आराधना ही नहीं हो, पति-पत्नी कुछ ऐसी बातें भी अमल में लाएं,जो उनके जीवन में मधुरता घोले, प्रगाढ़ बनाए। इसके लिए दंपतियों को कुछ बातें अमल में लानी होंगी।

सलाह
प्रतिभा अग्निहोत्री



करवा चौथ का पर्व सिर्फ पति की लंबी उम्र के लिए रखा जाने वाला व्रत ही नहीं है, बल्कि यह पति-पत्नी के रिश्ते में आपसी समझ को और अधिक गहरा करने का अवसर भी है। अपने दांपत्य जीवन में प्रेम के खूबसूरत रंग भरकर और अधिक प्रगाढ़ कैसे बनाएं, जानें।

दांपत्य जीवन में संतुलन बनाए रखने का संकल्पः पति-पत्नी एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं, अगर ये जीवन रूपी पथ पर साथ-साथ संतुलन बनाकर नहीं चलेंगे, तो दांपत्य की गाड़ी डगमगाकर पलट जाएगी। इसलिए परस्पर समझदारी से इसके संतुलन को बनाए रखना बेहद जरूरी है। दो व्यक्तियों के विचारों, स्वभाव और रुचियों में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन हमेशा ध्यान रखें कि ये मतभेद कभी मनभेद न बनने पाएं। दूसरे को पूरी तरह बदलने के स्थान पर जब पति-पत्नी दोनों ही खुद को बदलने का प्रयास करते हैं, तो गृहस्थी में संतुलन बना रहता है, दांपत्य की गाड़ी बेहद स्थिरता से जीवन पथ पर निर्बाध दौड़ती है। इस करवा चौथ पर पति-पत्नी दोनों ही बहुत प्यार से संकल्प लें कि वे अपने दांपत्य जीवन की गाड़ी का संतुलन कभी बिगड़ने नहीं देंगे। घर-परिवार से जुड़े निर्णय परस्पर सहयोग और समझदारी से लेंगे।



बिताएं एक-दूसरे के साथ प्यार भरे पलः करवा चौथ पर ऑफिस से छुट्टी लेकर एक-दूसरे को भरपूर समय दें। मोबाइल फोन से दूरी बनाकर एक साथ कुछ मीठे पल बिताएं, कुछ अपनी कहें और कुछ दूसरे की सुनें। साथ-साथ बिताए गए कॉलेज टाइम के समय को याद करें। अगर आपके पास एक-दूसरे के कुछ पुराने पत्र या फोटोग्राफ हैं, तो उन्हें निकालकर देखें और पढ़ें। इन पत्रों और फोटोग्राफ्स की भावनाएं आपको एक बार फिर एक-दूसरे के प्रति प्यार की ऊर्जा से भर देंगी।

इमोशंस को करें सेलिब्रेटः करवा चौथ के दिन एक-दूसरे के इमोशंस को भी सेलिब्रेट करें। अपने पार्टनर के प्रति उन सभी इमोशंस को व्यक्त करें, जो आप आज तक अपने पति से नहीं कह पाई हैं। आप इसके लिए कागज पर लिखकर या फिर मोबाइल फोन के टेक्सट मैसेज का सहारा ले सकती हैं। इस दिन एक-दूसरे की पसंद-नापसंद का विशेष ध्यान रखें। अगर पिछले दिनों किसी बात पर अनबन या बहस होने से आप दोनों एक-दूसरे से नाराज चल रहे हैं, तो इस दिन सारे मतभेद भूलकर करवा चौथ को सेलिब्रेट करें। एक यादगार दिन बिताएं।

भविष्य की योजनाएं बनाएंः आप किसी भी उम्र की हों, इस दिन बीते समय की कड़वीं यादों को भूलकर आगे आने वाले समय को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास करें। बच्चों की पढ़ाई, शादी, आर्थिक योजनाएं और रिटायरमेंट की प्लानिंग पर खुलकर बातचीत करें। बातचीत करते समय ध्यान रखें कि भले ही कितने भी मतभेद हों, आप इसे बहस और वाद-विवाद तक न पहुंचने दें। दूर की सोचकर अपनी योजनाएं बनाएं और सुखद भविष्य की राह बनाएं।

खामियां नहीं खूबियां गिनेंः पति-पत्नी दोनों ही करवा चौथ के दिन एक-दूसरे की कमियां देखने के स्थान पर खूबियां गिनें। जब आप एक-दूसरे की खूबियां गिनना शुरू करेंगी, तो उनका उजला पक्ष आपके सामने होगा, सारी खामियां स्वतः धूमिल हो जाएंगी। एक-दूसरे की खूबियों की तारीफ से, प्यार को महसूस करने से करवा चौथ पर आपका दांपत्य जीवन फूलों सा खिल उठेगा, जिसकी महक से पति-पत्नी दोनों को एक अलग तरह की खुशी मिलेगी।

सरप्राइज प्लान करें: करवा चौथ के दिन को यादगार बनाने के लिए एक-दूसरे के लिए कुछ सरप्राइज प्लान करें। जरूरी नहीं है कि आप कोई महंगा गिफ्ट ही खरीदें, एक छोटा-सा बुके, पेन, ब्रांडेड पर्स, सूट या साड़ी भी आपकी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए काफी हो सकता है। a

मेकअप करें ऐसा दमके चांद सा चेहरा

मेकअप
निधि गोयल

करवा चौथ के खास अवसर पर हर महिला चाहती है कि उसका लुक सबसे खूबसूरत नजर आए। इसके लिए परफेक्ट आउटफिट से लेकर मेकअप तक, हर बात मायने रखती है। मेकअप को आकर्षक और लंबे समय तक बरकरार रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

स्किन बेस करें तैयारः चेहरे को माइल्ड फेस वॉश से साफ करने के बाद हल्का मॉयश्चराइजर लगाएं। अगर दिन में बाहर जाना है, तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। इसके बाद कुछ मिनट स्किन को सेट होने दें।

प्राइमर को न करें इग्नोरः मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में प्राइमर काफी मददगार हो सकता है। इसे खासतौर पर टी-जोन, नाक और उन हिस्सों पर लगाएं, जहां त्वचा जल्दी ऑयली हो जाती है। बहुत ज्यादा प्राइमर लगाने के बजाय इसकी पतली लेयर लगाएं। इससे मेकअप सही तरह से टिका रहता है।



बेस न हो ज्यादा हैवीः त्योहार के दिन हैवी बेस लगाने के बजाय ऐसा फाउंडेशन चुनें, जो आपकी स्किन टोन से मैच करता हो। इसे स्पंज या ब्रश की मदद से अच्छी तरह ब्लेंड करें। जहां ज्यादा कवरेज की जरूरत हो, वहां कंसीलर का इस्तेमाल करें। बहुत मोटी लेयर लगाने से कुछ घंटों बाद बेस क्रैक या पैची दिखाई दे सकता है। इसलिए जरूरी है कि हल्की और पतली लेयर लगाएं।

पावडर से करें मेकअप सेटः फाउंडेशन और कंसीलर लगाने के बाद हल्के ट्रांसलूसेंट पावडर से मेकअप को सेट करें। खासकर नाक, माथे और ठुड्डी जैसे ऑयली हिस्सों पर ध्यान दें। इससे एक्स्ट्रा ऑयल को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।

स्मज-प्रूफ आई मेकअपः आप जब चेहरे पर बेस बना लें, तो उसके बाद आई मेकअप करें। लंबे समय तक आई मेकअप को मेंटेन करने के लिए वॉटरप्रूफ या लॉन्ग-वियर आईलाइनर और मस्कारा चुनें। आई शैडो लगाने से पहले आई प्राइमर या थोड़ी-सी कंसीलर की पतली लेयर इस्तेमाल की जा सकती है। इससे आई-शैडो को बेहतर बेस मिल सकता है।

लॉन्ग-लास्टिंग लिपस्टिकः लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉयश्चराइज करें। इसके बाद लिप लाइनर से होंठों को आउटलाइन करके उसी से हल्का फिल करें और फिर लिपस्टिक लगाएं। लंबे समय तक टिके रहने के लिए मैट या लॉन्ग-वियर फॉर्मूला चुन सकती हैं।

मेकअप सेटिंग स्प्रेः अंत में मेकअप होने के बाद मेकअप सेटिंग स्प्रे करें। इसे चेहरे से थोड़ी दूरी पर रखकर लगाएं और फिर मेकअप को अपने आप सूखने दें। इससे मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा, आपका रूप दमकता रहेगा। a

(मेकअप एक्सपर्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

करवा चौथः ऐसी हो आपकी सरगी

डाइट सजेशन
रितिका समादार
चीफ डाइटीशियन
मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली

करवा चौथ के दिन सुबह व्रत से पूर्व खाई जाने वाली सरगी हेल्थ के लिए बहुत मायने रखती है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि सरगी में आप क्या खा सकती हैं और किसे अवॉयड करना चाहिए?

आने वाले गुरुवार को आप करवा चौथ व्रत रखेंगी। आपने पूरे उत्साह के साथ इसकी तैयारी शुरू कर दी होगी। इसके साथ ही आपको अपने खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर सरगी में आपको क्या लेना चाहिए, इस बारे में जानिए। करवा चौथ में सूर्योदय चंद्रोदय तक लगभग 15 घंटे का निर्जल उपवास होता है। व्रत वाले दिन सूर्योदय से पहले यानी सुबह 4-5 बजे सरगी खाने की परंपरा है। इस लंबे उपवास से पहले खाया जाने वाला भोजन बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे न केवल पूरे दिन कार्यों को करने की एनर्जी मिलती है, बल्कि डिहाइड्रेशन, एसिडिटी और थकान से भी बचाव होता है।

पर्याप्त तरल पदार्थः इस व्रत में सुबह से रात में चांद निकलने तक पानी पीना भी मना होता है, इसलिए सरगी के समय सादा पानी, नीबू पानी और नारियल पानी का सेवन करें। इससे आपका शरीर हाइड्रेट रहेगा और गला सूखने की समस्या नहीं होगी। लस्सी, छाछ या दूध का भी एक ग्लास ले सकती हैं।



लो डाइजेस्टिव कार्ब-प्रोटीनः सरगी में ऐसे कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन से जुड़ी चीजों का सेवन करना चाहिए, जिनका पाचन धीमी गति से होता है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि इससे अगले दिन भी आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा और भूख नहीं लगेगी। इसके लिए ड्राई फ्रूट्स या नट्स के साथ बना हुआ दलिया, खीर या सिंवईं बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा कम ऑयल में बना हुआ पनीर का परांठा भी आपको भरपूर एनर्जी देगा। ऐसी चीजों के सेवन से आपके शरीर को पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम और प्रोटीन का पोषण मिल जाएगा।

फलों का सेवनः सेब, पपीता, अनार, संतरा और तरबूज जैसे फल नेचुरल शुगर, फाइबर और विटमिन से भरपूर होते हैं। इनके सेवन से शरीर में पानी की कमी भी दूर होती है। केला पोटेशियम से भरपूर होता है, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बनाए रखता है। अनार, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर होता है। निर्जला व्रत से पहले सरगी में फलों का सेवन करने से अगले दिन शरीर में पानी की कमी महसूस नहीं होती।

डेयरी प्रोडक्ट्सः दूध, दही, पनीर, लस्सी और छाछ भी कैल्शियम और प्रोटीन के बहुत अच्छे स्रोत हैं। दही में मौजूद प्रोबायोटिक तत्व पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं और इससे पेट में ठंडक बनी रहती है। चाहें तो नट्स के साथ दही का भी सेवन कर सकती हैं। अगर आप वीगन डाइट लेना चाहती हैं, तो नारियल या बादाम के दूध का सेवन कर सकती हैं।

क्या न करें: बहुत ज्यादा मीठी डिशेज का सेवन करने से शरीर में इंसुलिन की मात्रा बढ़ जाती है और इससे ज्यादा भूख लगती है। तेज नमक वाली चीजें खाने से बचें, इससे डिहाइड्रेशन की समस्या होती है और ज्यादा प्यास लगती है। जहां तक संभव हो चाय-कॉफी से दूर रहें या इनका सेवन बहुत सीमित मात्रा में करें। इनके ज्यादा सेवन से गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। ज्यादा घी, तेल या मिर्च मसाले वाली चीजों से भी दूर रहें, इससे अगले दिन पेट में भारीपन और पाचनतंत्र से सबंधी समस्या हो सकती है। अगर आप इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो व्रत के दौरान कोई समस्या नहीं होगी। a

प्रस्तुतिः विनीता



दोहरे शतक से चूके पडिक्कल, भारत-ए ने न्यूजीलैंड-ए पर कसा शिकंजा

एजेंसी ▶▶| लिंकन

देवदत्त पडिक्कल सोमवार को भले ही विवादास्पद फैसले से दोहरे शतक से चूक गए लेकिन उनकी 199 रन की शानदार पारी से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज को लेकर चल रही बहस पर विराम लग गया। इसके साथ ही भारत ए ने शानदार वापसी करके न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली।

भारत ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी ने 8 विकेट पर 488 रन बनाए हैं और उसने 284 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम पहली पारी ने 113 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ए ने 317 रन बना कर 204 रन की बढ़त हासिल की थी।

अंपायर के निर्णय से पडिक्कल हैरान

पडिक्कल तब दोहरे शतक से चूक गए जब उन्हें मध्यम गति के गेंदबाज जैक गिब्सन की गेंद पर लेग साइड में विकेट के पीछे कैच आउट दिया गया। जब अंपायर ने उंगली उठाई तो पडिक्कल हैरान रह गए और उन्होंने हाव-भाव से यह जताने की कोशिश की कि गेंद उनके बल्ले से नहीं लगी। वे वहीं अवाक खड़े रहे और फिर डगआउट की ओर चले गए। इस मैच में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) या स्निकोमीटर का उपयोग नहीं किया जा रहा है और इसलिए पडिक्कल के पास वापस जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। पडिक्कल ने अपनी पारी में 248 गेंदों में 23 चौके और 3 छक्के लगाए।

भारत ए ने तीसरे दिन 8 विकेट पर बनाए 488 रन, हासिल की 284 रन की बढ़त

न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में मजबूत की अपनी स्थिति



टेस्ट में पडिक्कल की तीसरे नंबर पर जगह पक्की

श्रीलंका में लगातार दो टेस्ट शतक लगाने के बाद पडिक्कल ने तीसरे नंबर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली थी, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला से पहले टीम प्रबंधन ने फिट हो चुके साई सुदर्शन को भी आजमाना चाहा, जिन्होंने प्रभावशाली 91 रन बनाए। उन्होंने पडिक्कल के साथ तीसरे विकेट के लिए 210 रन की साझेदारी की। सुदर्शन ने अपनी 184 गेंदों की पारी में 12 चौके लगाए, लेकिन दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों में से पडिक्कल अपने शॉट चयन और पारी को गति देने के तरीके में अधिक बेहतर नजर आए। पडिक्कल ने शॉर्ट बॉल को अच्छी तरह खेला और बाएं हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स के खिलाफ अपने पैरों का इस्तेमाल किया, जिन्हें उन्होंने अपने तीन छक्कों में से दो छक्के मारे। अपने पहले छक्के से उन्होंने शतक भी पूरा किया।

पडिक्कल और राठौड़ की 142 रन की साझेदारी

पडिक्कल को यश राठौड़ (72 गेंदों में 66 रन) के रूप में अच्छा सहयोगी मिला। इन दोनों ने मिलकर 142 रन की साझेदारी की। पडिक्कल ने लेनोक्स की गेंद पर अपना दूसरा छक्का लॉन्ग-ऑन के ऊपर मारा और फिर तेज गेंदबाज फ्रेजर शीट की गेंद पर स्क्वायर लेग के ऊपर से एक और छक्का लगाया। जब पडिक्कल और राठौड़ आउट हुए तब भारत की बढ़त 165 थी, लेकिन वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 51) ने अंशुल कंबोज (23) के साथ 41 रन की साझेदारी की और फिर औकिब नबी (38) के साथ 69 रन और जोड़े।

खबर संक्षेप



गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में बनाया दबाव : ब्रैसवेल

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल ने कहा कि भारतीय गेंदबाजों ने मौजूदा टी20 श्रृंखला के दौरान डेथ ओवरों में उनके बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा है, जो उनकी टीम का पहला दो मैच में हार का प्रमुख कारण रहा है। ब्रैसवेल ने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्होंने हमें दबाव में रखा, खासकर गेंदबाजी करते हुए डेथ ओवरों में। इन दोनों मैच में काफी रन बने इसलिए उन्होंने एकतरफा जीत हासिल नहीं की। इस तरह के मैचों में महत्वपूर्ण अवसरों पर अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी होता है। भारत ने ऐसा किया और उम्मीद है कि आगे हम ऐसा करने में सफल रहेंगे।' भारतीय गेंदबाजों ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के आखिरी दो ओवरों में 26 रन दिए और दूसरे मैच के आखिरी दो ओवरों में 23 रन देकर मेजबान टीम को नियंत्रण में रखा। लेकिन ब्रैसवेल का मानना है कि न्यूजीलैंड अपना संपूर्ण प्रदर्शन करने के लगभग करीब है।

शादाब खान ने 9 विकेट गिरने के बाद पलटा मैच



लाहौर। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच वनडे मुकाबले में ऐसा रोमांच देखने को मिला, जिसने क्रिकेट प्रशंसकों को हैरान कर दिया। 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 154 रन पर 9 विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड की जीत लगभग तय मानी जा रही थी, लेकिन शादाब खान ने आखिरी विकेट के लिए हारिस रऊफ के साथ मिलकर मैच का रुख बदल दिया। शादाब 96 गेंदों में 113 रन बनाकर नाबाद लौटे और पाकिस्तान को एक विकेट से जीत दिला दी। शादाब की इस शानदार पारी में 13 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। दूसरी ओर, हारिस रऊफ ने दूसरे छोर पर टिककर उनका साथ दिया। दोनों के बीच हुई साझेदारी ने पाकिस्तान को मुश्किल परिस्थिति से निकालकर जीत तक पहुंचा दिया।

भारत के पास गेंदबाजों के लिए अचूक योजना : मोर्कल



वेलिंगटन। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि भारत के पास गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के लिए 'अचूक' योजना है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए वैकल्पिक गेंदबाजों को भी रखने पर विचार कर रहा है, जिसमें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी शामिल हैं। भारतीय टीम प्रबंधन ने अपने गेंदबाजों के लिए यह योजना तैयार की है ताकि उन्हें 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैचों वाले इस दौरे के व्यस्त कार्यक्रम से निपटने में मदद मिल सके।

तीसरा टी20 आज : न्यूजीलैंड के खिलाफ भुवनेश्वर और अर्शदीप पर निगाहें

सीरीज सील करने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

बल्लेबाजों के दम पर पहले दो मैचों में जीत हासिल करने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ मंगलवार को होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी, जिसमें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी।

भारत 2020 से न्यूजीलैंड में अजेय

भारत 2020 से न्यूजीलैंड में अजेय रहा है। उसने विराट कोहली की अगुवाई में तब न्यूजीलैंड को 5-0 से हराया था। इसके बाद 2022-23 में अपने अगले दौरे में भारतीय टीम ने एकमात्र ऐसा मैच जीता, जो खराब मौसम से प्रभावित नहीं हुआ था, जबकि श्रृंखला का निर्णायक मैच टाई रहा था। अब श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम सुनिश्चित करना चाहेगी कि जसप्रीत बुमराह (जिन्हें आराम दिया गया है) और हार्दिक पंड्या (जो लंबे समय से चोट के कारण बाहर हैं) की अनुपस्थिति के बावजूद उनका अजेय रिकॉर्ड बरकरार रहे।



न्यूजीलैंड के शीर्ष बल्लेबाजों पर दबाव

न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों फिन एलन, टिम सीफर्ट और डैरिल मिचेल के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। इन तीनों बल्लेबाजों ने अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है और जैसे-जैसे श्रृंखला आगे बढ़ रही है उन पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। न्यूजीलैंड की तरफ से मध्य क्रम में ग्लेन फिलिप्स ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने पहले दोनों मैच में अर्धशतक बनाया। पिछले मैच में बेवन जैकब्स ने भी अच्छी बल्लेबाजी की।

ईशान तीसरे टी20 से बाहर

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने सोमवार को कहा कि चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच के दौरान 28 वर्षीय किशन के दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। मोर्कल ने कहा कि वह एहतियात के तौर पर तीसरे मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। मोर्कल ने कहा, 'ईशान की स्थिति अच्छी है और वह आज अभ्यास करेगा।

भारत की चुनौती आसान नहीं

क्राइस्टचर्च में खेले गए शुरुआती दो मैचों में बड़े लक्ष्य हासिल करने के बाद टीम निश्चित रूप से सही राह पर दिख रही है। भारत के लिए हालांकि चुनौती आसान नहीं है क्योंकि न्यूजीलैंड की टीम वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी और इसके अलावा यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना भी आसान नहीं होगा। भारतीय टीम को तीन तरफ से खुले बेसिन रिजर्व ग्राउंड पर अक्सर चलने वाली तेज हवाओं से निपटना होगा। क्या इस तरह की परिस्थितियों को देखते हुए अंतिम एकादश में कोई रणनीतिक बदलाव किया जाएगा, इस बारे में भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कोई खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि चार साल बाद वापसी करने वाले भुवनेश्वर को बिना दबाव में आए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी लय हासिल करने की जरूरत है।

गौतम गंभीर की रणनीति कारगर

यह देखना दिलचस्प होगा कि अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन हवा और ठंड के उतार-चढ़ाव से कैसे निपटते हैं। सूर्यवंशी के लिए इस तरह की परिस्थितियां निश्चित रूप से उन्हें एक बेहतर खिलाड़ी बनाने में बहुत मददगार साबित होंगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर की तिलक वर्मा, नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी को मध्य क्रम में इस्तेमाल करने की रणनीति पहले दो मैचों में कारगर साबित हुई है। लेकिन गेंदबाजी के मामले में भारत अभी अपनी कमियों को दूर नहीं कर पाया है।

फिशर-टिकनर न्यूजीलैंड टीम में शामिल

न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाजों के लिए कार्यभार प्रबंधन योजना के तहत लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की अनुपस्थिति भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। न्यूजीलैंड ने इन दोनों की जगह पर मैट फिशर और ब्लेयर टिकनर को टीम में शामिल किया है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30

चोल शतरंज ओपन

32 ग्रैंडमास्टर लेंगे हिस्सा 30 अक्टूबर से टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत के सूर्य शेखर गांगुली, लियोन ल्यूक मेंडोंका और दिमित्रिस एलेक्साकिस सहित देश-विदेश के कई दिग्गज ग्रैंडमास्टर 30 अक्टूबर से शुरू होने वाले पहले चोल चेस ओपन इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र होंगे।

8 दिन तक चलने वाली यह प्रतियोगिता 7 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। इसमें फिडे रेटिंग प्राप्त 80 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें 32 ग्रैंडमास्टर शामिल हैं। इनमें 20 भारतीय और अन्य शतरंज महासंघों का प्रतिनिधित्व करने वाले 12 ग्रैंडमास्टर होंगे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों की रेटिंग 2250 या उससे अधिक है जबकि इनमें से 75 खिलाड़ियों के पास फिडे खिताब हैं। लगभग 2400 ईएलओ की औसत रेटिंग के साथ यह टूर्नामेंट भारत में आयोजित होने वाली सबसे मजबूत ओपन शतरंज प्रतियोगिताओं में से एक बनने की उम्मीद है।



बैडमिंटन

आज से हाइलो ओपन, सिंधु और लक्ष्य पर भारतीय उम्मीदें



एजेंसी ▶▶| सारब्रकेन

फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहने के बाद पीवी सिंधु मंगलवार से शुरू होने वाले 5 लाख डॉलर इनामी हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी तो उनकी नजरें अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने पर होंगी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीता था और इसके बाद पेरिस में फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, खिताबी मुकाबले में उन्हें दक्षिण कोरिया की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा था। सिंधु महिला एकल के पहले दौर में तुर्किये की नेस्लिहान आरिन से भिड़ेंगी।

लक्ष्य का सामना जोकिम ओल्डोर्फ से

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन का सामना फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से होगा जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी की भिड़ंत चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगी। एचएस प्रणय को पहले दौर में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त और मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस के एलेक्स लेनियर से होगा। किरण जॉर्ज का सामना मलेशिया के चियाम जून वेई से होगा जबकि थारुन मान्नेपल्ली की भिड़ंत फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त टोमा जूनियर पोपोव से होगी।

मिडफील्डर मनप्रीत टूर्नामेंट से बाहर, सागर को मौका

आज से एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

जालंधर। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 से ठीक पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम को झटका लगा है। अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ट्रेनिंग के दौरान पिंडली में चोट लगने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर विवेक सागर प्रसाद को टीम में शामिल किया गया है। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 की शुरुआत मंगलवार से होगी, जिसमें भारत अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी कर रहा है। खिताब के लिए भारत के अलावा मलेशिया, जापान, चीन, साउथ कोरिया और बांग्लादेश की टीमें भी हिस्सा लेंगी।

भारत का पहला मैच बांग्लादेश से

भारत अपना पहला लीग मैच 27 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद भारत का मुकाबला चीन (29 अक्टूबर), जापान (30 अक्टूबर), मलेशिया (1 नवंबर) और साउथ कोरिया (2 नवंबर) से होगा। जालंधर में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलने वाले लीग चरण के बाद, टूर्नामेंट मोहाली के 'ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम' में शिफ्ट हो जाएगा। यहां 4 और 5 नवंबर को सेमीफाइनल और मेडल के लिए मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के इस नौवें संस्करण में हिस्सा लेने वाली टीमों में से, भारत (जिसने रिकॉर्ड पांच बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीती है) के अलावा केवल साउथ कोरिया ने यह ट्रॉफी अपने नाम की है।

रणजी ट्रॉफी : गोल्डन डक पर आउट पोरेल, मुश्किल में बंगाल की टीम

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

मंगलपुरम स्थित केसीए क्रिकेट ग्राउंड पर रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के मुकाबले में बंगाल की टीम मुश्किल में नजर आई।

केरल के खिलाफ बारिश से बाधित और चुनौतीपूर्ण पहले दिन बंगाल के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट (गोल्डन डक) हो गए। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी केरल की टीम ने शुरुआती नमी का पूरा फायदा उठाया और पोरेल के विकेट के साथ मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली।



आदित्य सरवटे ने बिगाड़ा खेल

बंगाल के लिए सलामी बल्लेबाज अंकुर पॉल ने 66 रनों की जुझारू पारी खेलकर टीम को संभाला था। लेकिन इसके बाद केरल के स्टार स्पिनर आदित्य सरवटे ने मैच का पासा पलट दिया। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करने उतरे पोरेल से पारी संभालने की उम्मीद थी, लेकिन सरवटे ने अपनी पहली ही गेंद पर उन्हें चकमा देकर कैच आउट करा दिया। सरवटे की घातक फिरकी के सामने बंगाल का मिडिल ऑर्डर ताश के पत्तों की तरह बिखर गया और उन्होंने दिन का खेल खत्म होने तक 38 रन देकर 3 अहम विकेट झटके।

रोमांचक मुकाबले में बार्सिलोना को 2-1 से चटाई धूल

एमबाप्पे ने मैड्रिड के लिए पूरे किए 100 गोल

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

ला लीगा के मुकाबले में रियल मैड्रिड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एफसी बार्सिलोना को 2-1 से शिकस्त दी। मैड्रिड के जीत के नायक किलियन एमबाप्पे रहे, जिन्होंने इस मुकाबले में 2 गोल दागते हुए क्लब की ओर से अपने 100 गोल भी पूरे किए।

मैच की शुरुआत जूड बेलिंगहम के शानदार खेल से हुई। उन्होंने बेहतरीन तरीके से गेंद को घुमाते हुए अर्दा गुलेर को पास दिया, जिन्होंने आगे एडुआर्डो कामाविंगा के लिए मौका बनाया। इसके बाद किलियन एमबाप्पे ने चतुराई दिखाते हुए गेंद को पाउ कुबारसी के पास से निकाल दिया, जिससे मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी।



पहले हाफ में रियल मैड्रिड का दबदबा

पहले हाफ में रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को ज्यादा मौके नहीं दिए और उसके हमलों को अच्छी तरह रोके रखा। मैड्रिड के 1-0 की बढ़त लेने से पहले अर्दा गुलेर को भी दो अच्छे मौके मिले थे। मैच के सिर्फ चार मिनट बाद उनका पहला शॉट गोल पोस्ट से कुछ सेंटीमीटर दूर निकल गया। 14 मिनट बाद उन्हें दूसरा मौका मिला, जिसे जोन गार्सिया ने बचा लिया। 41वें मिनट में मैड्रिड की टीम ने शानदार तालमेल दिखाते हुए गोल का सूखा खत्म किया। यान डायोमांडे ने एक बेहतरीन क्रॉस दिया। हालांकि, गेंद को क्लियर करने की कोशिश में जेरार्ड मार्टिन से टकराकर गेंद एमबाप्पे के पास चली गई, जिन्होंने अपनी दाएं पैर से उसे गोल में पहुंचा दिया।

मोरिन्हो की टीम ने किया 'एल क्लासिको' अपने नाम

88वें मिनट में जोस मोरिन्हो की टीम ने एक शानदार मूव के जरिए 'एल क्लासिको' अपने नाम कर लिया। इसकी शुरुआत जूड बेलिंगहम के बेहतरीन रूलेट मूव से हुई। उन्होंने गेंद अर्दा गुलेर को दी, जिन्होंने आगे एडुआर्डो कामाविंगा के लिए मौका बनाया। कामाविंगा ने पाउ कुबार्सी को चकमा देते हुए गेंद किलियन एमबाप्पे तक पहुंचाई। एमबाप्पे ने बिना गलती किए गेंद को गोल में डाल दिया और रियल मैड्रिड के लिए अपने 100 गोल पूरे कर लिए। इस गोल के बाद मैच के अंतिम क्षणों तक मैड्रिड ने अपनी बढ़त बनाए रखी। आखिरकार टीम ने कैंप नोउ में 2-1 की जीत दर्ज करते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए।

याचिकाकर्ता का दावा- वायरस के असर से बदल जाता है बाघ का स्वभाव, 16 नवंबर को अगली सुनवाई

कैनाइन डिस्टेंपर से बाघों की मौत पर हाईकोर्ट सख्त, दो और मौतों की जांच के निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों की संदिग्ध मौतों और कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) के संक्रमण की आशंका को लेकर दायर जनहित याचिका पर गंभीर रुख अपनाया है। सोमवार को चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सितंबर और अक्टूबर में हुई दो बाघों की मौत के कारणों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई 16 नवंबर को निर्धारित की गई है।

मुंबई के चेंबूर निवासी अधिवक्ता सुब्रत चक्रवर्ती की ओर से दायर याचिका में कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों की मौत और वन्यजीवों को संक्रमण से बचाने के लिए किए जा रहे उपायों पर सवाल उठाए गए हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वायरस के प्रभाव का मुद्दा उठाते हुए बताया गया कि संक्रमण से बाघ का स्वाभाविक व्यवहार प्रभावित हो सकता है। वह अपनी सामान्य आक्रामकता और शिकार करने की प्रवृत्ति भी खो सकता है।



दो हजार से अधिक कुत्तों का टीकाकरण

पूर्व की सुनवाई में केंद्र और राज्य सरकार से बाघों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी मांगी गई थी। अदालत के समक्ष राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि कान्हा सहित प्रदेश के अन्य टाइगर रिजर्व के आसपास कुत्तों का टीकाकरण कराया गया है। पूर्व की सुनवाई में सरकार ने दो हजार से अधिक कुत्तों के टीकाकरण की जानकारी भी दी थी। याचिका में केंद्र सरकार की ओर से पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नहीं कराने और टाइगर रिजर्व में रिक्त पदों पर नियुक्तियां नहीं होने का मुद्दा भी उठाया गया है। युगलपीठ ने केंद्र सरकार को धनराशि में कटौती के संबंध में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में संक्रमण का उल्लेख

याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि कान्हा में अब तक 20 बाघों की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस से जुड़ी बताई गई है। इनमें से पांच बाघों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में वायरस को मौत का कारण बताया गया है। दो बाघों को उपचार और निगरानी के लिए मुक्की स्थित वन्यजीव उपचार केंद्र में रखा गया था। याचिका में यह भी कहा गया कि वायरस के प्रसार में संक्रमित कुत्तों और सामूहिक जलस्रोतों की भूमिका हो सकती है, जहां वन्यजीव पानी पीने आते हैं। याचिकाकर्ता ने संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रभावी निगरानी, उपचार और निवारक उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और कर्मचारी चयन आयोग से मांगा जवाब

टीईटी 2024 में अंतिम वर्ष की बाध्यता क्यों

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2024 की नियम पुस्तिका के एक प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका पर कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार और कर्मचारी चयन आयोग से जवाब तलब किया है।मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने राज्य सरकार और कर्मचारी चयन आयोग को आगामी सुनवाई तक अपना जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, अदालत ने याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए आदेश दिया है कि उन्हें विज्ञापन की इस शर्त के आधार पर अयोग्य घोषित न किया जाए। यह पूरी व्यवस्था याचिका के अंतिम आदेश के अधीन रहेगी। मामले की अगली सुनवाई 23 नवंबर को नियत की गई है।

परमानंद गुजराती एवं अन्य की ओर से दायर इस याचिका में टीईटी-2024 के विज्ञापन की उस शर्त को चुनौती दी गई है, जिसके तहत केवल शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अभ्यर्थियों को ही परीक्षा के लिए पात्र माना गया था। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने कोर्ट में तर्क दिया कि विज्ञापन की यह शर्त राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के दिशानिर्देशों और सुप्रीम कोर्ट द्वारा ओमकार सिंह एवं अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले में दिए गए फैसले के विपरीत है। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट दिशानिर्देशों के अनुसार, अध्ययनरत शब्द का अर्थ है कि यदि किसी अभ्यर्थी ने शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश ले लिया है और वह पढ़ाई कर रहा है, तो वह किसी भी वर्ष की बाध्यता के बिना पात्रता परीक्षा में शामिल होने का हकदार है।

कई दावेदार होने पर गुप्त मतदान अनिवार्य

एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव में हाथ उठाकर मतदान पर रोक

जबलपुर। एमपी स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में मतदान की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर गुप्त मतदान की महत्वपूर्ण व्यवस्था की गई है। बार काउंसिल आफ इंडिया के नियमों के अनुसार, किसी पद के लिए एक से अधिक उम्मीदवार होने पर चुनाव गुप्त मतदान के माध्यम से कराया जाना चाहिए। ऐसी स्थिति में हाथ उठाकर मतदान करने के बजाय निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतपत्र से मताधिकार का उपयोग किया जाएगा ।

नियमों के मुताबिक, यदि किसी पद के लिए केवल एक उम्मीदवार विधिवत नामांकित है, तो उसे निर्वाचित घोषित किया जा सकता है। लेकिन एक से अधिक उम्मीदवार होने पर निर्वाचन अधिकारी को गुप्त मतदान की प्रक्रिया अपनानी होती है। मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार के नाम के सामने निर्धारित चिह्न लगाकर मतपत्र के माध्यम से मतदान करता है। गुप्त मतदान का उद्देश्य प्रत्येक मतदाता को बिना किसी दबाव, प्रभाव या सार्वजनिक खुलासे के अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने का अवसर देना है। अधिवक्ता संगठनों के चुनाव में यह व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि मतदाता और उम्मीदवार एक ही पेशेवर समुदाय से जुड़े होते हैं। मतदान की गोपनीयता चुनाव की निष्पक्षता और मतदाता की स्वतंत्रता को मजबूत करती है। बार काउंसिल आफ इंडिया के नियमों में मतपत्र की वैधता, मतों की गणना और निर्वाचन परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया भी निर्धारित है। इसलिए चुनाव के दौरान संबंधित नियमों का पालन आवश्यक है।

जबलपुर में साइबर ठगी के 6 मामले

शिक्षक समेत कई लोगों के खाते से 5.30 लाख रुपये पार

मीशो से मंगाए स्कूल बैग के रिफंड के नाम पर महिला से 98 हजार की ठगी, शिक्षक के खाते से निकले 1.07 लाख रुपये

जबलपुर। शहर में ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। माढ़ोताल और अधारताल थाना क्षेत्रों में दर्ज 6 मामलों में साइबर ठगों ने लोगों के बैंक खातों से कुल साढ़े 5 लाख रुपये से अधिक की रकम पार कर दी। ठगी के शिकार लोगों की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एपीके फाइल डाउनलोड होते ही निकली रकम

गौरीघाट थाना क्षेत्र के ललपुर स्थित शिवराज सिंह नगर नई बस्ती निवासी 29 वर्षीय रोहित लांजेवार ऑटो चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर को उनके मोबाइल में अज्ञात स्रोत से एपीके फाइल डाउनलोड हो गई थी। इसके बाद मोबाइल की स्क्रीन पर सॉफ्टवेयर अपडेट का विकल्प दिखाई देने लगा। कई घंटे बाद भी यह विकल्प नहीं हटा तो उन्होंने मोबाइल चालू कर जांच की। इस दौरान पता चला कि गूगल पे के माध्यम से 48 हजार रुपये और फोन के जरिए 15 हजार 600 रुपये उनके अलग-अलग खातों से निकाल लिए गए हैं। अज्ञात व्यक्ति ने सायबर ठगी कर कुल 63 हजार 600 रुपये हड़प लिए। शिकायत पर ग्वारीघाट पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 64 हजार उड़ाए

दूसरा मामला माढ़ोताल थाना क्षेत्र का है। अमगवां, थाना सिहोरा निवासी और वर्तमान में न्यू बस्ती आईटीआई माढ़ोताल में रहने वाली 24 वर्षीय पूर्वी कुर्मी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने किसी अन्य का रूप धारण कर उनके साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी की और 64 हजार 229 रुपये हड़प लिए। शिकायत पर माढ़ोताल पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319(2) और 308 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धमकी देकर 30 हजार रुपये की ठगी

माढ़ोताल थाना क्षेत्र की ग्रीन सिटी निवासी 30 वर्षीय आकाश कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन माध्यम से चोट पहुंचाने की धमकी देकर उसके साथ वित्तीय धोखाधड़ी की और 30 हजार रुपये हड़प लिए। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

शिक्षक के खाते से 1.07 लाख रुपये गायब

अधारताल थाना क्षेत्र में बिजासन माता मंदिर के सामने रहने वाले 47 वर्षीय दुर्गा प्रसाद मिश्रा, जो शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पनागर में शिक्षक हैं, के बैंक खाते से 1 लाख 7 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को दोपहर 3:10 बजे खाते से 97 हजार रुपये और 22 अक्टूबर को 10 हजार रुपये निकल गए। बैंक से जानकारी लेने के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

रिफंड के नाम पर महिला को लगाया चूना

अधारताल के सुभाषनगर महाराजपुर निवासी 48 वर्षीय सविता मायकल ने मीशो से स्कूल बैग मंगाए थे। 23 अक्टूबर को डिलीवरी के दौरान उन्होंने गूगल पे के माध्यम से 530 रुपये का भुगतान किया, जबकि बैग की कीमत 526 रुपये थी। चार रुपये अधिक लिए जाने की शिकायत करने के लिए उन्होंने इंटरनेट पर मीशो हेल्पलाइन का नंबर तलाश कर संपर्क किया। बातचीत के दौरान कथित तौर पर बैलेंस चेक करने के लिए कहा गया। इसके बाद उनके खाते से 90 हजार और 8 हजार रुपये, कुल 98 हजार रुपये, अरुण कुमार रविदास के खाते में ट्रांसफर हो गए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

व्यवसायी के खाते से 1.28 लाख रुपये ट्रांसफर

सुहागी में रजबाड़ा रेस्टोरेंट के पास रहने वाले 33 वर्षीय राहुल चौबे ने बताया कि वह निजी कंपनी का काम करते हैं। व्यवसाय के सिलसिले में बैंक ऑफ इंडिया की सुहागी शाखा में जानकारी लेने पहुंचे तो पता चला कि खाते में केवल 400 रुपये शेष हैं। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर सामने आया कि 12 अक्टूबर को 98 हजार और 13 अक्टूबर को 30 हजार रुपये खाते से ट्रांसफर हुए थे।

तीन जुआ फड़ों पर पुलिस की दबिश 16 जुआरी गिरफ्तार

जबलपुर। जिले में जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अधारताल और कटंगी थाना पुलिस ने तीन स्थानों पर दबिश देकर 16 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कुल 13,070 रुपये नकद और ताश के पत्ते जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत कार्रवाई की गई। अधारताल पुलिस ने कटरा मोहल्ला में कार्रवाई कर राजेन्द्र पाण्डे, फरहान खान, मोहसिन खान, सोनू बर्मन, मोनू डोंगरे, वसीम खान, सद्धाम मंसूरी और राशिद खान को पकड़ा। इनके पास से 7,800 रुपये जब्त किए गए। कुदवारी में आलोक साहू, विवेक, रोहित कोल, विशाल कोल, सोहेल खान और शहनवाज मंसूरी को जुआ खेलते पकड़ा गया। यहां से एक हजार रुपये जब्त हुए। वहीं, कटंगी पुलिस ने कुंडा नाला के पीछे खेत में दबिश देकर अब्दुल खान (52), धनेश जैन (48), अनिल ठाकुर (42) और आकाश ठाकुर (32) को गिरफ्तार किया।

बिक्री और प्रदर्शन पर प्रतिबंध, उल्लंघन करने पर होगी

कार्बाइड गन सामान्य खिलौना नहीं : एसपी

जबलपुर। दीपावली और अन्य त्योहारों के दौरान कार्बाइड गन से होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए जबलपुर पुलिस ने नागरिकों, अभिभावकों और बच्चों से इसका उपयोग नहीं करने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने स्पष्ट किया है कि जिले में कार्बाइड गन की बिक्री, वितरण और प्रदर्शन पर प्रतिबंध लागू है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार, कार्बाइड गन कोई सामान्य खिलौना नहीं है, बल्कि गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसमें कैल्शियम कार्बाइड और पानी की रासायनिक प्रतिक्रिया से ज्वलनशील एसीटिलीन गैस उत्पन्न होती है। आग लगने पर इससे तेज धमाका हो सकता है, जिससे आंखों, चेहरे और शरीर पर गंभीर चोट लगने के साथ स्थायी नुकसान भी हो सकता है। जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(2) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है, जो पूरे जिले में लागू है। कार्बाइड गन की बिक्री, वितरण या प्रदर्शन करते पाए जाने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 सहित अन्य लागू प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

बच्चों को दूर रखने की अपील

जबलपुर पुलिस ने अभिभावकों से बच्चों को कार्बाइड गन और इसे बनाने में इस्तेमाल होने वाली



सामग्री से दूर रखने की अपील की है। सोशल मीडिया पर वीडियो देखकर इसे बनाने या चलाने का प्रयास नहीं करने की भी सलाह दी गई है। दुकानदारों से कार्बाइड गन को बिक्री या प्रदर्शन के लिए नहीं रखने को कहा गया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि कार्बाइड गन की बिक्री या उपयोग की जानकारी मिलने पर नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें। आपात स्थिति में 112 पर संपर्क किया जा सकता है। कार्बाइड गन से दुर्घटना होने या आंख में चोट लगने पर तत्काल चिकित्सा सहायता लें और आंख को रगड़ने से बचें।



शक्तिपुंज एक्सप्रेस के 2 फेरे रद्द

जबलपुर। पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में दुर्गापुर-वारिया रेलखंड और आण्डल स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज से जुड़े निर्माण कार्य के चलते रेल यातायात प्रभावित होगा। इस कार्य के लिए ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके चलते पश्चिम मध्य रेल से संबंधित जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस के दोनों दिशाओं में एक-एक फेरे निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। रेल प्रशासन के अनुसार, ट्रेन नंबर 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस 21 दिसंबर 2026 को जबलपुर से रवाना नहीं होगी। वहीं, ट्रेन नंबर 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस 23 दिसंबर 2026 को हावड़ा स्टेशन से निरस्त रहेगी।

टीकमगढ़ में लापरवाही और अनियमितताओं का मामला, कोर्ट ने कहा- मुख्यमंत्री जनता के प्रति जवाबदेह, वैधानिक अपील का विकल्प खुला

मुख्यमंत्री के दिए निर्देश पर निलंबन को हाईकोर्ट की मुहर, डिप्टी रजिस्ट्रार की अपील निरस्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट से टीकमगढ़ के सहकारिता विभाग में पदस्थ निलंबित डिप्टी रजिस्ट्रार एसपी कौशिक को राहत नहीं मिली। जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने निलंबन के खिलाफ अपील खारिज करते हुए सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य के मुखिया के रूप में जनता के प्रति जवाबदेह हैं। उनके निर्देश पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निलंबन आदेश को गलत नहीं ठहराया जा सकता।

मामला 24 अगस्त 2026 को जारी निलंबन आदेश से संबंधित है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के टीकमगढ़ प्रवास के दौरान सहकारिता विभाग के कामकाज में लापरवाही और अनियमितताओं का मामला सामने आया था। इसे संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी के निलंबन के निर्देश दिए थे। डिप्टी रजिस्ट्रार एसपी कौशिक ने निलंबन आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सिंगल बेंच से राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने डिवीजन बेंच के समक्ष अपील प्रस्तुत की। इसमें 24 अगस्त 2026 के निलंबन आदेश को निरस्त करने की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जान्हवी पंडित ने पक्ष रखा। डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने मुख्यमंत्री की जनता के प्रति जवाबदेही का उल्लेख करते हुए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निलंबन आदेश को गलत ठहराने से इनकार कर दिया।

देवी जागरण और भंडारे में खूनी संघर्ष, दो महिलाओं समेत आठ घायल

जबलपुर। रांझी थाना क्षेत्र के आजाद नगर में रविवार रात देवी जागरण और भंडारे के दौरान बाइक धीमी चलाने की बात पर विवाद हो गया। आरोप है कि करीब 15 मिनट बाद 6 से 7 युवक लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर लौटे और लोगों पर हमला कर दिया। घटना में दो महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, दुर्गा उत्सव के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इसी दौरान बुलेट सवार दो युवक भीड़ के बीच तेज रफ्तार से निकले। लोगों ने बच्चों और महिलाओं की मौजूदगी का हवाला देते हुए उन्हें बाइक धीमी चलाने की समझाइश दी। इसी बात पर विवाद हुआ। कुछ देर बाद हमलावरों ने लौटकर मारपीट शुरू कर दी, जिससे आयोजन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों में रवि गोटिया, रागिनी गोटिया, पप्पू वर्मा, अनुज कोल, पारस यादव, आदि गोटिया, बिट्टू झारिया और मनीषा गोटिया शामिल हैं। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में समीर वंशकार का नाम मुख्य आरोपी के रूप में सामने आया है। पुलिस ने मामला जांच में लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240